दैनिक
# अमन लेखनी

लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित

RNI-UPHIN/2014/58471



बेटा हो या बेटी...



गर्मी के कारण बढ़ रहे.....

वर्ष : 10 | अंक : 174 | लखनऊ, 03 जून, सोमवार 2024 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

# राष्ट्रीय शिक्षा नीति को शत प्रतिशत लागू कर रोल मॉडल बनें : सीएम योगी

● महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद की सभी संस्थाओं की वार्षिक समीक्षा कर भावी कार्ययोजना तय की गोरक्षपीठाधीश्वर ने

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद की शैक्षिक व चिकित्सकीय समेत सभी संस्थाओं ने हमेशा अपने-अपने कार्यक्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करते हुए समाज और राष्ट्र के हित में अपनी उपयोगिता प्रमाणित की है। इस उत्कृष्टता को आगे बढ़ाते हुए, स्वस्थ प्रतिस्पर्धा करते हुए सभी संस्थाएं परिसर संस्कृति को समृद्ध करने और निरंतर नवाचार पर ध्यान देने की तरफ अग्रसर हों। इस शिक्षा परिषद की संस्थाओं ने सामाजिक सहभाग को भी अपने ध्येय का हिस्सा बनाया है और इसे भविष्य में इसका दायरा और विस्तृत करने की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद की संस्थाओं ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति को अंगीकार करने में अग्रणी भूमिका निभाई है। अब जरूरत है कि हमारी संस्थाएं राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्रावधानों को शत प्रतिशत अपनाकर अन्य संस्थाओं के लिए रोल मॉडल बनें।

सीएम योगी आज महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय, आरोग्यधाम गोरखपुर में महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद की सभी संस्थाओं की वार्षिक समीक्षा और भावी कार्ययोजना को लेकर बुलाई गई बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने एक-एक कर सभी संस्थाओं के प्रमुखों से उनकी सालभर



की गतिविधियों और उपलब्धियों की जानकारी ली और आगामी कार्ययोजना को लेकर उनके लक्ष्यों पर अपने सुझाव दिए। संस्थाओं की तरफ से वार्षिक समीक्षा और भावी कार्ययोजना का प्रस्तुतिकरण पावर प्वाइंट (पीपीटी) डिस्प्ले के जरिये किया गया। बैठक में मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद की संस्थाओं की गतिविधियों की सराहना की और भावी लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए अपनी शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद सिर्फ स्कूल, कॉलेज या अस्पताल खोलने वाली संस्था नहीं है। बल्कि इसका ध्येय शिक्षा, स्वास्थ्य व अन्य सेवाओं के माध्यम से समाज और राष्ट्र के सामाजिक विकास में योगदान देना है। इस परिषद की नींव ही इसी भावना के साथ राष्ट्रीयता की भावना का पोषण करने के लिए, राष्ट्र हित में सुयोग्य नागरिक तैयार करने के लिए रखी गई। परिस्थितियां अनुकूल रही हों, या प्रतिकूल, परिषद इस समग्र लक्ष्य से कभी भी विचलित नहीं हुई।

मुख्यमंत्री ने कहा कि महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद की संस्थाओं में अनुशासित परिसर संस्कृति को सदैव प्राथमिकता पर रखा है। परिषद की संस्थाओं ने इस मामले में अनुकरणीय प्रयास किया है। परिसर में अनुशासन की भावना के साथ, स्वच्छता, हरियाली और सबका सबके प्रति सद्भाव रहे, इसका नियमित पर्यवेक्षण करना सभी संस्थाध्यक्षों की जिम्मेदारी है। उन्होंने शिक्षा संस्थाओं में पठन-पाठन और चिकित्सा संस्थाओं में उपलब्ध सुविधाओं की गुणवत्ता में किसी भी तरह की कोताही न बतरने के निर्देश भी दिए। साथ ही कहा कि समय के साथ और चलने और आगामी समय से तालमेल बैठाने के लिए शोध और नवाचार आज की मांग है। शिक्षा परिषद की संस्थाओं ने शोध और नवाचार को लेकर जो प्रयास किए हैं, वे सराहनीय हैं। शोध और नवाचार को लेकर सतत ध्यान देते रहने की आवश्यकता है। इस अवसर पर उन्होंने शिक्षा परिषद की संस्थाओं की सामाजिक सहभाग की भी समीक्षा की। यह जाना कि सालभर में किस संस्था ने समाज के बीच जाकर किस तरह अपने सामाजिक सरोकारों को निभाया।

## जनता के भरोसे और एसकेएम कार्यकताओं की कड़ी मेहनत से मिली भारी जीत : मुख्यमंत्री तमांग

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

गंगटोक। सिक्किम के मुख्यमंत्री एवं सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा (एसकेएम) के प्रमुख प्रेम सिंह तमांग ने राज्य विधानसभा चुनाव में रविवार को पार्टी की शानदार जीत का श्रेय एसकेएम कार्यकताओं की कड़ी मेहनत और उनकी सरकार के प्रति लोगों के भरोसे को दिया। एसकेएम रविवार को लगातार दूसरी बार सिक्किम में सत्ता में लौटी। उसने 32 सदस्यीय विधानसभा में 31 सीट पर जीत दर्ज की। पार्टी की शानदार जीत के बाद मुख्यमंत्री तमांग ने पार्टी समर्थकों और सिक्किम के मतदाताओं को बधाई दी। उन्होंने गंगटोक के पलजोर स्टेडियम में एक सभा में कहा, ह्यह्ययह लोगों के उस प्यार और विश्वास की वजह से है जिसे हम पिछले पांच साल सरकार में रहते हुए बरकरार रखने में कामयाब रहे हैं। इसके अलावा, पार्टी कार्यकताओं ने कड़ी मेहनत की। अब हम पांच साल और सिक्किम के लोगों के लिए अपना शत



प्रतिशत दे सकते हैं। तमांग ने रहेनोक और सोरेंग-चाकुंग निर्वाचन क्षेत्रों से जीत हासिल की। एसकेएम ने 2019 में 17 सीट जीती थीं और सिक्किम डेमोक्रेटिक फ्रंट (एसडीएफ) को सत्ता से हटा दिया था, जो लगातार 25 साल तक राज्य में सत्ता में रही थी। सिक्किम के पूर्व मुख्यमंत्री और एसडीएफ प्रमुख पवन कुमार चामलिंग ने पोकलोक-कामरंग और नामचेयबुंग विधानसभा सीट से चुनाव लड़ा और उन्हें रविवार को दोनों ही सीट पर हार का सामना करना पड़ा।

**मौसम**

अधिकतम तापमान 43.c

न्यूनतम तापमान 29.c

**बाजार**

सोना 7,077/ g

चांदी 96/ g

सेंसेक्स 75,410.39

निफटी 22,957.10

## ग्राहक सेवा को बेहतर बनाने के लिए एआई का लाभ उठा रही हैं एयरलाइन कंपनियां


एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, भारतीय एयरलाइंस ग्राहक सेवा कर्मचारियों के काम के बोझ को कम करने और यात्रियों को बेहतर सेवाएं देने के लिए कृत्रिम मेधा (एआई) का लाभ उठा रही हैं। एयर इंडिया ने अपनी पांच वर्षीय बदलाव योजना के तहत एआई का व्यापक उपयोग करने की तैयारी की है। इसका जेनरेटिव एआई वर्चुअल एजेंट एआई.जी 1,300 से अधिक विषयों को संभालता है। इसी तरह देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो के पास एआई चैटबॉट 6एस्काई है, जिसमें 1.7 लाख करोड़ मानक हैं, जिससे यह आसानी से सवालों के जवाब दे सकता है। यह बॉट स्पीच-टू-टेक्स्ट मॉडल का उपयोग करके लिखित, टाइप की गई और मौखिक निर्देशों को समझ सकता है। अकासा एयर ने कहा कि वह सभी व्यावसायिक कार्यों में सिद्ध प्रौद्योगिकी समाधानों में भारी निवेश करना जारी रखेगी। दुनिया के सबसे तेजी से बढ़ते नागर विमानन बाजारों में से एक भारत में एयरलाइंस भी अपने बेड़े का विस्तार कर रही हैं। इसके साथ ही विमानन सहित सभी उद्योगों में एआई और मशीन लर्निंग (एमएल) जैसी तकनीकों को अपनाने में वृद्धि हो रही है। एयर इंडिया के मुख्य डिजिटल और प्रौद्योगिकी अधिकारी सत्य रामास्वामी ने पीटीआई-को बताया कि एआई का इस्तेमाल एयरलाइन के प्रौद्योगिकी दृष्टिकोण का एक अभिन्न अंग है और एआई बेहतर ढंग से ग्राहक सेवा अनुरोधों का जवाब दे रहा है।

## बीते 10 वर्षों में मोदी सरकार ने बदल दी अनुसूचित जाती, जनजाति की तस्वीर

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, देश में बीते 10 वर्षों के दौरान हर स्तर पर विकास की बयार बही है। देश में हर श्रेणी, हर स्तर ने किसी ना किसी रूप में विकास का नया चेहरा देखा है जिससे भारत की तस्वीर में बदलाव आया है। इसी कड़ी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 10 वर्षों में मोदी सरकार ने अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग की तस्वीर को बदल दिया है। देश में दलित, वंचित, पिछड़ा वर्ग, आदिवासी को केंद्र सरकार ने उचित सम्मान दिया है। मोदी सरकार की अगुवाई में सभी को नए अवसर मिले है। बीते 10 वर्षों में मोदी सरकार ने भारत में पिछड़े वर्ग की नई गाथा लिखी



है। मोदी सरकार ने एससी एसटी और ओबीसी वर्ग को पक्के घर, मुफ्त अनाज, गैस सिलेंडर, जल और स्वास्थ्य बीमा कवच के साथ न्याय और प्रतिनिधित्व भी दिया है।

आज भारत में इन सुविधाओं की बदौलत ही वंचित वर्ग का कल्याण हुआ है। आज वंचित वर्ग खुद ही खुशहाल बन गया है। वंचित समाज को मिली पक्की छत, जो की पीएम आवास योजना ग्रामीण के तहत एससी और एसटी समाज को एक करोड़ 77 लाख पक्के घर दिए गए है। अनुसुचित जाति और जनजाति वर्ग को नए अवसर मुहैयार हो रहे है। स्वनिधि योजना के अंतर्गत 65 प्रतिशत ऋण एससी, एसटी और ओबीसी के रेहड़ी पटरी दुकानदारों को दिया गया है। विश्वकर्मा योजना के तहत दो लाख 50 हजार से अधिक अभ्यार्थियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

वंचित समाज के युवाओं को भी नए अवसर दिए जा रहे है। हाशिये पर खड़े तबके के युवाओं के बैंक खातों में 720 करोड़ रुपये की वित्तिय सहायता दी गई है। बीते 10 वर्षों में देश में एकलव्य स्कूलों की संख्या 100 से बढ़कर 690 से अधिक हो गई है। देश में अब दलित बहुसंख्यक गावों का विकास भी जोर शोर से किया जा रहा है।

ये कार्य पीएम आदर्श ग्राम योजना के तहत किया जा रहा है। देश में 27 हजार दलित बहुसंख्यक गावों का विकास किया जा रहा है। इसके अलावा डॉक्टर भीमराव अंबेडकर से जुड़े पांच स्थानों को भी पंच तीर्थ के तौर पर विकासित किया जा रहा है। बाबा साहेब के सम्मान में ही ई पेमेंट का नाम भीम ऐप रखा गया है। इसके साथ ही मध्यप्रदेश के सागर जिले में 100 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से संत रविदास मंदिर का निर्माण किया जा रहा है, जो देश का सबसे बड़ा मंदिर है। अयोध्या हवाई अड्डे का नाम भी बदलकर महर्षि वाल्मिकी हवाई अड्डा किया गया है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृढ़ संकल्प का ही नतीजा है कि 70 साल तक सरकारी उपेक्षा का शिकार रहे अनुसुचित जाति, अनुसुचित जनजाति व अन्य पिछड़ा वर्ग तक पहली बार सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचा है।

**संक्षिप्त समाचार**

### जंगली मशरूम खाने से तीन बच्चों की मौत, नौ बीमार

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, मेघालय के पश्चिमी जैंतिया हिल्स जिले में कथित तौर पर जंगली मशरूम खाने से एक ही परिवार के तीन बच्चों की मौत हो गई और नौ अन्य बीमार हो गए। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने इसकी जानकारी दी। उपायुक्त बी एस सोहलिया ने बताया कि यह घटना सैफई गांव में हुई। उन्होंने बताया कि परिवार के 12 सदस्यों ने मशरूम खाया था उनमें से तीन बच्चों की मौत हो गई। शेष लोगों का विभिन्न अस्पतालों में इलाज जारी है। उन्होंने बताया कि मृतकों की पहचान रिवांसाका सुचियांग (8), किटलांग डुचियांग (12) और वानसलन सुचियांग (15) के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि घटना की जांच के आदेश दे दिए गए हैं।

### जनहित इसी में कि एग्जिट पोल का हाल 2004 की तरह होः अशोक गहलोत

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अशोक गहलोत ने एग्जिट पोल (चुनाव बाद सर्वेक्षण) के अनुमानों पर कटाक्ष करते हुए शनिवार को कहा कि जनहित इसी में कि एग्जिट पोल का हाल 2004 की तरह हो। गहलोत ने एग्जिट पोल का जिक्र करते हुए शनिवार रात एक्स पर लिखा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जिस तरह धमकाने वाली का इस्तेमाल परसों की पब्लिक रैली में किया था उसी का असर आज एग्जिट पोल्स में दिख रहा है और चैनल उसी डर में भाजपा को एकतरफा जीतता हुआ दिखा रहे हैं। उन्होंने आगे लिखा, जनहित इसी में है कि एग्जिट पोल्स का हाल 2004 की तरह हो।

## अरविंद केजरीवाल का तिहाड़ जेल में सरेंडर

● कोर्ट ने 5 जून तक बढ़ाई न्यायिक हिरासत

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने उत्पाद शुल्क नीति से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में सुप्रीम कोर्ट द्वारा दी गई अंतरिम जमानत 1 जून को समाप्त होने के बाद आज (2 जून) राष्ट्रीय राजधानी की तिहाड़ जेल में आत्मसमर्पण कर दिया। इससे पहले उन्होंने रविवार को राजघाट जाकर कनॉट प्लेस के हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना की। मंदिर से केजरीवाल राउज एवेन्यू रोड स्थित आम आदमी पार्टी (आप) कार्यालय के लिए रवाना हुए जहां उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं और नेताओं को संबोधित किया।

आप के राष्ट्रीय संयोजक के साथ उनकी पत्नी सुनीता केजरीवाल, पार्टी नेता, जिनमें दिल्ली के मंत्री आतिशी, कैलाश गहलोत और सौरभ भारद्वाज, राज्यसभा सांसद संजय सिंह और संदीप पाठक, और नेता दुर्गेश पाठक, राखी बिड़ला और रीना गुप्ता शामिल थे। दिल्ली कोर्ट ने अरविंद केजरीवाल को 5 जून (बुधवार) तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया है. अदालत ने कहा कि ईडी ने हाल ही में अरविंद केजरीवाल की न्यायिक हिरासत की मांग करते हुए एक आवेदन दायर किया था। अंतरिम जमानत पर होने के



कारण आवेदन लंबित था। आज उनके सरेंडर के बाद राउज एवेन्यू कोर्ट के ड्यूटी जज ने अर्जी ली। संबंधित न्यायिक ने उसे 5 जून तक न्यायिक हिरासत में भेजने का फैसला किया। दिल्ली के सीएम केजरीवाल को लोकसभा चुनाव में प्रचार करने के लिए कथित दिल्ली उत्पाद शुल्क नीति घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में सुप्रीम कोर्ट (एससी) द्वारा दी गई अंतरिम जमानत पर 10 मई (शुक्रवार) को जेल से रिहा कर दिया गया। जमानत की अवधि 1 जून (शनिवार) को समाप्त हो गई, जिस दिन आम चुनाव का सातवां और आखिरी चरण हुआ था।

उन्होंने पार्टी कार्यालय में आम आदमी पार्टी (आप) के नेताओं और कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए केजरीवाल ने कहा, मैं जेल वापस जा रहा हूं, इसलिए नहीं कि मैं भ्रष्टाचार में शामिल था, बल्कि इसलिए कि मैंने तानाशाही के खिलाफ आवाज उठाई। आप नेता ने कहा कि उन्होंने लोकसभा चुनाव के दौरान देश को बचाने के लिए प्रचार किया।

## असम में बाढ़ के कारण अब तक 15 लोगों की मौत, छह लाख प्रभावित

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, असम में बाढ़ की चपेट में आ जाने से तीन और लोगों की मौत होने के बाद मृतकों की संख्या बढ़कर 15 हो गई, जबकि छह लाख से अधिक लोग इस प्राकृतिक आपदा से प्रभावित हैं। एक अधिकारिक बुलेटिन में यह जानकारी दी गई। असम के 11 जिलों में शुक्रवार को प्रभावित लोगों की संख्या 3.5 लाख थी, हालांकि असम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की विज्ञप्ति में बताया गया कि प्रभावित जिलों की संख्या घटकर 10 हो गई है। कछार, हैलाकांडी और करीमगंज जिलों में 28 से 15 मई के बीच बाढ़ और तूफान से एक-एक व्यक्ति की मौत होने की जानकारी मिली है। एएसडीएमए के बुलेटिन में बताया गया कि राज्य की तीन प्रमुख नदियां कोपिली, बराक और कुशियारा में जल स्तर खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। असम में बाढ़ के कारण 6,01,642लोग प्रभावित हैं,जिसमें नागांव सबसे अधिक 2,79,345 लोग प्रभावित हुए हैं। इसके अलावा होजाई जिले में 1,26,813और कछार में 1,12,265 लोग प्रभावित हुए हैं। कुल मिलाकर 41,564 विस्थापित लोगों ने विभिन्न जिलों में स्थापित 187 राहत शिविरों में शरण ली है।

## यह एग्जिट पोल नहीं है, यह मोदी मीडिया पोल है : राहुल गांधी

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, लोकसभा चुनाव को लेकर अधिकांश एग्जिट पोलों में भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) की प्रचंड जीत की भविष्यवाणी की गई है। हालांकि, कांग्रेस इसको लगातार खारिज कर रही है। इन सब के बीच कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भी अपनी प्रतिक्रिया दी है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि यह एग्जिट पोल नहीं है, यह मोदी मीडिया पोल है। यह उनका फैंटेसी पोल है। जब उनसे इंडिया गठबंधन की सीटों की संख्या के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, ₹क्या आपने सिद्धू मूस वाला का गाना 295 सुना है ? 295।

कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा कि हमने अपने पीसीसी अध्यक्षों, मुख्यमंत्रियों,



प्रभारियों और उम्मीदवारों से चर्चा की है, वे सभी बहुत आश्वस्त हैं। यह एग्जिट पोल सरकार के लिए एक फर्जी पोल है। इंडिया गठबंधन को 295 सीटें मिलेंगी और निश्चित रूप से सरकार बनेगी। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा निवर्तमान प्रधानमंत्री, जिस व्यक्ति को 4 जून को निश्चित रूप से जाना होगा, उसने इन सभी चीजों की साजिश रची है और एग्जिट पोल को प्रबंधित किया है। उन्होंने कहा कि एग्जिट पोल और 4 जून के नतीजों में बहुत बड़ा अंतर होगा। इंडिया गठबंधन की कल एक बैठक हुई थी, हमने संख्याओं पर विस्तार से चर्चा की, यह असंभव है कि इंडिया गठबंधन को 295 से नीचे कुछ भी मिलेगा। लगभग सभी एग्जिट पोल में एनडीए को भारी जनादेश मिलने की भविष्यवाणी की गई है, जिसमें बीजेपी अपने दम पर बहुमत हासिल करेगी। इंडिया टुडे-एक्सिस माई इंडिया ने एनडीए के लिए 361-401 सीटों का अनुमान लगाया है, जिसमें बीजेपी ने बंगाल, तेलंगाना और ओडिशा में जीत हासिल की है। उन्होंने कहा कि ये एग्जिट पोल सिर्फ माहौल बनाने के लिए हैं कि इंडिया गठबंधन हार गया है, यह एक मनोवैज्ञानिक खेल है। हम इसका विरोध करेंगे... हम जानते हैं कि हम 4 जून को निवर्तमान प्रधानमंत्री को अलविदा कहेंगे।

## भाजपाई एग्जिट पोल के जरिए जनमत को धोखा दिया जा रहाः अखिलेश यादव

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

लखनऊ । समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने लोकसभा चुनाव के एग्जिट पोल (चुनाव बाद सर्वेक्षण) को भाजपाई एग्जिट पोल करार देते हुए रविवार को कहा कि घपला करने की गुंजाइश बनाने के लिए की गई इस कवायद के जरिए जनमत को धोखा दिया जा रहा है। यादव ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा, एग्जिट पोल का क्रम समझिए- विपक्ष ने पहले ही घोषित कर दिया था कि भाजपाई मीडिया भाजपा को 300 पार दिखाएगा, ताकि घपला करने की गुंजाइश बन सके। आज का ये भाजपाई एग्जिट पोल कई महीने पहले ही तैयार कर लिया गया था। इसे चैनलों ने बस आज चलाया है।



उन्होंने आरोप लगाया कि इस एग्जिट पोल के माध्यम से जनमत को धोखा दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस एग्जिट पोल को आधार बनाकर भाजपाई सोमवार को खुलने वाले शेयर बाजार से जाते-जाते लाभ उठाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा नेता यह बात समझ रहे हैं कि पूरे देश का परिणाम चंडीगढ़ के महापौर पद के चुनाव की तरह बदला नहीं जा सकता क्योंकि इस बार विपक्ष पूरी तरह से सजग है और जनाक्रोश भी चरम पर है। अखिलेश ने कहा, भाजपा से मिले हुए भ्रष्ट अधिकारी भी उच्चतम न्यायालय की सक्रियता देखकर धांधली करने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे। साथ ही वे जनता के क्रोध का भी शिकार नहीं होना चाहते।

उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, इंडिया (इंडियन नेशनल डेवलेपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस) गठबंधन के सभी कार्यकर्ता, पदाधिकारी और प्रत्याशी इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) की निगरानी में एक प्रतिशत भी चूक न करें। इंडिया गठबंधन जीत रहा है इसलिए चौकन्ने रहकर मतगणना कराएं और जीत का प्रमाणपत्र लेकर ही विजय का उत्सव मनाएं। उन्होंने साथ ही कहा कि एग्जिट पोल का आधार ईवीएम नहीं डीएम (जिलाधिकारी) है। उन्होंने कहा, प्रशासन याद रखे कि जनशक्ति से बड़ा बल और कोई नहीं होता

रविवार की शाम को सपा प्रमुख यादव ने एक्स पर अपने दूसरे पोस्ट में कहा चुनाव का नतीजा मतगणना से आएगा, मनगणना से नहीं ! मन की बात चुनाव पर लागू नहीं होती, वहां जन की बात चलती है और जब जागरुक जनता चौकन्नी होती है तो किसी की भी मनमानी नहीं चलती है। यादव ने सिलसिलेवार पोस्ट में कहा जो बेचारे सत्ता के दबाव में टीवी के स्क्रीन पर झूठे आंकड़े देने को मजबूर हैं वो भी अकेले में दबी जुबान में कह रहे हैं कि भाजपा हार रही है। ये विवश लोग चार जून को सही नतीजे आने पर जनता को मुंह दिखा सकें, इसीलिए ये कह रहे हैं कि 13 महत्वपूर्ण राज्यों में कड़ी टक्कर, बाकी राज्यों में तो भाजपा की उपस्थिति वैसे भी शून्य के बराबर है।

## आई फोन सहित तीन मोबाइल फोन व 20 हजार रुपये नकदी पार

लखनऊ। आशियाना थाना क्षेत्र में रहने वाले एक युवक के घर से बेखौफ चोरों ने एक आई फोन सहित तीन मोबाइल फोन व 20 हजार रुपये नकदी पार कर दिया।वही पीड़ित की शिकायत के बीस दिन बाद पुलिस ने चोरी की धारा में मुकदमा दर्ज कर लिया है। आशियाना थाना क्षेत्र स्थित रुचि खण्ड प्रथम शारदा नगर योजना बंगला बाजार निवासी दिनेश कुमार पुत्र सूर्यकुमार ने बताया कि वह पेशे से जन सेवा केन्द्र संचालित करते हैं और उक्त मकान में परिवार संग रहते हैं।बीते 9 मई की सुबह उन्हें सो कर उठने पर चोरी की जानकारी हुई कि उनका आई फोन सहित पिता व बहू का मोबाइल फोन समेत जेब से बीस हजार रुपये चोरी की जानकारी हुई। जिसकी खोजबीन करने के बाद उसने घटना की जानकारी स्थानीय थाने में पुलिस से करी है। वही पीड़ित का आरोप है कि उसने पुलिस की तरफ से कोई कारवाई न होता देख मुख्यमंत्री पोटल पर शिकायत की जिसके पश्चात पुलिस ने चोरी की धारा में मुकदमा दर्ज कर लिया है।आशियाना थाना प्रभारी छत्रपाल सिंह ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश की जा रही है।

## पीटीसी निरीक्षक के बंद मकान से कीमती गहने नकदी चोरी

लखनऊ । कृष्णा नगर कोतवाली इलाके में रहने वाले एक पीटीसी निरीक्षक के बंद मकान को चोरों ने निशाना बना कीमती गहने नकदी चोरी कर फरार हो गए।जिसकी जानकारी होने पर उन्होंने स्थानीय थाने में पुलिस से शिकायत की है। कृष्णा नगर कोतवाली प्रभारी संजय सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र स्थित पंडितखेडा निवासी बृजेश कुमार पाण्डेय के अनुसार वह सीतापुर में पीटीसी निरीक्षक के पद पर नियुक्त हैं है ।बीते 1 जून की दोपहर पत्नी बच्चे कपूरथला अलीगंज बाले हनुमानजी के दर्शन करने के लिए गये थे और जब वह देर शाम वापस लौटे तो उन्हें चोरी की जानकारी हुई।जिस पर पत्नी ने उन्हें चोरी की जानकारी दी। जिसके पश्चात उन्होंने स्थानीय थाने में पुलिस से लिखित शिकायत की है।पुलिस के अनुसार पीड़ित की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश की जा रही है।

# किशोरी को बहला फुसलाकर कर भगा ले जानें वाले दो आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

## शादी का झांसा देकर पांच माह तक करता रहा यौन शोषण

**अमन लेखनी समाचार**

सरोजनीनगर, लखनऊ। बंथरा पुलिस ने एक किशोरी को बहला फुसला कर घर से भगा ले जाने और शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म करने के साथ ही बंधक बनाकर रखने वाले दो आरोपियों को मुखबिर की सूचना पर इलाके से धर दबोचा। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दोनों को जेल भेज दिया है। बंथरा थाना प्रभारी हेमंत राघव के मुताबिक थाना क्षेत्र में रहने वाली 17 वर्षीया किशोरी ने बीती 31 मई को बंथरा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि थाना क्षेत्र के मवई पड़ियाना निवासी सुनील कुमार और उसका साला मूल रूप से रहीमाबाद के भोगलामऊ व वर्तमान में तालकटोरा के मेहंदी खेड़ा निवासी अवधेश कुमार बीती 25 दिसंबर 2023 को पीड़िता को बहला फुसला कर घर से जबरन भगा ले गए थे। तब सुनील ने अवधेश के साथ उसकी शादी करने का झांसा दिया था। इसके बाद बिना विवाह के ही अवधेश पीड़िता के साथ लगातार 5 माह तक जबरन दुष्कर्म करता रहा। इस दौरान फरवरी 2024 में पीड़िता को गर्भवती होने की बात पता चली तो उसने अवधेश की मां को बताया। तब अवधेश की मां




और सुनील ने पीड़िता को जबरन गर्भनिरोधक गोलियां खिलाकर उसका गर्भपात करा दिया। जिस पर पीड़िता को ज्यादा ब्लीडिंग होने से उसकी तबीयत खराब हो गई। इसके बाद अवधेश ने उसे एक निजी अस्पताल में डॉक्टर को दिखाया। जहां डॉक्टर ने जांच करने के बाद उसे मेडिकल कॉलेज में दिखाने की सलाह दी। इस पर अवधेश ने अपनी बहन के आधार कार्ड पर पीड़ित का फर्जी जाली पर्चा बना कर इलाज कराया। आरोप है कि इस दौरान पीड़िता लगातार अपने घर जाने की जिद करती रही, लेकिन आरोपियों ने उसे बंधक बनाए रखा। गत 22 मई को पीड़िता किसी तरह उनके चंगुल से छूटकर अपने घर आ गई। यह जानकारी होने पर आरोपी सुनील, अवधेश और उसके साथ रूपेश व अवधेश की बहन सरिता देवी पीड़िता के घर पहुंचे और उसे जबरन साथ ले जाने के लिए दबाव बनाने लगे। जब पीड़िता ने उनके साथ जाने से मना किया तो आरोपियों ने गाली गलौज करने के साथ उसके साथ मारपीट की और किसी से बताने पर उसे व उसके परिवार को जान से मारने की धमकी दी। जिससे दहशत में आई पीड़िता ने बंथरा थाने पहुंचकर मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस दुष्कर्म व पाक्सो सहित अन्य गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश कर ही रही थी। तभी शनिवार को उसे मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपी अवधेश और सुनील बंथरा में मवई पड़ियाना स्थित नगवा नाले के पास मौजूद हैं। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने दोनों को मौके से पकड़ लिया। पुलिस ने दोनों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए रविवार को उन्हें जेल भेज दिया है।

## दो शातिर अपराधियो पर गैगेंस्टर एक्ट की कार्यवाही



**अमन लेखनी समाचार**

मोहनलालगंज। पुलिस ने डैकेती,लूट,चोरी जैसे आपराधिक कृत्यो में लिप्त दो शातिर अपराधियो पर यूपी गैंगेस्टर एक्ट की कार्यवाही की है।शातिर अपराधी सचिन नायर निवासी राणा प्रताप मार्ग मल्ला हात थाना हजरतगंज व मुकेश सोनकर निवासी रविदासनगर थाना हजरतगंज के खिलाफ रविवार को 2/3 यूपी गैगेस्टर एक्ट के तहत पुलिस ने कार्यवाई की हैं।आरोपी शातिर किस्म के अपराधी है ओर उनके खिलाफ डैकेती,लूट,चोरी समेत अन्य मामलो में कई मुकदमें दर्ज है।इंस्पेक्टर आलोक राव ने बताया दोनो शातिर अपराधियो पर पुलिस कमिश्नर के आदेश पर यूपी गैगेंस्टर एक्ट की कार्यवाही की गयी है।

## यूपी में रिकॉर्ड 29,727 मेगावाट बिजली की आपूर्ति

● उपभोक्ताओं की समस्याओं का किया जा रहा समाधान

**अमन लेखनी समाचार**

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में रिकॉर्ड 29,727 मेगावाट बिजली की आपूर्ति कर नया रिकॉर्ड बनाया गया है। इससे पहले बीते 27 मई को 29,261 मेगावाट बिजली की आपूर्ति की गई थी। यही नहीं राज्य में बिजली उत्पादन में भी बढ़ोतरी हुई है।यूपी के भीतर जो पावर प्लांट चल रहे हैं उसमें 15,788 मेगावाट बिजली का उत्पादन किया गया।बाकी बिजली केंद्रीय पावर प्लांट व अन्य माध्यमों से उपलब्ध कराई गई। यूपी पावर कारपोरेशन लिमिटेड के अध्यक्ष डॉ. आशीष गोयल की ओर से निर्देश दिए गए हैं कि भीषण गर्मी को देखते हुए बिजली उपभोक्ताओं को मांग के अनुसार बिजली उपलब्ध कराने के लिए सभी जरूरी उपाय किए जाएं। उपभोक्ताओं की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाए।उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश राज्य लोड डिस्पैच सेंटर को और आधुनिक बनाया जाएगा। बिजली आपूर्ति की व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। मुख्य अभियंता से लेकर सभी इंजीनियरों को निर्देश दिए गए हैं कि वह फील्ड में रहें और उपभोक्ताओं का फोन उठाकर उन्हें वास्तुस्थिति की पूरी जानकारी दें।ताकि कोई बवाल इत्यादि न हो।

### फोन न उठाने पर मुआवजे का हो प्रावधान

उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश वर्मा ने भीषण गर्मी के बावजूद बिजली इंजीनियरों का फोन न उठने पर आपत्ति जताई है। उन्होंने कहा कि जिस तरह काल सेंटर पर फोन न उठाने पर 50 रुपये प्रतिदिन के हिसाब से मुआवजा देने का प्रावधान है।इसी तहर यूपी पावर कारपोरेशन लिमिटेड भी प्रावधान करे। वहीं 119 टोल फ्री नंबर पर समस्या तभी निस्तारित मानी जाए जब उपभोक्ता को ओटीपी भेजकर उससे इसका सत्यापन करा लिया जाए।

## व्यापार मंडल के संरक्षक बने राष्ट्रीय महासचिव सर्वेश पाठक

**अमन लेखनी समाचार**



लखनऊ :- भारतीय जनता पार्टी अनुषंगिक संगठन के राष्ट्रीय महासचिव सर्वेश पाठक के कार्य कुशलता से खुश होकर तथा व्यापारियों के प्रति संगठनात्मक रुझान देखकर व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रमाकांत गुप्ता ने व्यापारियों की बैठक करते हुए व्यापारी नेताओं के बीच प्रस्ताव रखा हमारे राष्ट्रीय महासचिव सर्वेश पाठक जी काफी ऊजार्वान और युवा नेता के रूप में संपूर्ण भारत में श्रमिकों के हितकारी कार्य करते हैं तथा व्यापारियों को किसी भी प्रकार की समस्या आने पर तत्काल तो हर संभव मदद करते हैं ऐसे ऊजार्वान नेता को हमारा संरक्षक बनाया जाए तो व्यापारियों की रक्षा एवं सहयोग शोषण ना हो सके जिससे हमारे राष्ट्रीय महासचिव सर्वेश पाठक हर संभव मदद करने के लिए सदैव पूरे तन्मयता के साथ मदद करते हैं इस प्रस्ताव को मैं रखता हूं कि श्री सर्वेश पाठक जी को व्यापार मंडल के संरक्षक के रूप में संगठन का सहयोग मिले तो संगठन को मजबूती मिलेगी जिसका सभी व्यापारियों ने एक सुर में समर्थन करते हुए श्री सर्वेश पाठक को संरक्षक के रूप में समर्थन किया और एक दूसरे प्रमुख व्यापारी नेताओं ने सर्वेश पाठक को फोन से बधाई भी दिया प्रदेश अध्यक्ष रमाकांत गुप्ता, प्रदेश महामंत्री नेत्रपाल शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष पीके शर्मा प्रदेश मीडिया प्रभारी कृष्ण त्यागी कोषाध्यक्ष हर्ष गुप्ता सहित प्रमुख व्यापारी नेता श्री पाठक के कार्यालय पहुंच कर सम्मानित करते हुए नए पद की बधाई दिया ऐसे मौके पर श्री पाठक ने कहा कि जो जिम्मेदारी मुझे संगठन के द्वारा दी गई है मैं व्यापारियों के हित के लिए सरकार एवं प्रशासक के साथ संकलन बनाकर सदैव संगठन के हित के लिए कार्य करूंगा बैठक के समापन की घोषणा करते हुए प्रदेश महामंत्री नेत्रपाल शर्मा ने कहा जिस प्रकार सर्वेश पाठक जी ने व्यापारियों की बात सुनकर तत्काल ही बिना समय ग्वाए निस्तारण करने का जो तरीका है यह हमारे व्यापारी नेताओं को पसंद आया ऐसे ऊजार्वान तथा युवा हृदय सम्राट के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए हम सभी व्यापारी नेता उम्मीद करते हैं कि आप संरक्षक के रूप में हम सभी व्यापारी नेताओं का सदैव सहयोग करेंगे, संगठन के अजय मिश्रा प्रदेश मीडिया प्रभारी जी एवं संगठन के सभी पदाधिकारी ने भी माननीय राष्ट्रीय महासचिव श्री सर्वेश पाठक जी को बधाई दी

## संदिग्ध परिस्थितियों में बन्द कमरे के अन्दर पड़ा मिला अधेड़ का शव

**अमन लेखनी समाचार**

सरोजनीनगर, लखनऊ।बंथरा इलाके में रविवार को एक अधेड़ का शव संदिग्ध परिस्थितियों में उसके बन्द कमरे के अन्दर पड़ा मिला।सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के मुताबिक बंथरा के दादूपुर स्थित नई कॉलोनी में रहने वाले मनीष मिश्रा (48) एक निजी कंपनी में सुरक्षा गार्ड की नौकरी करते थे। जबकि उनकी पत्नी अर्चना कानपुर में अपने बेटे के साथ रहकर नौकरी करती हैं। अर्चना ने रोज की तरह शुक्रवार को मनीष से फोन पर बात कर हाल-चाल लिया। लेकिन जब शनिवार को अर्चना ने मनीष को फोन किया तो फोन नहीं रिसीव हुआ।इस दौरान उन्होंने कई बार फोन कर बात करने की कोशिश की, लेकिन मनीष का फोन नहीं रिसीव हुआ। लगातार फोन करने के बाद भी फोन ना रिसीव होने पर अर्चना को संदेह हुआ और अर्चना ने इसकी जानकारी आशियाना के रुचि खंड में रहने वाले अपने ससुर हरगोविंद मिश्रा को दी। इसके बाद हर गोविंद ने भी हाल-चाल लेने के लिए मनीष को कई बार फोन किया, लेकिन मनीष का फोन नहीं रिसीव हुआ। इस पर हरगोविंद रविवार को जानकारी करने के लिए मनीष के घर पहुंचे।जहां मनीष का कमरा अंदर से बंद मिला और उससे भयानक दुर्गंध उठ रही थी। कमरे के अंदर से तेज दुर्गंध उठती देख हरगोविंद ने इसकी सूचना बंथरा पुलिस को दी। सूचना पाकर पहुंची पुलिस मनीष के कमरे का दरवाजा तोड़कर अंदर दाखिल हुई तो मनीष अपने बेड पर मृत अवस्था में पड़ा था और उसके शव से काफी दुर्गंध उठ रही थी। बाद में पुलिस ने जांच पड़ताल कर शव को कब्जे लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।पुलिस का कहना है कि शुरूआती जांच में लग रहा है कि हीट स्ट्रोक से मनीष की मौत हुई है लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का सही कारण स्पष्ट हो सकेगा।

## 4 जून को सबसे पहले आएगा कानपुर सीट का रिजल्ट

### सबसे आखिर में आएगा गाजियाबाद का – यह है वजह

**अमन लेखनी समाचार**

लखनऊ : लोकसभा चुनाव के मतदान संपन्न होने के बाद अब निर्वाचन आयोग मतगणना की तैयारी में जुट गया है।प्रदेश के सभी 80 लोकसभा सीटों के लिए मंगलवार सुबह आठ बजे से मतगणना शुरू होगी, दोपहर बाद से स्पष्ट रुझान और शाम तक परिणाम आने शुरू हो जाएंगे। पोलिंग बूथ की संख्या के आधार पर कानपुर का परिणाम सबसे पहले और गाजियाबाद का सबसे आखिर में आने की उम्मीद है।

मतगणना के लिए प्रदेश के सभी 75 जिलों में कुल 81 केंद्र बनाए गए हैं।80 लोकसभा सीटों के लिए कुल 851 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। जिनमें 771 पुरुष और 80 महिलाएं हैं।सर्वाधिक 28 प्रत्याशी घोसी और सबसे कम चार प्रत्याशी कैसरगंज लोकसभा क्षेत्रों में हैं।मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि मतगणना के लिए त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गई है। पहले स्तर की सुरक्षा मतगणना स्थल से सौ मीटर की परिधि पर होगी, जहां क्षेत्रीय पुलिस बल तैनात रहेगा।

द्वितीय स्तर की सुरक्षा मतगणना स्थल के गेट पर होगी और तीसरे स्तर की सुरक्षा मतगणना हाल की होगी, जिसकी निगरानी केंद्रीय सुरक्षा बल के जवान करेंगे। मतगणना एवं सीलिंग की कार्रवाई सीसीटीवी की निगरानी में की जाएगी।नवदीप रिणवा ने बताया कि मतगणना के लिए 179 प्रेक्षक तैनात हैं।80 लोकसभा क्षेत्रों की मतगणना के लिए 80 रिटर्निंग अफसर और 1581 सहायक रिटर्निंग अफसरों की तैनाती की गई है।

# चोरी करने आया चोर एसी चलाकर सोया, पुलिस बोली चलें गुड मॉर्निंग

**अमन लेखनी समाचार**

राजधानी लखनऊ में अजीबोगरीब चोरी का मामला सामने आया है. घर के अंदर घुसा चोर वारदात को अंजाम दे रहा था. बंद घर में उसने पहले जेवर पर हाथ साफ किया फिर कुछ कीमती सामान बांधा.

वाश बेसिन और टुल्लू पम्प भी उखाड़ लिया, लेकिन हाय ये लखनऊ की उमस भरी गर्मी! उसने एसी चलाकर थोड़ा आराम करना चाहा और वो आराम उसे भारी पड़ गया. नशे में होने की वजह से आंख लगी तो फिर उसे जगाकर पुलिसवालों के सामने उसकी गुड मॉर्निंग हुई और उसे थाने लेकर गई।चोरी की यह अजीबोगरीब वारदात लखनऊ के इंदिरा नगर के सेक्टर 20 में डॉक्टर सुनील पांडेय के



घर की है. वह बलरामपुर अस्पताल में बड़े पद पर रह चुके हैं. इस समय वाराणसी में तैनात हैं. लखनऊ वाला घर बंद पड़ा था. ऐसे में कुछ चोर चोरी करने घर गए. इन लोगों ने सारी अलमारियां तोड़ डालीं. जेवर चुरा लिए. यहां तक कि गैस सिलेंडर, वॉश बेसिन और टुल्लू पंप भी उखाड़ लिया।

### बाकी चोरी घर से भाग निकले

एक चोर नशे में धुत होने होने की वजह से घर में ही सो गया. उसके बाकी साथी भाग निकले. मौके पर पहुंची पुलिस ने चोर कपिल को अरेस्ट कर लिया है. सुबह जब पड़ोसियों ने घर का दरवाजा खुला देखा तो उन्होंने मकान मालिक के साथ ही इसकी सूचना फहअ के पदाधिकारियों को दी. मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई, जिसके बाद घटना की सूचना पुलिस को दी गई।

### वाराणसी में है डॉक्टर की पोस्टिंग

घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने आरोपी कपिल को गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है. बताया जा रहा है की पीड़ित डॉक्टर सुनील पाण्डेय पहले लखनऊ के बलरामपुर अस्पताल में तैनात थे, लेकिन कुछ दिन पहले उनका ट्रांसफर हो गया और वह फिलहाल वाराणसी में अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

### पड़ोसियों के साथ घर में घुसी पुलिस

सुबह जब पड़ोसियों के साथ पुलिस ने घर के अंदर प्रवेश किया तो वहां का हाल देखकर पुलिस भी हैरान रह गई. आरोपी ने घर की कई अलमारियां तोड़ कर उनमें रखी नकदी और जेवर चुरा लिए थे. साथ ही मकान में लगी वॉश बेसिन, टुल्लू पम्प व इन्वर्टर से बैटरी निकाल ली थी. इसके अलावा किचन से गैस सिलेंडर भी निकाल लिया था।

### आरोपी को गिरफ्तार कर पुलिस कर रही पूछताछ

हालांकि, सारा सामान बाहर ले जाने से पहले ही नशे के कारण उसे घर में नींद आ गई और आरोपी का भांडा फूट गया. पुलिस ने आरोपी को पकड़ लिया है और विभिन्न बिंदुओं पर उससे पूछताछ की जा रही है. साथ ही पुलिस इस बात की छानबीन में भी जुटी हुई है की चोर अकेला था या उसके अन्य चोर भी घटना में शामिल थे।

## पत्नी को दहेज के लिये प्रताड़ित करने वाले पति पर मुकदमा दर्ज

**अमन लेखनी समाचार**

मोहनलालगंज।सठवारा गांव निवासी ज्योति ने बताया दो वर्ष पहले उसका विवाह श्री राम निवासी अतरौली थाना मोहनलालगंज के साथ हुआ था,शादी के कुछ दिन बाद तक तो सब ठीक ठाक रहा लेकिन उसके बाद पति ने उसे मायके भेज दिया ओर दहेज की मांग पूरी होने के बाद ही विदा कराने की बात कही,जब भी पति को विदा कराने की बात कहती तो गाली-गालौज व मारपीट पर आमादा हो जाते है।पीड़ित ने बताया ससुराल आने पर उसे जान से मारने की धमकिया दी जाती है जिससे वो डरी व सहमी हुयी हैं।इंस्पेक्टर आलोक राव ने बताया पीड़िता की तहरीर पर आरोपी पति के विरूद्व दहेज प्रताड़ना समेत अन्य धाराओ में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गयी हैं।

## दोस्त से बात करने के दौरान मोबाइल फोन हीट होकर फटा

**अमन लेखनी समाचार**

मोहनलालगंज। सिसेंडी में दोस्त से बात कर रहे युवक का मोबाइल फोन अचानक से हीट हो गया।जिसके बाद युवक ने मोबाइल फोन को कान से हटाकर दूर फेंका तो धुआ निकलने लगा ओर तेज आवाज के साथ मोबाइल फोन में ब्लास्ट हो गया ओर परखच्चे उड़ गये।युवक की सर्तकता से बड़ी घटना होने से बच गयी। मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के सिसेण्डी गांव निवासी सत्यम दीक्षित ने बताया रविवार की सुबह दस बजे के करीब अपने वीवो एनरायड मोबाइल फोन से काल कर दोस्त से बात कर रहा था तभी अचानक से उसका मोबाइल फोन हीट हो गया जिसके बाद उसने कान से मोबाइल फोन हटाकर दूर फेका तो मोबाइल फोन में ब्लास्ट हो गया,गलीमत रही समय रहते युवक की सर्तकता से बड़ा हादसा टल गया।हालाकि मोबाईल फोन में ब्लास्ट के बाद पूरा परिवार दहशत में आ गया।पीड़ित सत्यम दीक्षित ने लोगो से अपील करते हुये कहा भीषण गर्मी को देखते हुये बच्चो को मोबाइल फोन से दूर रखने व कम से कम मोबाइल प्रयोग करने की अपील की।

# निर्भीक होकर पूरी स्वतंत्रता के साथ कार्य करें पत्रकार : राज किशोर पासी

● प्रदीप यादव उपाध्यक्ष व रामबाबू सोनी सचिव मनोनीत आसिफ कोषाध्यक्ष, पवन तिवारी को मीडिया प्रभारी व मुकेश रावत को मिली संगठनमंत्री की जिम्मेदारी

**अमन लेखनी समाचार**

सरोजनीनगर, लखनऊ।प्रेस क्लब सरोजनीनगर की मासिक बैठक रविवार को सरोजनीनगर में स्कूटर इंडिया चौराहे के निकट देवलोक कॉलोनी स्थित संगठन कार्यालय पर आयोजित हुई। बैठक के दौरान संगठन में कुछ पदाधिकारियों का गठन भी किया गया। इस दौरान प्रदीप यादव को उपाध्यक्ष, रामबाबू सोनी को सचिव, आसिफ खान को कोषाध्यक्ष, पवन तिवारी को मीडिया प्रभारी व मुकेश कुमार रावत को संगठनमंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई। इस मौके पर क्लब के अध्यक्ष राज किशोर पासी ने कहा कि पत्रकारों को समावेशी सोच के साथ आपस मे संगठित होना है और एक पेशेवर के रूप में एक-दूसरे के हितों के लिए भी काम करना है। इससे सरकार व प्रशासनिक व्यवस्था भी लोकतंत्र के चौथे स्तम्भ मीडिया के प्रति संवेदनशील होगी। पत्रकार निर्भीक होकर पूरी स्वतंत्रता के साथ कार्य करें, तभी सरकारें अच्छे ढंग से कार्य कर सकेंगी। वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजन पाण्डेय ने कहा कि पत्रकार को निर्भीक, निष्पक्ष एवं सत्य की रक्षा करते हुए रिपोर्टिंग करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता लोकतंत्र का हृदय है, जो कभी बंद नहीं होता। उपाध्यक्ष प्रदीप यादव ने कहा कि पत्रकारिता लोकतंत्र को जिंदा रखती है। पत्रकार पर सबसे ज्यादा जिम्मेवारी है, इसलिए हमेशा सचेत रह कर कार्य करना चाहिए। जबकि महामंत्री राकेश यादव ने कहा कि पत्रकार को चाहिए कि वह दुर्भावना व पक्षपातपूर्ण खबरें न लिखें। बल्कि केवल ईमानदारी और निष्पक्षता से ही खबरें लिखें। यही सारे समाज के हित में है। कोषाध्यक्ष आसिफ खान व मीडिया प्रभारी पवन तिवारी ने कहा कि पत्रकारों को बाजारवाद के युग में बिना किसी दबाव के कार्य करने व पत्रकारिता को जोश के साथ बेहतर ढंग व सकारात्मक सोच से कार्य करना चाहिए। बैठक में प्रेस क्लब सरोजनीनगर के सदस्य डॉ. विश्राम प्रजापति, मिथलेश रावत, इदरीश खान, राहुल तिवारी, इन्द्रेश यादव, अर्जुन यादव, रेहान खान व विनय मिश्रा मौजूद रहे।

## मारपीट, जान से मारने की धमकी और जानलेवा हमला करने की रिपोर्ट दर्ज

**अमन लेखनी समाचार**

सरोजनीनगर, लखनऊ। आशियाना कॉलोनी, कानपुर रोड के रहने वाले मो. साऊद सिद्दीकी ने ठाकुरगंज के हरदोई रोड स्थित सरफराजगंज निवासी हसन उर्फ अली अब्बास और वजीरगंज के ड्योढ़ी आगामीर निवासी असद उर्फ सैयद मंसूर रजा रिजवी के खिलाफ गाली गलौज, मारपीट, जान से मारने की धमकी और जानलेवा हमला करने की सरोजनीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। साऊद सिद्दीकी का कहना है कि वह शनिवार शाम करीब 5:30 बजे जब सरोजनीनगर के नादरगंज स्थित अपनी फैक्ट्री नेशनल इंजीनियरिंग वर्क्स से वापस अपने घर जा रहे थे। तभी स्टेशन रोड से सामने से आती हुई काली क्रेटा कार ( यूपी 32 एलक्यू 6338 ) सवार हसन उर्फ अली अब्बा और असद उर्फ सैयद मंसूर रजा रिजवी ने जोर-जोर से गाड़ी रोकने का इशारा करते हुए गाली गलौज शुरू कर दी। आरोप है कि जब पीड़ित अपनी गाड़ी मोड़कर उनकी तरफ गया तो दोनों आरोपियों ने उनसे गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। साऊद सिद्दीकी का कहना है कि इस दौरान असद और सैयद मंसूर रजा रिजवी ने जान से मारने की नीयत से पानी की स्टील बोतल से साऊद सिद्दीकी के सिर में कई बार हमला किया।जिससे सिर में गंभीर चोट आई है। साथ ही हसन उर्फ अली ने भी गाली गलौज करते हुए लात घूसों से मारा पीटा। फिलहाल सरोजनीनगर पुलिस ने साऊद सिद्दीकी की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

## दुकान से नगदी व पैसे चोरी करने का नौकर पर लगा आरोप

**अमन लेखनी समाचार**

मोहनलालगंज।रायबरेली ऊँचाहार के उमरन गांव निवासी प्रशान्त कुमार त्रिपाठी ने पुलिस से लिखित शिकायत करते हुये बताया उन्होने मोहनलालगंज क्षेत्र के पुरनपुर गांव में एक दुकान लेकर सीक व फूल झांडू का थोक काम चालू किया था जिसकी देखरेख के लिये चन्दन कुमार मिश्रा निवासी गाजियाबाद को रखा था,उक्त व्यक्ति अपने दो अज्ञात साथियो के साथ मिलकर दुकान का सामान व नगदी,हिसाब की डायरी समेत गाड़ी की चाभी चुराकर भाग गया।इंस्पेक्टर आलोक राव ने बताया पीड़ित मालिक की तहरीर पर एक नामजद समेत दो अज्ञात के विरूद्व चोरी की धारा में मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी गयी हैं।

## दो पक्षो में मारपीट, क्रास मुकदमा दर्ज

**अमन लेखनी समाचार**

मोहनलालगंज। गौरा मजरा सेवाखेड़ा निवासी सावित्री व राजकुमारी के बीच सरकारी नल पर पानी भरने को लेकर विवाद हो गया,जिसके बाद दोनो पक्षो में मारपीट हो गयी।जिसमें एक पक्ष से सावित्री व दूसरे पक्ष राजकुमारी की बेटी सुनैना घायल हो गयी।इंस्पेक्टर आलोक राव ने बताया दोनो पक्षो के द्वारा दी गयी तहरीर पर नौ लोगो के विरूद्व मारपीट, बलवा,जान से मारने की धमकी देने की धाराओ में क्रास मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गयी हैं।

## संक्षेप

### महिलाओं को लोन दिलाने के नाम ठगी, पैसा मांगा तो जान से मारने की दी धमकी

उन्नाव। महिलाओं को लोन दिलाने के नाम पर एक युवक ने ठगी। जब पीड़ित महिलाओ में पैसों को लेकर मांग की तो लोन दिलाने वाले युवक ने धमकाया ओर जान से मारने की धमकी दी। परेशान महिलाएं एक साथ कोतवाली पहुँची ओर उन्होंने मामले की लिखित शिकायत देकर कार्यवाही की मांग की है। पुलिस ने मामले की गंभीरता को लेकर प्रार्थना पत्र के आधार पर जांच पड़ताल कर कार्यवाही का आश्वासन दिया है। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के ख़्वाजगीपुर करोवन मोड़ की रहने वाली कृष्णावती पत्नी बब्लू अपनी साथी रेनू, अनिता, सन्नो, राधा, गुड्डी, रामवती के साथ थाना कोतवाली पहुँची। प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि विश्वास फाईनेस्ट प्राइवेट लिमिटेड जयपुर की शाखा में एंजेट के तौर पर कार्यरत थी। जिसमे गांव की आठ महिलाओं को लोन दिलाने के नाम पर दो हजार सात सौ बीस रुपये ओर 250 रुपये सभी महिलाओं से जमा कराए थे। अब जब देवेंद्र नाम के युवक को पैसों की वापसी को लेकर फोन किया तो बात नही हुईं। जिसके बाद महिलाएं सीधे एबी नगर स्तिथ कार्यालय पहुँची वहां भी कोई मिला। पीड़ित महिलाओं ने देवेंद्र से फोन से संपर्क किया तो जान से मारने की धमकी दी। महिलाओं का आरोप है कि उन्हें प्रलोभन देकर ठगने का काम किया गया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू की है। कोतवाली प्रभारी प्रमोद कुमार मिश्रा ने बताया की प्रार्थना पत्र मिला है जिस पर आरोप है उससे सम्पर्क कर जाँच की जाएगी। जो तथ्य मिलेंगे उसके आधार पर आगे की कार्यवाही की जाएंगी।

### घरेलू विवाद से ऊबकर महिला ने निगला जहरीला पदार्थ हुई मौत

उन्नाव। आसीवन थाना क्षेत्र के कुरसठ गांव की रहने वाली महिला ने शनिवार की देर रात घरेलू कलह से परेशान होकर कीटनाशक निगल लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे अस्पताल ले गए। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पर मायके पक्ष के लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस से पोस्टमार्टम कराने की मांग उठाई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर रविवार दोपहर पोस्टमार्टम कराया गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में जहर निगलने से मौत होने की पुष्टि हुई। डॉक्टर ने जांच के लिए विसरा सुरक्षित कराया है।हरदोई के संडीला कस्बा के रहने वाले राम लखन ने चार साल पहले बीस वर्षीय बेटी गौरी की शादी आसीवन थाना क्षेत्र के कुरसठ कस्बा के गोडियाना मोहल्ला निवासी पप्पू के साथ हुई थी। दो साल का बेटा अड्डू है। दोनों के बीच अक्सर झगड़ा होता था। शनिवार रात दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ। उसके बाद महिला ने कीटनाशक निगल लिया और लेट गई। रविवार अलसुबह जानकारी हुई तो डॉक्टर के पास ले गए। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया गया। चौकी प्रभारी कुरसठ रामेश्वर का कहना है कि मायका पक्ष से अभी किसी तरह का कोई आरोप नही लगाया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# नियमित साइकिल चलाना जहां व्यक्ति को बनाता शारीरिक रूप से स्वस्थ

**अमन लेखनी समाचार**

उन्नाव। साइकिल पर्यावरण की मित्र, आर्थिक रूप से किफायती भी है। हमे पर्यावरण के संतुलन को लेकर सजग होना है व जन-जन को जागरूक करना है। सनातन सरोकार इस दिशा में लगातार काम कर रहा है। यह बात सनातन सरोकार के जिला संयोजक इंजीनियर निकुंज बाजपेई ने बतायी। पर्यावरण की सजग प्रहरी सनातन सरोकार की सह-संयोजिका इंजीनियर शालिनी बाजपेई ने बताया विश्व साईकल दिवस से पूर्व गांधी नगर तिराहे से गोकुल बाबा मंदिर तक लगभग 10 किलोमीटर की साईकल यात्रा निकालकर सनातन सरोकार व सामाजिक रूप से सजग प्रहरियों के सहयोग से प्रदूषण रहित पर्यावरण हितकारी मुहिम का संदेश दिया।

यह यात्रा स्वप्न फाउंडेशन के साथ मिलकर आयोजित की गई थी. गोकुल बाबा मंदिर पहुंचकर सभी ने मंदिर के आस पास फैले कचरे को पलॉगिंग गतिविधि से साफ किया जो जमीन में दबकर उसे प्रदूषित कर रहा था। जिसमें प्रमुख रूप से पॉलिथीन, प्लास्टिक के गिलास, बोतल व अन्य कचरा रहा। अभ्युदय सेवा संस्थान के अध्यक्ष डॉ. प्रभात सिन्हा ने बताया कि सनातन सरोकार का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण को लेकर लोगों को जागरूक करना है। जिसके अंतर्गत पौधरोपण, पौधा संरक्षण, प्लास्टिक रहित जीवन, गंगा व धार्मिक स्थलों के आस-पास साफ-सफाई कर समाज को प्रेरित करना प्रमुख है। युवा समाज सेवी और स्वप्न फाउंडेशन की प्रतिनिधि सौम्या अवस्थी ने पलॉगिंग के दौरान आस-पास के दुकानदारों से प्लास्टिक का कम से कम प्रयोग करने का आग्रह किया। पर्यावरण के सजग प्रहरी बृजेश चंद्र शुक्ल ने बताया सनातन सरोकार 1 जून से 5 जून तक पर्यावरण के दृष्टि से पांचों दिन अलग-अलग कार्यक्रम करके समाज मे जागरूकता लाएंगे। सोशल मीडिया एक्टिविस्ट राहुल राम द्विवेदी ने बताया सनातन सरोकार से जुड़े कानपुर के लोगों ने एक वृहद आयोजन कानपुर में भी किया। जिसमें सैकड़ों लोगों ने एक समय में ही कानपुर-उन्नाव के 20 स्थानो पर ऐसा स्वच्छता अभियान किया। लेखक सरस आजाद ने बताया गोकुल बाबा में लगभग एक घंटे की पलॉगिंग में सबने मिलकर लगभग 50 किलो से भी अधिक प्लास्टिक को धरती में दबने से बचाया व बाहर निकाला। जनजागरूकता के अंतर्गत एकत्र किए गए कचरे को समुचित रूप से निस्तारित करने का संकल्प गोकुल बाबा मंदिर के आस-पास के लोगों ने मुहिम में शामिल होकर किया।

उक्त कार्यक्रम में प्रमुख रूप से इंजीनियर निकुंज बाजपेई, शालिनी बाजपेई, डॉ. प्रभात सिन्हा, सरस आजाद, बृजेश चंद्र शुक्ल, राहुल राम द्विवेदी, हर्षित पांडेय, आशीष मिश्रा, सौम्या अवस्थी, सतीश सिंह, आकाश द्विवेदी,उदय अवस्थी, जय श्रीवास्तव,तनीषा आदि लोग उपस्थित रहे। सहयोगी के रूप में उन्नाव साइकिलिंग क्लब, पेडल प्रोस क्लब ने इस मुहिम में अपना योगदान दिया। गांधी नगर स्थित अवस्थी स्वीट्स एंड रेस्टोरेंट की ओर से सभी प्रतिभागियों को यात्रा के समापन पर जलपान कराया गया।

## प्रेमी के साथ मिलकर पत्नी ने उतारा था पति को मौत के घाट

**अमन लेखनी समाचार**



उन्नाव। थाना मौरॉवा क्षेत्र के एक गांव में प्रेमी के साथ मिलकर पत्नी ने अपने पति की गला रेत कर हत्या कर दी थी पुलिस ने घटना का खुलासा करते हुए मृतक की पत्नी व उसके प्रेमी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया

थाना मौरावा क्षेत्र के दुर्गपालगंज मजरा असरेंदा गांव के रहने वाले बिंदा प्रसाद का बेटा बेचालाल ( 33 ) पुताई का काम करता था। बाराबंकी में मंदिर में पुताई कर रहा था। शुक्रवार दोपहर घर आया था। बेचालाल की पत्नी रेखा अपने मायके लाऊ गांव में थी। बेचा लाल उसे लेकर शाम को घर आया था। देर रात छत पर सोते हुए धारदार हथियार से बेचालाल की गला रेत कर हत्या कर दी गई। पत्नी रेखा रोने चिल्लाने लगी। तभी घर से कुछ दूरी पर झोपड़ी डाल कर रह रहे पिता बिंदा प्रसाद व अन्य ग्रामीण मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। आसपास के लोग मौके का नजारा देखकर दंग रह गए। हत्या की सूचना पर ग्रामीणों की भीड़ एकत्र हो गई और घटना को लेकर तमाम तरह की चर्चाएं होती रही।

एसपी के निर्देश पर डॉग स्क्वायड और फोरेंसिक की टीम घटना स्थल पर पहुंची और तमाम तरह की साक्ष्य एकत्र कर जांच पड़ताल शुरू कर दी मृतक के पिता की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात हत्यारे पर मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू की पुलिस की जांच में मृतक की पत्नी शक के दायरे में आ गई थी जांच पड़ताल में पुलिस ने संजय कुमार पुत्र रमेश कोरी निवासी सुदौली थाना बछरावा जनपद रायबरेली को भवरेश्वर मंदिर व मृतक की पत्नी रेखा को उसके घर से हिरासत में लिया और कड़ाई से पूछताक्ष की तो दोनो ने बताया कि उन दोनो के बीच तीन वर्ष से प्रेम संबंध चल रहा था और दोनो चोरी छिपे एक दूसरे से मिलते थे दोनो शादी करना चाहते थे लेकिन बेचालाल के होने से शादी नहीं कर पा रहे थे जिससे हम दोनो ने मिलकर धारदार हथियार से गर्दन पर बार कर मौत के घाट उतार दिया पुलिस ने दोनो आरोपियों को जेल भेज दिया।

## महिला ने मारपीट का पारिवारिक जनों पर दर्ज कराया मुकदमा

**अमन लेखनी समाचार**

बीघापुर, उन्नाव। चार पहिया वाहन को लेकर महिला के पारिवारिक जनों द्वारा जमकर मारने पीटने को लेकर महिला ने पुलिस थाने में प्रार्थना पत्र दिया प्रार्थना पत्र के आधार पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर लिया थाना बीघापुर के अंतर्गत ग्राम अरम निवासिनी श्री लक्ष्मी देवी पत्नी दिनेश शंकर चार पहिया वाहन का पारिवारिक झगड़ा पुलिस चौखट तक पहुंचा जहां महिला ने थाने में तहरीर देकर कहा कि हमारा पुत्र गाड़ी लेने घर आया था चार पहिया वाहन ले जानें के बाद हमारे जेठ हरिशंकर पुत्र गिरजा शंकर द्विवेदी व नीरज द्विवेदी गुड्डन शुक्ला सोनू शुक्ला आदि ने हमको अकेला पाकर घर में मारा पीटा गाली गलौज व जान से मार देने की धमकी दी मेरे कपड़े फाड़ दिए मेरे शरीर में बैठ गए व लात घूसो से मुझे अधिक मारा मेरे चिल्लाने पर मेरे पड़ोसियों ने आकर मुझे बचाया तहरीर के आधार पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ आपराधिक मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।




## मिक्सर प्लांट पर दो युवकों पर लगाया डीजल चोरी का आरोप

**अमन लेखनी समाचार**

सुमेरपुर, उन्नाव। थाना बिहार अन्तर्गत गंगा एक्सप्रेस वे कार्य कर रहे मिक्सर प्लांट के कर्मचारियों ने दो युवकों पर डीजल चोरी व मारपीट करने का आरोप लगाया। पुलिस ने दोनों युवकों का शांति भंग में चालान कर दिया।थाना क्षेत्र के रानीपुर - मलौना में निर्माणधीन गंगा एक्सप्रेस वे का मिक्सर प्लांट लगा है। प्लांट की रखवाली कर रहे फुरकान पुत्र यामीन ग्राम सुल्तानगढ़ थाना धमारी जिला संभल ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया बीती रात्रि करीब 1 बजे दो लोग मोटरसाइकिल से आकर प्लांट पर डीजल चोरी करने लगे। जिनमे एक युवक को मौके पर ही पकड़ कर पुलिस को सूचना दी गयी ।हल्का प्रभारी कृष्णनेंद्र ने बताया डीजल चोरी की बात बेबुनियाद है। थाना क्षेत्र के कैलाशखेडा निवासी अवधेश पुत्र शिवकुमार व संदीप कुमार पुत्र कृष्ण पाल अपनी भैस को ढूढते ढूढते मिक्सर प्लांट तक पहुँच गए जहा मिक्सर प्लांट के कर्मचारियों ने डीजल चोरी का आरोप लगा दिया। इसी बात को लेकर मारपीट हो गयी। फिलहाल दोनो लोगो का शांतिभंग में चालान कर दिया गया है।

## दुकान के बाहर बैठी महिला के साथ दबंगो ने की अभ्रदता

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। सदर कोतवाली क्षेत्र के अस्पताल रोड पर बीती देर रात एक दुकान के बाहर बैठी महिला से कुछ लोगों ने अभद्रता शुरू की। पास मौजूद युवकों ने इसका विरोध किया तो उन्होंने मारपीट शुरू कर दी। मारपीट के दौरान बीच सड़क पर कुछ लोगों ने एक युवक को जमकर मारा पीटा। सूचना पर पहुंची पुलिस के सामने भी दबंग मारपीट करते रहे। घटना के किसी ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिए। हालांकि वायरल वीडियो की पुष्टि दैनिक अमन लेखनी समाचार पत्र नहीं करता है। जानकारी के अनुसार जिला अस्पताल गेट के पास चाय की दुकान में बैठी महिला दुकानदार से रात युवकों से अभद्रता की गई। मौजूद युवक से विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की। पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों को छुड़वाने का प्रयास किया। मगर युवक पुलिस के सामने भी भिड़े रहे ।इस दौरान पुलिस ने उन्हें पकड़ने का प्रयास किया तो मारपीट करने वाले दबंग मौके से भाग निकले। जिससे आसपास के दुकानदारों ने कहा कि शायद इन पर पुलिस का संरक्षण है इस वजह से वह भागने में सफल रहे और उन पर कोई कार्रवाई नहीं हुई ।कोतवाली प्रभारी प्रमोद कुमार मिश्रा ने बताया कि घटना से संबंधित किसी भी पक्ष ने थाना पुलिस में कोई तहरीर नहीं दी है यदि सूचना आती है तो कार्रवाई की जाएगी। उधर घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ तो सीओ सिटी सोनम सिंह ने युवकों की तलाश कर गिरफ्तारी के निर्देश दिए। सीओ ने बताया कि वीडियो की जांच पड़ताल करवाकर कार्रवाई की जा रही है।

## स्वंतत्रता सेनानी आश्रितो की हुई बैठक

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। क्षेत्र के ग्राम भुलभुलिया खेड़ा स्थित स्वतंत्रता सेनानी स्वर्गीय साहबलाल द्विवेदी के स्मारक स्थल पर आज रविवार को स्वतंत्रता सेनानी आश्रितों की बैठक हुई। बैठक में सभी सेनानी परिवारों को राष्ट्रीय परिवार घोषित कराने हेतु एकजुट होकर आवाज उठाने की अपील की गई ।बैठक में ग्राम मेथी टीकुर के विख्यात स्वतंत्रता सेनानी एवं कवि स्वर्गीय गया प्रसाद शुक्ल निर्भीक के पुत्र बार एसोसिएशन उन्नाव के पूर्व अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार शुक्ल ने कहा कि स्वतंत्रता आंदोलन में वर्षों तक जेल की कठोर सजा भुगतने और भारत को आजाद कराने के लिए अपना सबकुछ न्यौछावर करने वाले वीर सपूतों के परिवार आज सरकारी उपेक्षा के चलते गुमनामी की स्थिति में जा पहुंचे हैं। केंद्र और प्रदेश सरकारों को जगाने के लिए अब स्वतंत्रता सेनानी आश्रितों के संगठन को मजबूत कर अपने स्वाभिमान और सम्मान के लिए पुरजोर आवाज बुलंद करना है ।ग्राम हफीजाबाद निवासी विख्यात स्वतंत्रता सेनानी एवं पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष पंडित भूपेंद्र नाथ शुक्ल एडवोकेट के पौत्र शशांक शेखर शुक्ल ने कहा कि संगठन की मजबूती के लिए अब भविष्य में प्रत्येक माह के प्रथम रविवार को स्वतंत्रता सेनानी आश्रितों के स्मारक स्थलों पर बैठक होगी। सर्व सम्मति से तय हुआ कि अगली बैठक आगामी दिनांक - 07 जुलाई दिन रविवार को ठीक 10 बजे ग्राम हफीजाबाद में आयोजित की जायेगी। अंत में सभी आश्रितों द्वारा साहबलाल द्विवेदी, सूरज प्रसाद मिश्रा, गया प्रसाद शुक्ल निर्भीक, क्षेत्रपाल सिंह, रुद्र नारायण दीक्षित, सेवाराम व दुर्गा प्रसाद पाल स्वतंत्रता सेनानियों के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। बैठक की अध्यक्षता स्नेहलता त्रिपाठी तथा संचालन शैलेन्द्र कुमार शुक्ल ने किया। बैठक में स्नेहलता त्रिपाठी , शैलेन्द्र कुमार शुक्ल एडवोकेट, शशांक शेखर शुक्ला , जगदीश प्रसाद दीक्षित, विपिन कुमार द्विवेदी, विनय कुमार द्विवेदी, वंश गोपाल मिश्रा, नरेश कुमार द्विवेदी, गरिमा दीक्षित, हरिशरण, उत्सव द्विवेदी, लक्ष्मी नारायण द्विवेदी व पप्पू पाल आदि सेनानी आश्रितो

# ट्रक की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत मां पुत्र घायल

**अमन लेखनी समाचार**




बांगरमऊ, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के लखनऊ बांगरमऊ मार्ग स्थित सुरसेनी गांव के निकट ट्रक के बाइक में टक्कर मारने से युवक की मौत और मौसी तथा मौसेरा भाई जख्मी हो गया। हादसे की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया। उधर, जानकारी पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के दसदान गांव के रहने वाले मोबीन का बाइस वर्षीय बेटा मोहम्मद अफजल अपनी मौसी हुमैरा पत्नी उस्मान तथा मौसी के सोलह वर्षीय बेटे अदनान को बाइक पर बिठाकर बांगरमऊ की तरफ आ रहा था। इसी दरम्यान लखनऊ बांगरमऊ मार्ग पर सुरसेनी गांव के निकट सामने से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार तीनों घायल हो गए। घायलों को बांगरमऊ सीएचसी पर भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टर ने अफजल को मृत घोषित कर दिया। सीएचसी डॉक्टर ने प्राथमिक इलाज के बाद घायल मौसी व मौसेरे भाई को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद आवश्यक कार्रवाई की है। घटना की जानकारी पर परिजनों में कोहराम मचा हुआ है ।मृतक अफजल नगर के मोहल्ला नसीमगंज स्थित मौलाना वारिस मदरसा से अभी-अभी हाफिज की पास किया था। शाम मदरसा में अफजल की दस्तार बंदी थी और मसरसा प्रबंधन से शाम उसे हाफिज की डिग्री देकर पगड़ी पहनाने की रस्म निभाई जानी थी। मगर नियति को तो कुछ और ही मंजूर था। पगड़ी रस्म के पहले ही दुर्घटना में इस होनहार युवक की मौत हो गई।

## पति-पत्नी के 28 विवादित जोड़े आपसी कलह भुलाकर एक साथ रहने को हुए राजी

**अमन लेखनी समाचार**

उन्नाव। सिद्धार्थ शंकर मीना पुलिस अधीक्षक उन्नाव के कुशल निर्देशन में रिजर्व पुलिस लाइन एवं विभिन्न थानों में स्थित महिला हेल्प डेस्क में पति-पत्नी के विवादित जोड़ों को बुलाया गया। परिवार परामर्शदाताओं एवं महिला हेल्पडेस्क की टीम द्वारा उनकी काउंसलिंग करते हुए उनके बीच उपजे विवाद को खत्म कराया गया तथा परिवार को टूटने से बचाया। तदोपरान्त परिवार परामर्श व महिला थाना से 07-07, थाना औरास से 04, थाना सोहरामऊ से 03, थाना मांखी व थाना अचलगंज से 02-02 ,थाना बांगरमऊ, थाना कोतवाली सदर तथा बेहटा मुजावर से 01-01, जोड़े को बिना विवाद साथ रहने के वादे के साथ विदा किया गया। उपरोक्त पुनीत कार्य में डा0 आशीष श्रीवास्तव प्रभारी परिवार परामर्श समिति एवं सलाहकारों में डा0 मनीष सिंह सेंगर निम्मी अरोड़ा, अबरार हुसैन अबसार अली, डा0 सागीर अहमद, सहयोगी संजय चौरसिया, शिवेन्द्र चौहान, स्वास्तिक मिश्रा एवं थानाध्यक्ष महिला थाना अर्चना लक्ष्मी सिंह चिंतन,नेहा शुक्ला, गिरजा, रूबी, अर्चना, पूजा यादव सोनी मिश्रा तरूण का विशेष योगदान रहा।



## युवक के लापता होने पर खोजबीन करने की लगायी गुहार




**अमन लेखनी समाचार**

भरुआ, सुमेरपुर। थाना क्षेत्र के बिदोखर मेदनी के एक मानसिक रूप से विक्षिप्त युवक के घर से लापता होने पर पुलिस से खोजबीन करने की गुहार लगाते हुये परिजनों ने थानाध्यक्ष को तहरीर सौंपी है। बिदोखर मेदनी निवासी बरदानी कुशवाहा ने थानाध्यक्ष को दी तहरीर मे बताया है कि उसका भाई दिनेश कुमार 46 वर्ष मानसिक रूप से अस्वस्थ है। वह कई बार बिना बताए घर से लापता हो चुका है और दो-चार दिन बाद घर वापस आ गया। विगत 25 मई को भाई दिनेश घर के किसी भी सदस्य को बिना कुछ बताए लापता हो गया है। जिसकी तलाश अपने सभी मित्रों, रिश्तेदारों और परिचितों के यहां की गयी लेकिन कुछ पता नहीं चला है। पीडित भाई ने थानाध्यक्ष से लापता भाई की सूचना दर्ज कर खोजबीन करने की गुहार लगाई है।

# तेज रफ्तार ट्रक ने आटो में मारी टक्कर , एक युवक घायल

## राहगीरों ने चालक को पकड़कर पुलिस को सौंपा

**अमन लेखनी समाचार**



भरुआ, सुमेरपुर। नेशनल हाईवे 34 में पशु बाजार के निकट रविवार को तेज रफ्तार ट्रक ने ऑटो में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे आटो पलट गया। उसके पलटने से सड़क किनारे गन्ने का रस बेच रहा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना को अंजाम देकर मौके से भाग रहे ट्रक को राहगीरों ने पेट्रोल पंप के समीप पकड़कर पुलिस के सुपुर्द किया है। रविवार को दोपहर करीब एक बजे तेज रफ्तार ट्रक ने पशु बाजार के समीप ऑटो में जोरदार टक्कर मार दी। इससे ऑटो अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया और हाईवे किनारे गन्ना का रस बेच रहा कुंडौरा निवासी मोहित 25 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गया। इस घटना में ऑटो चालक बाल बाल बच गया। घटना को अंजाम देकर मौके से भाग रहे ट्रक चालक को लोगों ने पेट्रोल पंप के समीप जाकर दबोचकर पुलिस के हवाले कर दिया।

## पाकिस्तान जेल में बंद युवक जल्द लौटेगा अपने गृह जनपद परिजनो में खुशी की लहर

**अमन लेखनी समाचार**

उन्नाव। सदर कोतवाली क्षेत्र के अकरमपुर स्थित सुल्तानखेड़ा गांव के रहने वाले सूरजपाल तीन साल पहले भारत की सीमा पार कर पाकिस्तान पहुंच गया। महीनों तक तलाश कर रहे परिजनों को पता चला कि सूरज पाल पाकिस्तान जेल में बंद है। तब पाकिस्तान दूतावास ने भारतीय एम्बेसी को सूरजपाल के जेल में बंद होने की जानकारी दी थी। तब परिजन उसके घर लौटने का ब्रेसबी से इंतजार कर रहे थे। मीडिया के जरिए जब परिजन को सूरजपाल की रिहाई की खबर मिली तो उनके चेहरे खिल उठे। पत्नी सुरजा देवी का कहना है कि उन्हें पता था कि सूरजपाल जीवित हैं। वह जल्द घर लौट कर आएंगे। अभी उन्हें आधिकारिक तौर पर कोई जानकारी नहीं दी गई है। चचेरे भाई रमेश के मुताबिक उसका मोबाइल नंबर अधिकारियों के पास है। अभी तक सूरजपाल की रिहाई की सूचना अधिकृत तौर पर नहीं मिली है ।यदि सूरजपाल की रिहाई हुई है तो यह हमारे लिए बेहद खुशी की बात है। हम लोग चाहते हैं कि वह जल्द अपने घर लौट आए। हम सभी उसका बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। बीती बातों को याद करते हुए रमेश बताते हैं कि सूरजपाल घर से अक्सर कई कई माह तक गायब रहता था ।सूरजपाल के पिता स्वास्थ्य विभाग में नौकरी करते थे। बेटे की मानसिक स्थिति की चिंता में उनकी मौत हो गई थी। इकलौते बेटे के अचानक लापता होने से वृद्ध प्रेमा भी गुमसुम रहने लगी थी। पत्नी सुरजा देवी ने बताया कि तीन साल पहले पति कहीं चले गए थे। कुछ दिन तक परिजनों ने गौर नहीं किया। जब वह बहुत दिन तक नहीं लौटे तो खोजबीन शुरू हुई। कुछ दिन पहले जानकारी मिली थी कि सूरज पाल पाकिस्तान की लाहौर जेल में बंद है। बीएसएफ की ओर से परिजनों से संपर्क करके सूरजपाल की शीघ्र रिहाई का भरोसा दिलाया गया था। अब मीडिया से पता चला है कि मेरे पति सूरज पाल की रिहा हो चुकी हैं। उसके लिए इससे बड़ी खुशी और क्या हो सकती है।

## महिला के साथ पडोसियों ने की मारपीट

**अमन लेखनी समाचार**



मौदहा। आपसी विवाद को लेकर पड़ोसियों ने महिला की लात घूसों से पिटाई कर जान से मारने की धमकी दी है। महिला की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने जांच पड़ताल कर कार्यवाही का आश्वासन दिया है ।कोतवाली क्षेत्र केछिरका गांव निवासी जानकी पत्नी देशराजने कोतवाली में तहरीर देते हुए बताया कि उसके पड़ोसी सियाराम, नीलम, शोभा, प्रदीप आदि ने एक राय होकर लात घूसों से मारपीट कर लहूलुहान कर दिया। आरोपियों का कहना था कि सियाराम की पुत्री के विवाह में बाधक बन रही हो इसलिए तुम्हारे साथ मारपीट की जा रही है ।इस संबंध में कोतवाली प्रभारी रामआसरे सरोज ने जांच पड़ताल के बाद कार्यवाही का आश्वासन दिया है।

## अज्ञात युवक के खिलाफ किशोरी को बहला फुसलाकर ले जाने की शिकायत

**अमन लेखनी समाचार**

मौदहा। जलालपुर थाना क्षेत्र के एक गांव की नाबालिग किशोरी के शनिवार को अचानक लापता होने पर किशोरी के पिता ने पुलिस को तहरीर देकर मौदहा निवासी अज्ञात युवक पर पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगाया है ।किशोरी के पिता ने जलालपुर थाने में तहरीर देकर कहा है कि उसकी पुत्री नाबालिग है और वह शनिवार को दोपहर में घर से लापता हो गई है। खोजबीन करने पर भी उसका कोई पता नहीं चल सका है। बताया कि उसकी पुत्री मौदहा की कांशीराम कालोनी में रहकर परीक्षा देने के दरमियान अज्ञात व्यक्ति के संपर्क में आ गई थी जो उसे बहला फुसलाकर ले गया है। पीडित ने पुत्री को बरामद कर दोषियों के विरूद्ध कार्यवाही करने की मांग की है। इंस्पेक्टर ब्रजमोहन का कहना है कि सूचना मिली है। शीघ्र ही किशोरी को बरामद किया जाएगा।

## सम्पादकीय

# भारत के सामने हद में ही रहे पाक फौज

पाक परमाणु राष्ट्र है, इसके बावजूद पाकिस्तान को अपनी सैन्य शक्ति को लेकर किसी प्रकार का अति आत्मविश्वास नहीं होना चाहिए। पाक फौज का चरित्र कभी राष्ट्र रक्षा के लिए रहा ही नहीं है, पाक का फौज ने अपनी पूरी सैन्य ताकत का उपयोग केवल और केवल भारत से एकतरफा दुश्मनी निभाने में किया है, पाक फौज की प्राथमिकता कभी भी पाकिस्तान की रक्षा-सुरक्षा रही ही नहीं है। वह या तो पाक लोकतंत्र की गला घोंटने में लिप्त रही है या आतंकवाद को पालने-पोसने में। दुनिया में कोई फौज किस तरह अपने ही मुल्क का दुश्मन हो सकती है, इसका सबसे बढ़िया उदाहरण पाकिस्तान है। विदेश नीति से लेकर घरेलू सत्ता तक में पाकिस्तान की फौज बेजा दखल देती रही है। पाक फौज के सत्ता पर काबिज होने के अनेक उदाहरण हैं तो सरकारी संसाधन व ट्रेड में शामिल होने के साथ विदेश व रक्षा नीति पर एकाधिकार के भी। हार व सरेंडर वाली पाकिस्तानी फौज को भारत की सैन्य शक्ति के बारे में भी 'अच्छे से' पता है। भारत के साथ चार युद्धों में पाकिस्तान को अपनी सैन्य हार को कभी नहीं भूलना चाहिए। एक अच्छे राष्ट्र की पहचान इस बात से होती है कि वह अपनी गलतियों से सीखता है, उसे दोहराता नहीं है। हालांकि पाक फौज गलतियां दोहराने के लिए कुख्यात है। अपनी परमाणु क्षमता को लेकर पाकिस्तान का दंभ केवल पाकिस्तानी आवाम की खुशफहमी के लिए ठीक है, पर यह भारत के लिए गीदड़भभकी से ज्यादा कुछ नहीं है। क्षमा शोभती उस भुजंग को जिसके पास गरल हो, तो पाकिस्तान को अपनी परमाणु बम क्षमता का राग नहीं अलापना चाहिए। समूची दुनिया को पता है कि उसने किस तरह परमाणु बम बनाने की क्षमता हासिल की है। भारत उससे पहले से परमाणु शक्ति संपन्न रहा है व इसके साथ ही वह जिम्मेदार परमाणु शक्ति भी है। भारत की नीति नो फर्स्ट यूज (एनएफयू) की रही है, भारत ने अनेक बार दोहराया है कि वह किसी भी स्थिति में पहले परमाणु अस्त्र का प्रयोग नहीं करेगा। हालांकि अभी एनएफयू की समीक्षा को लेकर भारत में मांग उठ रही है, पर सरकार ने इस पर अपनी कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। भारत अभी भी एनएफयू पर कायम है। विश्व हिरोशिमा व नागासाकी का हश्र देख चुका है। पाकिस्तान के साथ जंग में भारत ने एक बार भी परमाणु बम के प्रयोग के बारे में सोचा तक नहीं। पाकिस्तान को अपने एटम बम के प्रयोग को लेकर अपनी नीति स्पष्ट करने का हक है, लेकिन यह भारत को धमकाने के अर्थ में कतई नहीं होना चाहिए। पाकिस्तान की अगर नो फर्स्ट यूज नीति नहीं है, तो इसका भारत पर किसी तरह का असर नहीं पड़ेगा। भारत न केवल परमाणु बम शक्ति से लैस है, बल्कि इससे अधिक पावरफुल बम शक्ति से भी लैस है, भारत परमाणु पनडुब्बी भी संचालित कर रहा है। भारत ने आज तक पहले किसी भी मुल्क पर हमला नहीं किया है, बल्कि उसने पाक व चीन के हमले का डटकर सामना किया है। आज अगर पाक के पूर्व पीएम नवाज शरीफ पाकिस्तान की फौज को आईना दिखा रहे हैं कि उसने अतीत में भारत के खिलाफ समझौते का उल्लंघन किया है, तो पाक फौज को कम से कम अपने अतीत के कुकृत्यों का अवलोकन जरूर करना चाहिए। कारगिल जंग तो पूर्व पाक जनरल व राष्ट्रपति जनरल परवेज मुशर्रफ की सनक ही थी। पाक सेना भूल से भी भारत को अपनी सामरिक ताकत की धौंस न दिखाए। पहले पाक बनने से लेकर अब तक की अपनी गलतियों का आत्म-अवलोकन करे और एक कुशल सैन्य तंत्र बनकर दिखाए, जो अपने राष्ट्र की सत्ता में दखल न देती हो।



दस्तक
शिशिर शुक्ला

कृत्रिम बुद्धिमत्ता को एक वरदान के रूप में देखते हुए हमें इसका उपयोग विषम परिस्थितियों एवं ऐसी स्थिति में करना चाहिए जहां पर मानव सामान्य रूप से कार्य करने में समर्थ नहीं है। उदाहरण के लिए, हमने 3 वर्ष पहले कोरोना जैसी महामारी को झेला है। इस महामारी ने प्रत्येक मनुष्य को किसी न किसी रूप में एवं किसी न किसी स्तर तक प्रभावित किया है। ऐसे गंभीर संकटों के समय में शिक्षा को सुचारू रूप से जारी रखने के लिए कृत्रिम मेधा का सहारा लिया जाना चाहिए। निष्कर्षत: यही कहा जा सकता है कि शिक्षा के क्षेत्र में कृत्रिम बुद्धिमत्ता का प्रयोग शिक्षा के स्वरूपमें आमूलचूल परिवर्तन कर सकता है बशर्ते कि वह प्रयोग बुद्धिमत्ता के आधार पर किया जाए।

# शिक्षा में बुद्धिमत्ता से हो एआई का प्रयोग

हाल ही में भारत को पहली एआई शिक्षिका मिली है। निश्चित रूप से तकनीकी के क्षेत्र में यह देश की अभूतपूर्व उपलब्धि है। केरल के तिरुवनंतपुरम के एक स्कूल में पेश की गई इस रोबोट शिक्षिका का नाम 'आइरिस' है। यह रोबोट शिक्षिका चैट जीपीटी जैसे एआई प्रोग्रामों से लैस है और इसके पास गणित व विज्ञान जैसे विषयों के प्रश्नों का उत्तर देने की क्षमता भी है। तीन भाषाओं में बात कर सकने वाली एआई शिक्षिका साड़ी पहनकर स्कूल पहुंची और उसने बच्चों से हाथ भी मिलाया। शिक्षा के क्षेत्र में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के प्रयोग का यह अपने आप में एक अनूठा उदाहरण है। यूं तो कृत्रिम बुद्धिमत्ता की शुरुआत 1950 में हुई थी, किंतु इसका तीव्रतर विकास 1970 के बाद आरंभ हुआ। हाल की बात की जाए तो नवंबर 2022 में चैट जीपीटी नामक ओपन एआई चैटबॉट के अस्तित्व में आने के बाद कृत्रिम बुद्धिमत्ता के क्षेत्र में निस्संदेह एक क्रांतिकारी प्रादुर्भाव हुआ है। चैट जीपीटी में उच्च स्तरीय अल्गोरिथम एवं प्रोग्रामिंग का प्रयोग करके प्रश्नों के उत्तर देने का एवं मानव के उन सभी कार्यों को सहज व सरल बनाने का प्रयास किया जाता है, जिनको पूर्ण करने के लिए उसे अपनी बुद्धि का इस्तेमाल करना पड़ता है। इसी चैट जीपीटी को रोबोट के साथ संयुक्त करके कृत्रिम शिक्षक को अस्तित्व में लाया गया है। यहां पर एक विचारणीय प्रश्न यह उठता है कि शिक्षा के क्षेत्र में कृत्रिम मेधा का प्रयोग कहां तक उचित है एवं अगर कृत्रिम बुद्धिमत्ता विकास के मार्ग पर इसी द्रुत गति से दौड़ती रही तो भविष्य का स्वरूप कैसा होगा। अभी कुछ ही दिन पहले की बात है कि इंग्लैंड के एक स्कूल ने एआई चैटबॉट को प्रिंसिपल हेड टीचर बनाया है एवं विद्यार्थियों को भी एआई आधारित पर्सनल असिस्टेंट दिए गए हैं।

शिक्षा के क्षेत्र में कृत्रिम मेधा का समावेश आखिरकार किस सीमा तक उचित है। इस प्रश्न का उत्तर जानने हेतु हमें कहीं भटकने की कोई आवश्यकता नहीं है, अपितु अपनी बुद्धिमत्ता के घोड़े दौड़ाकर एक तर्कपूर्ण मंथन करने की आवश्यकता है। जरा सोचिए कि क्या किसी विद्यालय अथवा महाविद्यालय को पूर्णतया कृत्रिम मेधा से लैस रोबोट शिक्षकों के हवाले किया जा सकता है एवं ऐसा कदम उठाकर क्या विद्यार्थियों के भविष्य को लेकर चिंतामुक्त हुआ जा सकता है। इन प्रश्नों पर अगर हम मंथन करें तो हमें इनका उत्तर नकारात्मक ही मिलेगा। कारण यह है कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर आधारित रोबोट शिक्षक महज एक उच्च कोटि की एल्गोरिथम एवं सूचनाओं की उच्च भंडारण क्षमता से युक्त मशीन है। यह प्रश्नों का उत्तर तो कदाचित दे सकती है, किंतु जब बात जिज्ञासाओं एवं रचनात्मकता की होगी तब निश्चित रूप से यह औंधे मुंह गिर पड़ेगी। वजह स्पष्ट है कि स्मृति क्षमता एवं तर्कशक्ति में जमीन आसमान का अंतर है। एआई आधारित मशीनी शिक्षक वास्तविक शिक्षक का स्थान कभी नहीं ले सकता, क्योंकि किसी भी विषय पर सोचने, समझने एवं तर्क प्रस्तुत करने की क्षमता फिलहाल उसके पास नहीं है एवं किसी भी विषय को बेहतर ढंग से समझने के लिए उस पर अपनी विचार शक्ति एवं तर्क क्षमता का प्रयोग करना नितांत आवश्यक



है। आंकड़े यह कहते हैं कि एआई वर्ष 2030 तक 30 करोड़ नौकरियां खा जाएगा। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के द्वारा कृत्रिम बुद्धिमत्ता के संबंध में की गई टिप्पणी भी यह कहती है कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता एक ऐसी तकनीकी क्रांति है जो हमारी उत्पादकता, वैश्विक आय एवं विकास को बढ़ाएगी, किंतु यही तकनीकी क्रांति नौकरियां लील सकती है एवं असमानता की खाई को और अधिक चौड़ा कर सकती है। आखिर इन सभी रिपोर्टों का क्या मतलब है। क्या भविष्य में शिक्षक अपनी नौकरी से हाथ धो बैठेगा एवं उसे प्रतिस्थापित करने वाली एक निर्जीव मशीन होगी। संभवतः ऐसा अनुमान इसलिए लगाया जा रहा है कि मशीनी शिक्षक को कोई तनख्वाह नहीं चाहिए। उसे केवल और केवल अपने अंदर लगाई गई बैटरी की चार्जिंग की आवश्यकता है। वहीं दूसरी तरफ बजट का एक अच्छा खासा हिस्सा शिक्षकों के वेतन पर खर्च होता है। दूसरा बिंदु यह है कि मानव शिक्षकों के द्वारा समय-समय पर अपनी विभिन्न मांगों को प्रस्तुत किया जाता है एवं उनके पूर्ण न होने की दशा में विरोध प्रदर्शन भी किया जाता है, जबकि मशीनी शिक्षक कभी किसी तरह की कोई मांग प्रस्तुत नहीं करेगा, विरोध प्रदर्शन तो बहुत दूर की बात हो गई। कुछ अन्य अंतरों पर गौर करें तो मशीनी शिक्षक विद्यार्थियों को एक ही विषय चाहे जितनी बार पढ़ा सकता है जबकि मानव शिक्षक को एक ही बिंदु अथवा अध्याय की बार-बार पुनरावृत्ति करने के लिए कहने पर उसे मानसिक तनाव अथवा झुंझलाहट का अनुभव हो सकता है। इन तर्कों से तो यही प्रतीत होता है कि एआई आधारित मशीनी शिक्षक वास्तविक बुद्धि पर आधारित मानव शिक्षक से हर मामले में बेहतर साबित होगा, किंतु यह केवल और केवल कोरी कल्पना है। सत्य यही है कि मानवता का स्थान मशीन कभी नहीं ले सकती। सवाल यह उठता है कि एआई को शिक्षा के क्षेत्र में किस हद तक दखल देने की अनुमति दी जाए।

तकनीक के सदैव से दो पहलू रहे हैं- सकारात्मक एवं नकारात्मक। शिक्षा के क्षेत्र में भी हमें कृत्रिम मेधा के सकारात्मक पहलू का ही इस्तेमाल करना चाहिए। शिक्षकों को मशीन से प्रतिस्थापित कर देना तो सर्वथा अनुचित है, लेकिन शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को सहायता हेतु एआई आधारित असिस्टेंट उपलब्ध करा दिए जाएं तो यह बेहतर होगा, किंतु यह भी एक चुनौतीपूर्ण कार्य है, क्योंकि विद्यार्थियों को एआई जैसी सुविधा की खुली छूट मिल जाने पर वे जरा सी समस्या के हल हेतु एआई का ही मुंह ताकेंगे। स्वयं कोशिश करके हल ढूंढने एवं रचनात्मक ढंग से कार्य को अंजाम देने की प्रतिभा धीरे-धीरे उनसे दूर जाने लगेगी। इसके लिए यह आवश्यक है कि विद्यार्थियों को स्वयं अच्छे एवं बुरे की पहचान करते हुए सकारात्मक एवं प्रगति की ओर ले जाने वाली दिशा में कदम बढ़ाना चाहिए। शिक्षकों के द्वारा कृत्रिम बुद्धिमता का सहारा केवल अपने ज्ञानवर्धन एवं विषय की अद्यतन जानकारी हेतु ही करना चाहिए। अनुप्रयोगों एवं नवाचारों के माध्यम से शिक्षक को हमेशा यह सिद्ध करते रहना चाहिए कि एक मशीन चाहे कितनी ही उन्नत दशा में क्यों न पहुंच जाए, वह एक जीते जागते शिक्षक का मुकाबला कदापि नहीं कर सकती। कृत्रिम बुद्धिमत्ता को एक वरदान के रूप में देखते हुए हमें इसका उपयोग विषम परिस्थितियों एवं ऐसी स्थिति में करना चाहिए जहां पर मानव सामान्य रूप से कार्य करने में समर्थ नहीं है। उदाहरण के लिए, हमने 3 वर्ष पहले कोरोना जैसी महामारी को झेला है। इस महामारी ने प्रत्येक मनुष्य को किसी न किसी रूप में एवं किसी न किसी स्तर तक प्रभावित किया है। ऐसे गंभीर संकटों के समय में शिक्षा को सुचारू रूप से जारी रखने के लिए कृत्रिम मेधा का सहारा लिया जाना चाहिए। निष्कर्षतः यही कहा जा सकता है कि शिक्षा के क्षेत्र में कृत्रिम बुद्धिमत्ता का प्रयोग निस्संदेह शिक्षा के स्वरूप एवं स्तर में आमूलचूल परिवर्तन कर सकता है बशर्ते कि वह प्रयोग बुद्धिमत्ता के आधार पर किया जाए।

राजनीति
डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा



# सरकार के गठन में महिला वोटरों की होगी अहम भूमिका

विश्व के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश भारत में 18वीं लोकसभा के चुनाव का बिगुल बज गया है। सीधी सी बात है कि 4 जून चुनाव परिणाम के दिन दोपहर बाद तक 18वीं लोकसभा की तस्वीर साफ हो जाएगी। खैर यह अलग बात है पर विश्व के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश भारत में चुनावों में महिलाओं की बढ़ती सक्रिय भागीदारी तारीफे काबिल है। गत दो चुनावों ने देश की महिला वोटरों ने नई सरकार बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। मजे की बात यह भी है कि 2019 के चुनाव में पुरुष मतदाताओं की तुलना में महिला मतदाताओं ने अधिक मुखर होकर मतदान किया है। अब तो यह माना जाने लगा है कि देश के एक दर्जन के करीब राज्यों में महिलाओं के वोट ही नई सरकार के गठन में बड़ी भूमिका निभाने वाले हैं। तस्वीर का सकारात्मक पक्ष यह भी है कि मतदान ही नहीं चुनावों में सक्रियता से हिस्सा लेने और चुनावों में उम्मीदवारी जताने में भी महिलाएं आगे आई हैं। देश के पहले और दूसरे लोकसभा के आम चुनावों में जहां 22 महिला सांसद चुन कर आई थी वहीं गत 2019 के आम चुनाव में 78 महिला सांसद चुन कर आई। हांलाकि आधी आबादी को मुख्यधारा में लाने के लिए राजनीतिक दलों द्वारा नए नए सब्जबाग दिखाने के बावजूद टिकट वितरण के समय महिलाओं की हिस्सेदारी कम ही रह जाती है। अनुभव तो यही बताता है कि किसी भी राजनीतिक दल द्वारा आधी तो दूर की बात एक तिहाई सीटों पर भी महिलाओं को टिकट नहीं दिए जाते है। सबसे अच्छी बात यह है कि गांव हो या शहर महिलाएं अब पुरुष के कहे अनुसार मतदान करने वाली नहीं रही है। संपूर्ण



चुनाव प्रक्रिया में महिलाएं सक्रियता से हिस्सा लेने लगी हैं। पिछले चुनावों के आंकड़ों से यह सब साफ हो चुका है। इस साल देश में 96 करोड़ 88 लाख मतदाता है तो इनमें से महिला मतदाताओं की संख्या 47 करोड़ 15 लाख के करीब है। एक मोटे अनुमान के अनुसार पुरुषों की तुलना में करीब दो करोड़ महिला मतदाता कम है। कमोबेश यही स्थिति 2019 के लोकसभा चुनावों के दौरान थी। इस सबके बावजूद पुरुष मतदाताओं की तुलना में महिला मतदाताओं के मतदान का आंकड़ा अधिक है। 2019 के चुनावों में पुरुष मतदाताओं का प्रतिषत 67.02 प्रतिशत रहा तो महिलाओं के मतदान का प्रतिशत 67.18 प्रतिशत रहा। पूर्वोत्तर, हिमाचल, गोवा, बिहार सहित बहुत से प्रदेशों में महिलाओं का मतदान प्रतिशत अधिक रहा। यह तो रही मतदान की बात तो दूसरी और नई सरकार बनाने में भी महिला मतदाताओं की अधिक भूमिका रही है। देखा जाए तो महिलाओं ने जिस दल पर अधिक भरोसा जताया उसी दल की सरकार बनी। मजे की बात यह है कि 2014 में मोदी सरकार बनने और 2019 में रीपिट होने का प्रमुख कारण भी महिलाओं को भाजपा और खासतौर से नरेन्द्र मोदी पर अधिक भरोसा जताने को जाता है। 2004 के चुनावों में 22 प्रतिशत महिलाओं ने भाजपा और 26 प्रतिषत पुरुषों ने कांग्रेस को वोट दिया था वहीं 2019 के चुनाव आते आते इसमें जबरदस्त बदलाव देखने को मिला। 2019 के चुनावों में महिलाओं द्वारा मोदी में विश्वास व्यक्त करने का आंकड़ा 36 प्रतिशत पहुंच गया। विगत दो लोकसभा चुनाव परिणामों से सबक लेते हुए अब सभी राजनीतिक दल महिला मतदाताओं को अपने पक्ष में लाने के हरसंभव प्रयास में जुट गए हैं। यही कारण है कि महिलाओं को लुभाने वाली योजनाएं और कार्यक्रम ना केवल घोषित किए जा रहे हैं, अपितु राजनीतिक दलों के आने वाले चुनाव घोषणा पत्रों में महिला मतदाताओं को लुभाने के हरसंभव प्रयास होंगे। देश की विभिन्न प्रदेशों की विधान सभाओं के चुनावों में हम यह साफ रूप से देख चुके हैं। केन्द्र सरकार की उज्ज्वला योजना, मध्यप्रदेश की लाडली योजना, लखपति लाड़ली योजना, महिला मुखिया को नकद राशि और मुफ्त बस यात्रा ने कांग्रेस को कर्नाटक और तेलंगाना में देखा जा चुका है। आप महिला सम्मान योजना के माध्यम से महिलाओं को लुभाने का प्रयास कर रही है। खैर यह अलग बात है, पर यह साफ हो चुका है कि देश के लोकतंत्र के इस महापर्व में महिलाएं अग्रणी भूमिका निभाने जा रही है। अब महिला मतदाताओं को कमतर नहीं आंका जा सकता। महिला सशक्तिकरण की दिशा में भी इसे शुभ संकेत माना जा सकता है। इसमें कोई अतिशयोक्ति नहीं कि आने वाले चुनावों में राजनीतिक दलों की निगाहें महिला मतदाताओं की और ही रहेगी।

# जीवन मूल्यों का पाठ है योग



संकलित
दर्शन

भारत ने जो विश्व को बहुमूल्य उपहार दिए हैं, योग उनमें से एक है। योग हमारी अंतर्जात क्षमताओं को जाग्रत करने और पूर्णता की उच्चतम स्थिति की प्राप्ति में सहायक है। लोहे का एक टुकड़ा चुंबक कैसे बन जाता है? जब लौह कण एक दिशा-विशेष में एकत्र हो जाते हैं, तब यह होता है। उसी प्रकार, यदि हम अपने मन को एक ही बिंदु पर-एक ही दिशा में एकाग्र करें तो हम असीम ऊर्जा उत्पन्न कर सकते हैं। हमारे प्राचीन ऋषि-मुनियों ने एकाग्रता के साथ तप किया और इतनी शक्ति अर्जित की। जैसे सूर्य की किरणों को आवर्धक लेंस द्वारा एक बिंदु पर एकत्रित करें, तो रुई जल सकती है। यही बात हमारी आंतरिक शक्तियों पर भी लागू होती है। हम निष्ठापूर्ण एकाग्रता-शक्ति अर्थात योग द्वारा इनका आह्वान कर सकते हैं। योग हो या कोई अन्य साधना, सम्यक ज्ञान और मार्गदर्शन बहुत आवश्यक है। साथ ही, बाहरी व भीतरी अनुशासन भी बरतना चाहिए।बुरे कर्मों से बच कर, हम स्वस्थ विचार और दृष्टिकोण बनाएं और धर्मोचित कर्म करें। मूल्यों पर आधारित जीवन जिएंगे, तभी हमें योगाभ्यास का पूरा-पूरा लाभ प्राप्त होगा। योग हमारी बुद्धि,भावनात्मक मन एवं शरीर के लिए उपयोगी है। यह बिना दुखी हुए, हमें जीवन की समस्याओं से संतुलित रूप से निपटना सिखाती है। आइए, हम सब अपने प्राचीन ऋषि-मुनियों द्वारा सिखाई गई इस अमूल्य विद्या को प्रोत्साहन देने एवं इसे लोकप्रिय बनाने का प्रयत्न करें।

# ईमानदारी और आत्म सम्मान के साथ जीएं



संकलित
प्रेरणा

एक सेठ अपने नौकर के साथ ऊंट खरीदने गया। उसने मंडी में एक ऊंट पसंद किया और उसे खरीदकर अपने घर लेकर आ गया। सेठ ने ऊंट की पीठ से गादी हटाई तो वहां एक पोटली दिखाई दी। उस पोटली में देखा तो उसमें हीरे थे। सेठ समझ गया कि ये हीरे ऊंट के पुराने मालिक के हैं, जिससे ऊंट खरीदा है। पोटली में हीरे देखकर नौकर ने कहा कि हमें तो ऊंट के साथ हीरे भी मिल गए हैं। सेठ ने नौकर से कहा कि हमने तो सिर्फ ऊंट खरीदा है, हीरे नहीं, इसलिए ये पोटली ऊंट के व्यापारी को वापस देनी होगी। अगले दिन सेठ ऊंट बेचने वाले व्यापारी के पास पहुंच गया और हीरों की थैली लौटा दी। ऊंट के व्यापारी ने कहा कि आप तो बहुत ईमानदार हैं। ये कीमती हीरे हैं, मैं रखकर भूल गया था। आपकी नीयत एकदम साफ है। अपनी ईमानदारी के लिए आप इसमें से एक हीरा रख लीजिए। सेठ ने कहा कि मुझे ये हीरा नहीं चाहिए। मैंने किसी भेंट के लिए ये पोटली आपको नहीं दी है। मेरा कर्तव्य था, मैंने आपको ये थैली दे दी। जब हीरों के मालिक ने बार-बार निवेदन किया तो सेठ ने कहा कि मैंने पहले से ही दो हीरे रख लिए हैं। ये बात सुनते ही हीरों के मालिक को गुस्सा आ गया। हीरों के मालिक ने तुरंत ही पोटली में से हीरे निकाल कर गिनना शुरू कर दिए। उस थैली में 50 हीरे थे। हीरों के मालिक ने कहा कि थैली में तो पूरे हीरे हैं, आप किन दो हीरों की बात कर रहे हैं। ऊंट खरीदने वाले सेठ ने कहा कि मेरे ये दो हीरे हैं ईमानदारी और आत्म सम्मान।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### गर्मी का अभी ट्रेलर है, पिक्चर बाकी है

देश के बहुत से राज्य आग बरसाने वाली गर्मी से परेशान हैं। कुछ राज्यों में तापमान 50 डिग्री के पार हो गया और कहीं कहीं इसके करीब पहुंच गया है। समुद्र तट किनारे स्थित मुंबई भी आजकल गर्मी की चपेट में है, जबकि कहते हैं कि यहां गर्मियों में भी उतनी गर्मी नहीं होती है कि यह आफत बने। आखिर क्या कारण है कि यहां भी गर्मी मुंबई वासियों के लिए आफत बन रही है? कुदरत हमें समझा रही है कि कुदरत के विरुद्ध जाकर इनसान जो काम किए जा रहा है, उसका यह गर्मी तो ट्रेलर है, फिल्म अभी बाकी है। सवाल यह है कि अभी इतनी गर्मी है तो भविष्य में क्या होगा? भावी पीढ़ी का भविष्य कैसा होगा? अगर गर्मी इसी तरह बढ़ती रही तो यह प्राणी जाति के अस्तित्व के लिए भी हानिकारक सिद्ध होगा। इस समस्या के समाधान के लिए पूरे विश्व को एकजुट होना होगा।

*- मोहन यादव, भाटापारा*

## करंट अफेयर

# रैनसमवेयर नेटवर्क के खिलाफ बड़ी कार्रवाई


यूरोपीय संघ (ईयू) की न्याय एजेंसी के समन्यव में पुलिस ने वृहद पैमाने पर कार्रवाई करते हुए ईमेल के जरिये रैनसमवेयर का प्रसार करने वाले कंप्यूटर नेटवर्क को बाधित करते हुए चार संदिग्धों को गिरफ्तार कर लिया। रैनसमवेयर एक प्रकार का वायरस है, जो कंप्यूटर सिस्टम को हैक कर उसमें छेड़छाड़ करने मुमकिन हो जाता है। एजेंसी ने इस तरह के आकर्षक स्वरूप वाले साइबर अपराध के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई को अब तक का सबसे बड़ा अंतरराष्ट्रीय अभियान करार दिया है।



## ऑफ बीट

# नॉट्रोपिक्स क्या हैं क्या वे आपको स्मार्ट बनाते हैं?

इनसान लंबे समय से एक ऐसे 'जादुई अमृत' की खोज कर रहा है, जो उसे अधिक स्मार्ट बना दे और उसके फोकस और याददाश्त में सुधार लाए। इसमें संज्ञानात्मक कार्य को बेहतर बनाने के लिए हजारों साल पहले इस्तेमाल की जाने वाली पारंपरिक चीनी दवा भी शामिल है। अब हमारे पास नॉट्रोपिक्स हैं, जिन्हें स्मार्ट ड्रग्स, मस्तिष्क बूस्टर या संज्ञानात्मक क्षमता बढ़ाने वाले के रूप में भी जाना जाता है। आप इन गम्मी, च्युइंग गम, गोलियों और त्वचा पैच को ऑनलाइन या सुपरमार्केट, फार्मेसियों या पेट्रोल स्टेशनों से खरीद सकते हैं। आपको किसी नुस्खे या किसी स्वास्थ्य पेशेवर से परामर्श की आवश्यकता नहीं है।



## ट्रेंड

### विशेष समिति गठित करेंगे



पिछले साल अचानक उनकी तबीयत बिगड़ने से नवीन बाबू का हर शुभचिंतक चिंतित है। क्या इसके पीछे कोई लॉबी है? ओडिशा में हमारी सरकार बनने के बाद इस मामले की जांच करने और पूरी सच्चाई सामने लाने के लिए एक विशेष समिति का गठन किया जाएगा।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### बाल दासता के खिलाफ लड़ाई



करुणा कोई कोमल भावना नहीं है, बल्कि इसमें स्वतंत्रता, समानता, समावेश और न्याय प्राप्त करने के लिए सामाजिक परिवर्तन की जबरदस्त शक्ति है। यह बाल दासता के खिलाफ मेरी लड़ाई में प्रेरक शक्ति रही है।

-कैलाश सत्यार्थी, नोबेल विजेता

### बहुत कुछ सीखने को मिला



लम्बा चुनाव प्रचार समाप्त हो रहा है। इस प्रचार के दौरान देश के बारे में बहुत कुछ सीखने को मिला। यहां के कण कण में मुहब्बत है, ज्ञान है, बोध है। इस देश की समझ दिल्ली में बैठ कर सोशल मीडिया या टेलीविज़न से नहीं हासिल हो सकती।

-पवन खेड़ा, कांग्रेस नेता

### नौकरी देना है लक्ष्य



जिस तरह अर्जुन का लक्ष्य मछली की आंख थी उसी तरह तेजस्वी का लक्ष्य युवाओं को नौकरी-रोजगार देना है, लोकतंत्र और आरक्षण को बचाना है। ये लोग हमारा ध्यान भटकाने का प्रयास करते है, धमकी देते है, पर हम अपने लक्ष्य पर अड़िग है।

-तेजस्वी यादव, राजद नेता

## संक्षेप

### अयोध्या में युवक की हीट-स्ट्रोक से मौत

पीएनसी कंपनी में सुरक्षाकर्मी के पद पर तैनात था, भाई बोला- 4 साल पहले हुई थी शादी

मिल्कीपुर, मिल्कीपुर में पीएनसी कंपनी के सुरक्षाकर्मी की गर्मी से मौत हो गई। एनएच 330-ए बना रही कार्यदाई संस्था पीएनसी कंपनी में तैनात सुरक्षा कर्मी की हीटस्ट्रोक से तबीयत बिगड़ गई। इसके बाद उसे सौ शैय्या अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां पर डॉक्टरों ने हालत गम्भीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। अयोध्या रायबरेली राष्ट्रीय राजमार्ग बना रही पीएनसी कंपनी की एटीपीएल शाखा हलियापुर में सिक्योरिटी गार्ड पद पर तैनात संदीप कुमार पाल की अचानक तेज गर्मी के चलते तबीयत बिगड़ गई। अन्य सुरक्षा गार्डों ने उपचार करने के लिए स्थानीय सौ शैय्या अस्पताल कुमारगंज पहुंचाया। जहां पर इमरजेंसी में तैनात डॉक्टर दुर्ग विजय ने हीट स्ट्रोक कल लक्षण बताते हुए जिला अस्पताल का अयोध्या रेफर कर दिया था। संदीप के साथियों ने एंबुलेंस से जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां पर इलाज के दौरान संदीप की मौत हो गई। पीएनसी कंपनी के कर्मचारी अंकित सिंह ने बताया कि अचानक तबीयत बिगड़ने पर अस्पताल पहुंचाया गया था, लेकिन डॉक्टरों ने उपचार नहीं किया सीधे जिला अस्पताल रेफर कर दिया था। जहां इलाज शुरू होते ही मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम करने के बाद परिजनों को सौंप दिया है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ स्पष्ट कहा जा सकेगा। संदीप के भाई हौसिला पाल ने बताया कि 2020 में उसकी शादी हुई थी। अभी कोई संतान नहीं था। उससे पहले ही यह घटना हो गई। चार भाइयों में संदीप सबसे छोटे थे। हमारे एक रिश्तेदार डॉक्टर है। उन्होंने शव देखने के बाद यही कहा कि हीट स्ट्रोक से ही मौत हुई। अब देखो पोस्टमॉर्टम में क्या आता है। बता दें कि मिल्कीपुर में पारा 43 से 45 डिग्री तक पहुंच गया है। इस गर्मी के चलते जहां लोग बेहाल हैं और बीमार हो रहे हैं।

### बांदा में 200 चमगादड़ों की मौत

जिले में 10 सालों का टूटा रिकॉर्ड, पारा पहुंचा 49 डिग्री सेल्सियस, पोस्टमॉर्टम कराया जा रहा

बांदा, नौतपा की बढ़ती हुई गर्मी में बढ़े तापमान से पक्षियों की मौत हो रही है। भीषण गर्मी और लू ने जहां आम जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया है। वहीं अब बेजुबान जीव जंतुओं की जान पर बन आई है। अतर्रा के ऑक्सीजन पार्क में लगभग 200 चमगादड़ों के शव और तोते के शव बरामद हुए हैं। पूरा मामला बांदा के अतर्रा कस्बे के बांदा नहर कोठी में स्थित ऑक्सीजन पार्क का है। यहां पर बांदा का तापमान 49 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया है और पिछले 10 सालों का रिकॉर्ड टूट गया है। बांदा के अतर्रा में भीषण गर्मी के चलते करीब 200 चमगादड़ों ने दम तोड़ दिया।

# प्रेरणादायी है महाराजा सुहेलदेव जी की वीरगाथा: राजकिशोर

## सत्य सनातन परम्परा के संवाहक थे महाराज सुहेलदेव जी: स्वामी विष्णु देवाचार्य

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। महाराजा सुहेलदेव विजयोत्सव कार्यक्रम भव्य रूप से मनाया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक प्रांत सामाजिक समरसता संयोजक राजकिशोर जी एवं पूज्य स्वामी विष्णु देवाचार्य जी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन समिति के सचिव अर्जुन कुमार दिलीप ने किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि राज किशोर ने कहा कि महाराजा सुहेलदेव का जीवन संपूर्ण समाज के लिए प्रेरणादायी है। राष्ट्र की रक्षा के लिए उनका शौर्य पराक्रम हम सभी के लिए अनुकरणीय है।

विदेशी आक्रांता को धूल चटाकर महाराजा सुहेलदेव ने यह संदेश दिया कि जो भी बालार्क ऋषि की तपोस्थली पर गलत दृष्टि डालेगा उसका वही हश्र होगा जो सालार मसूद का हुआ था। उन्होंने कहा कि भारत के योद्धा कभी भी साम्राज्यवाद के संपोषक नहीं थे किन्तु यदि किसी ने भारत के भूभाग पर आक्रमण करके पराभूत करना चाहा तो ऐसे आतातायी को हार का सामना करना पड़ा। स्वामी विष्णु देवाचार्य जी ने कहा कि हम सभी को धर्म अनुरूप आचरण करना चाहिए क्योंकि धर्म अनुरूप आचरण से ही देश व समाज की रक्षा हो सकती है।

महाराजा सुहेलदेव का जीवन धर्म युक्त था वह सत्य सनातन परंपरा के संपोषक थे। इसलिए महाराजा सुहेलदेव ने धर्म की रक्षा के लिए युद्ध लड़ा और विदेशी आक्रांता को नष्ट कर दिया। महाराजा सुहेलदेव जी का जीवन और उनकी वीरगाथा का हम सभी को अनुसरण करना चाहिए। हमारी युवा पीढ़ी को अपने देश की गौरवशाली परंपराओं एवं वीरगाथाओं से प्रेरणा लेनी चाहिए। कार्यक्रम के दौरान प्रसिद्ध भागवत कथाकार पंडित शिवबंश शास्त्री व प्रसिद्ध गायक सरदार जसबीर सिंह ने अपने भजन से लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर पंडित शिवबंश मिश्र, श्रवण द्विवेदी, भूपेंद्र सिंह, धर्मेंद्र सिंह, डॉ देवेंद्र उपाध्याय, अतुल गौड़, मोलह राम राजभर, रामायण राजभर, पेशकार यादव, राजेश पांडे, हरिश्चंद्र गुप्ता, आदित्य भान सिंह, बैजनाथ सिंह, शिवम, ओमकार गुप्ता, शुभम गुप्ता, मंजुला पाठक, ओमप्रकाश सक्सेना, पंकज केवट, जनार्दन राजभर, जयप्रकाश गुप्ता, सचिन श्रीवास्तव सरदार जसवीर सिंह, आदि सहित भारी संख्या में श्रद्धालु भक्त उपस्थित रहे।

# कंदौली चल रही संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा मे हुआ में गंधर्व विवाह का वर्णन

अमन लेखनी समाचार




फखरपुर, बहराइच। न्याय पंचायत बदरौली के अंतर्गत राजस्व गांव कंदौली में विगत कई दिनों से चल रही संगीत मय श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ के षस्टम दिवस कथा व्यास आचार्य रमेश चंद्र शास्त्री जी महाराज ने रुक्मणी श्री कृष्ण विवाह का वर्णन किया। शास्त्री जी ने वैदिक सभी आठ विवाह में श्रेष्ठ गंधर्व विवाह का विस्तार से वर्णन करते हुए कहा कि कुंदनपुर नाम का एक देश था जिसमें भीष्मक नाम के राजा राज करते थे। जिनमें पांच पुत्र थे रुक्मी, रुक्मरथ, रूक्मबाहु, रुक्मकेश, रुक्ममाली। इन्हीं के साथ में एक बहन थी जिसका नाम रुक्मणी था जो स्वयं आदि शक्ति जगदंबा थी। एक दिन पिता भीष्मक ने रुक्मणी को सहेलियों के साथ खेलते हुए देखा तो सोचा कि रुक्मणी विवाह योग हो गई है। इसका विवाह करना चाहिए इसके लिए मन ही मन में राजा भीष्मक ने श्री कृष्ण का चयन किया लेकिन बड़ा बेटा रुक्मी ने इस विवाह का विरोध किया रुक्मी चाहता था कि रुक्मणी का विवाह चंदेरी नरेश दमघोष पुत्र शिशुपाल के साथ हो जिसका उसने टीका लग्न पत्रिका भेज दिया था। विवाह का दिन निश्चित हो गया था शिशुपाल अपनी बारात लेकर कुंदनपुर की ओर चला रुक्मणी श्री कृष्ण के प्रेम करती थी। इसलिए पूज्य पुरोहित को प्रेम पत्र देकर द्वारिका भेजा था। भगवान श्री कृष्ण को पत्र मिलते ही कन्हैया रथ पर बैठकर कुंदनपुर जाते हैं और रुक्मणी को रथ पर बिठाकर द्वारिका पुरी लेकर आते हैं। द्वारिकापुरी में पहुंचकर वैदिक रीति रिवाज के अनुसार रुक्मणी और श्री कृष्ण का विवाह संपन्न हुआ भजन गायक आशीष शुक्ला एवं संतोष यादव ने सुंदर-सुंदर भजन सुना कर लोगों को मंत्र मुक्त कर दिया मुख्यमन की भूमिका निभा रहे क्षत्रिय कुलभूषण सपत्नी नरसिंह बहादुर सिंह ने पूजा आरती के पश्चात कथा श्रवण किया इस अवसर पर रमेश सिंह, प्रमोद सिंह, अनूप, राकेश, विनय, अजय, राजेश कुमार, कुलदीप, बृजेश, रवि, आनंद, अभय, ओम सिंह आदि उपस्थित रहे

# 15 हजार का इनामी बदमाश गिरफ्तार

- अमेठी में पुलिस ने बदमाश के पास स्मैक की बरामद, चेकिंग के दौरान पकड़ा

अमन लेखनी समाचार




अमेठी जिला, अमेठी में मुसाफिरखाना कोतवाली पुलिस ने 15 हजार के इनामी बदमाश को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी के पास से पुलिस ने 30 ग्राम स्मैक पाउडर भी बरामद किया है। चेकिंग अभियान के दौरान आरोपी की गिरफ्तारी की गई है। आरोपी को हिरासत में लेकर जेल भेज दिया गया। आरोपी के ऊपर मुंशीगंज और मुसाफिरखाना कोतवाली में कई गंभीर मामले दर्ज हैं। दरअसल ये पूरा मामला मुसाफिरखाना क्षेत्र का है। यहां मुसाफिरखाना कोतवाली पुलिस ने आज सुबह चेकिंग अभियान के दौरान मुंशीगंज कोतवाली क्षेत्र के रहने वाले अखिलेश सिंह को रामशाहपुर तिराहे के पास से गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अखिलेश सिंह के पास से पुलिस ने 30 ग्राम स्मैक पाउडर भी बरामद किया। आरोपी को पुलिस ने थाने लाने के साथ न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेजा है। मुसाफिरखाना कोतवाली प्रभारी विनोद कुमार सिंह ने बताया, चेकिंग अभियान के दौरान आरोपी को हिरासत में लिया गया। आरोपी पर 15 हजार का इनाम था।

# कंटेनर ने 7 गाड़ियों को रौंदा, 3 बच्चों की मौत

- अमेठी में रेल क्रॉसिंग पर खड़ी थी गाड़ियां, पीछे से टक्कर मारी; 50 मीटर तक घसीटा

अमन लेखनी समाचार



अमेठी जिला, अमेठी में बेकाबू कंटेनर ने रेलवे क्रॉसिंग पर खड़ी 7 गाड़ियों को रौंद दिया। कंटेनर की टक्कर इतनी भीषण थी कि कई गाड़ियां 50 मीटर तक घसीट ले गया। हादसे में एक कार में बैठे 3 बच्चों की मौत हो गई। इनकी उम्र 11 से 14 साल के बीच है। आपस में भाई-बहन हैं। 5 लोग घायल हैं। हादसा 3 बजे लखनऊ-वाराणसी हाईवे पर कमरौली इलाके में हुआ। भेल के सामने रेलवे क्रॉसिंग बंद होने के चलते 15-20 गाड़ियां खड़ी थीं। लखनऊ की तरफ से आ रहे तेज रफ्तार कंटेनर ने वहां खड़ी गाड़ियों को रौंद दिया। 7 गाड़ियां हादसे में बुरी तरह डैमेज हो गई। अचानक हुए हादसे से वहां भगदड़ मच गई। लोग कुछ समझ पाते तब तक कंटेनर चालक मौके से भाग गया। टक्कर से कई लोग कार में फंस गए। पुलिस और स्थानीय लोगों ने उनको बाहर निकाला। 6 घायलों को नजदीकी जगदीशपुर सीएचसी में भर्ती कराया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि काफी देर से रेल क्रॉसिंग बंद थी, इस वजह से लोग गाड़ियों के बाहर निकलकर खड़े हो गए थे। वरना, हादसे में मौत या घायलों का आंकड़ा बढ़ सकता था। हादसे में एक हुंडई कार, डीसीएम, पिकअप, थार समेत 7 गाड़ियां पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिस ने क्रेन मंगाकर गाड़ियों को हटवाया। कॉसिंग पर खड़ी हुंडई कार में 4 बच्चे सवार थे। अदनान (11) पुत्र जुल्फिकार, फातिमा (13) पुत्री शकील, आफरीन (14) पुत्री मंजूर और फारिस (8) पुत्र बबलू। टैंकर की टक्कर इतनी भीषण थी कि अदनान, फातिमा और आफरीन की मौत हो गई। जबकि फारिस की हालत गंभीर है। उसे हायर सेंटर के लिए रेफर किया गया है। सभी आपस में चचेरे भाई-बहन थे। हुंडई कार का ड्राइवर गर्मी के कारण गाड़ी से बाहर खड़ा था। वह सुरक्षित है। पुलिस ने बताया कि हुंडई कार सवार सभी सुल्तानपुर के रहने वाले थे। बाराबंकी में देवा शरीफ से लौट रहे थे। हादसे में आरिफ, अख्तर खान, ताजिया खान, लारेफ खान, साजिद खान को भी हल्की फुल्की चोटें आई हैं। यह सभी अलग-अलग गाड़ियों में सवार थे। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि इस क्रॉसिंग पर आए दिन हादसे होते रहते हैं। पास में ही मालगाड़ियां लोड होती है। इसके बाद यहां से निकलती है। इस वजह से यहां पर घंटों क्रॉसिंग बंद रहती है। लंबा जाम लग जाता है।

# लोक जनशक्ति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान अयोध्या पहुंचे

- बोले- सनातन को नहीं मानता विपक्ष, इसके विनाश की रखता है सोच

अमन लेखनी समाचार



अयोध्या, लोक जन शक्ति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान अयोध्या पहुंचे। उन्होंने हनुमानगढ़ी और राम जन्मभूमि का दर्शन पूजन किया। इसके बाद उन्होंने कहा कि प्रभु श्रीराम भव्य मंदिर में विराजमान हो चुके हैं। उनकी प्राण प्रतिष्ठा के दिन मैं यहां मौजूद था। मैं भाग्यशाली हूं। उसी दिन से थी मन में पूरे परिवार के साथ प्रभु राम का दर्शन करने की जो इच्छा थी वह आज पूरी हो गई। उन्होंने कहा कि आज प्रभु राम का दर्शन किया है, पवन पुत्र हनुमान का आशीर्वाद मिला है। देश में महत्वपूर्ण समय चल रहा है। राजनेताओं के दिमाग में तमाम तरह की बातें चल रही हैं। जिस तरह से देश की आबादी प्रधानमंत्री पर भरोसा रखती है। गरीब कल्याण की योजनाओं से पीएम मोदी ने हर घर को प्रभावित किया है। चिराग पासवान ने कहा कि 400 पार का लक्ष्य बहुत सरलता से हम लोग प्राप्त करेंगे। बिहार की सभी 40 सीटें हमें मिल रहीं हैं। प्रधानमंत्री के कन्या कुमारी में ध्यान साधना पर बोले कि जिस तरह से प्रधानमंत्री आध्यात्मिक सनातन को विश्वास दिला रहे हैं। जो लोग सनातन के विनाश के बारे में सोचते हैं उनको वह ऊर्जा प्राप्त नहीं होगी। चिराग ने एक बार फिर अयोध्या में खुद को मोदी का हनुमान बताया।

# दबंगों ने महिलाओं पर ईंट से किया हमला

- बुजुर्ग महिला समेत चार घायल, रास्ते के विवाद को लेकर हुई मारपीट

अमन लेखनी समाचार



अमेठी जिला, अमेठी में पिछले दो महीने से चले आ रहे रास्ते के विवाद ने आज खूनी संघर्ष का रूप ले लिया। बार-बार पुलिस से शिकायत करने से नाराज दबंगों ने महिलाओं पर ईंटों से हमला कर दिया। दबंगों के हमले के बुजुर्ग महिला समेत चार महिलाओं को चोटें आई। जिनका इलाज स्थानीय अस्पताल में चल रहा है। फिलहाल इस मामले में पुलिस ने दोनों पक्षों से विधिक कार्यवाही करने में जुटी हुई है। दरअसल ये पूरा मामला जामो थाना क्षेत्र के पूरे सूबेदार चौबे का पुरवा गांव का है जहाँ गांव की रहने वाली सुषमा का पड़ोस के रहने वाले प्रशांत और उसके परिवार से रास्ते का विवाद चल रहा था। आज प्रशांत के द्वारा रास्ते पर मड़हा डालकर कब्जा कर लिया गया। जिसकी शिकायत जब सुषमा ने की तो प्रशांत और उसके परिजन हमलावर हो गए और घर मे मौजूद एक 70 वर्षीय बुजुर्ग महिला, सुषमा और दो किशोरियों पर ईंटों से हमला कर दिया। दबंगो के हमले में सभी चारों महिलाये घायल हो गई। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुँची पुलिस ने सभी घायलों को एम्बुलेंस की मदद से अस्पताल पहुँचाया जहां सभी का इलाज चल रहा है। पीड़ित महिला सुषमा ने ने कहा कि विपक्षियों द्वारा रास्ते मे मड़हा डालकर कब्जा किया जा रहा था। जिसके बाद उन्होंने पुलिस से शिकायत की। शिकायत मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुँची और मड़हा बनाने से रोक दिया लेकिन जैसे ही पुलिस गई इन लोगों ने मड़हा डाल लिया। जब हम लोगों ने इसका विरोध किया तो प्रशांत, आशीष, रोहित और दाढ़ी ने ईंटों और सरिए से हमला कर दिया। वही पूरे मामले पर जामो एसएचओ विवेक सिंह ने कहा कि दोनों पक्षों को हिरासत में लेकर 151 के तहत कार्यवाही की जा रही है। दोनों पक्षों के द्वारा मिली तहरीर के आधार पर मुकदमा भी दर्ज किया जा रहा है।

# पिकअप सवार भैंस चोर और ग्रामीण हुए आमने-सामने

## ग्रामीणों से घिरता देख भैंस और पिकअप छोड़ फरार हुए चोर, पुलिस चोरों की तलाश में जुटी

अमन लेखनी समाचार



अमेठी जिला, अमेठी में भोर में भैंस चोरी कर भाग रहे पिकअप सवार चोर और ग्रामीण आमने सामने हो गए। बाइक से चोरों का पीछा कर रहे ग्रामीणों पर चोरों ने पिकअप चढ़ा दी, जिससे एक बाइक पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई, जिसमें एक युवक बाल बाल बच गया। ग्रामीणों से घिरता देख चोर पिकअप और भैंस छोड़कर मौके से फरार हो गए। फिलहाल ग्रामीणों की सूचना के बाद मौके पर पहुँची पुलिस ने पिकअप को कब्जे में लेकर चोरों की तलाश शुरू कर दी है। दरअसल ये पूरा मामला बाजार शुकुल थाना क्षेत्र के नेवाजगढ़ अहमदपुर गांव का है। जहां आज सुबह पिकअप सवार चोर में सुरजीत की भैंस चुराने का प्रयास कर रहे थे इसी बीच खटपट की आवाज सुनकर सुरजीत की आंख खुल गई और वो बाहर निकले तो देखा कि चोर भैस को खोलने का प्रयास कर रहे है। चोरों को देख सुरजीत ने चिल्लाना शुरू कर दिया जिसके बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके की तरफ दौड़े। ग्रामीण को अपनी तरफ आता देख चोर पिकअप लेकर भागने लगे। किसान सुरजीत ने बताया कि एक चोर गाड़ी चला रहा था और दो मुंह ढककर लाठी लेकर पिकअप के पीछे वाले हिस्से में खड़े थे। पीछा कर रहे ग्रामीणों को लाठी से मारकर भागने का प्रयास कर रहे थे।

# अमेठी रेलवे स्टेशन परिसर में मिला युवक का शव

- हीट स्ट्रोक से मौत की आशंका, सीमा विवाद में उलझी रही रेलवे और स्थानीय पुलिस

अमन लेखनी समाचार



अमेठी जिला, अमेठी में कल देश शाम रेलवे स्टेशन परिसर में युवक का शव मिलने से हड़कंप मच गया। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पहुंची स्थानीय पुलिस और रेलवे पुलिस काफी देर तक सीमा विवाद में उलझे रहे। इसके बाद स्थानीय पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है। युवक की पहचान गौरीगंज थाना क्षेत्र के पंडरी गांव के रहने वाले कृपाशंकर के रूप में हुई है। फिलहाल हीट स्ट्रोक से मौत की आशंका जाहिर की जा रही है। पूरा मामला अमेठी कोतवाली क्षेत्र के अमेठी रेलवे स्टेशन परिसर का है, जहां कल देर शाम करीब आठ बजे स्टेशन अधीक्षक ऑफिस के पीछे एक युवक का शव मिलने से हड़कंप मच गया। आसपास के लोगों की नजर जब शव पर पड़ी तो पुलिस को सूचना दी गई। अमेठी कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। करीब एक घंटे तक अमेठी कोतवाली पुलिस और रेलवे पुलिस सीमा विवाद में उलझी रही। युवक की जेब से आधार कार्ड बरामद हुआ, जिससे उसकी पहचान कृपाशंकर पुत्र रमापत तिवारी पूरे लक्ष्मीधर पंडरी के रूप में हुई।

# सुल्तानपुर में अराजकतत्वों ने गॉर्ड को पीटा

निजी हॉस्पिटल में मरीज लेकर पहुंचे थे आरोपी, पुलिस ने दर्ज किया केस



अमन लेखनी समाचार

सुलतानपुर, निजी हॉस्पिटल में मरीज लेकर पहुंचे लोगों में से कुछ अराजकतत्वों ने हॉस्पिटल के गॉर्ड की पिटाई कर दी। घटना का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। गॉर्ड की तहरीर पर पुलिस ने एक नामजद समेत अज्ञात पर केस दर्ज किया है। घटना गोसाईगंज थाना क्षेत्र के टाटिया नगर क्षेत्र की है। जानकारी के अनुसार टाटिया नगर स्थित एक निजी हॉस्पिटल में गुरुवार की शाम कुछ एक मरीज को लेकर पहुंचे। गॉर्ड राम केवल यादव ने गेट खोला और मरीज को लेकर आई गाड़ी अंदर पहुंची। तभी मरीज की गाड़ी के साथ बाइक से आए अन्य लोग भी गाड़ी अंदर ले जाने की कोशिश करने लगे।

# अमेठी में सड़क हादसे में बेटे की मौत

- हाइवे पर पिता के साथ टायर बदल रहा था, पिता की हालत गंभीर

अमन लेखनी समाचार



अमेठी जिला, अमेठी में देर रात पिकअप का टायर बदल रहे पिकअप चालक पिता पुत्र को तेज रफ्तार मैजिक वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में पुत्र की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि पिता समेत मैजिक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां दोनों का इलाज चल रहा है। मृतक जौनपुर जिले का रहने वाला था। दरअसल ये पूरा मामला मुसाफिरखाना कोतवाली क्षेत्र के लखनऊ वाराणसी राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित पूरे पटई प्रेम शाह गांव के पास का है। जहां आज सुबह करीब चार बजे पिकअप चालक अपने 18 वर्षीय बेटे के साथ जौनपुर की तरफ जा रहा था। तभी अचानक गाड़ी का टायर पंचर हो गया। टायर पंचर होने के बाद पिता पुत्र टायर बदलने लगे। इसी बीच पीछे से आ रहे तेज रफ्तार मैजिक ने दोनों को टक्कर मार दी। हादसे में पिकअप चालक के 18 वर्षीय बेटे राकेश कुमार शिल्पकार की मौके पर ही मौत हो गई।

# संक्षेप

## सीतापुर में संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत

### घर के अंदक कमरे में मिला शव, 8 साल पहले हुई थी शादी

सीतापुर, सीतापुर में संदिग्ध परिस्थितियों में घर के कमरे में युवक का शव मिलने से हड़कंप मच गया। शव को देखकर परिवार वालों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए उसे जिला मुख्यालय भेज दिया और मामले की जांच पड़ताल में जुट गई।मामला सदरपुर थाना इलाके का है मरखापुर मजरे शाहपुर निवासी दीपू उर्फ दीपकूमार (30) पुत्र सुंदरलाल बीती रात कमरे में सोने के लिए गया था। सुबह काफी देर तक वह नहीं उठा तो घरवाले उसे जगाने के लिए गये, तो देखा कि दीपकुमार मृत अवस्था में पड़ा है।ऐसे में मृतक के चचेरे भाई राजाराम ने डायल 112 को सूचना दी। मौके पर पीआरवी 112 और थाना सदरपुर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। थाना सदरपुर में तैनात वरिष्ठ उपनिरीक्षक मुकेश कुमार ने बताया है कि मृतक के चचेरे भाई (ताऊ के बेटे ने) राजाराम पुत्र तेजनारायण ने थाने पर सूचना देकर शव का पीएम कराए जाने की मांग की है। ग्रामीणों ने बताया कि मृतक का विवाह आठ वर्ष पूर्व कोलकाता से हुआ था।मृतक दो भाई और एक बहन हैं।बड़ा भाई नंदगोपाल सपरिवार मुंबई में रहता है।मृतक के पिता और उसकी पांच 5 वर्षीय पुत्री कैंसर से पीड़ित है। वह शराब का आदि था।एक वर्ष पूर्व मुंबई से अपने घर आया था।मृतक के बीमार पिता सुंदरलाल की सेवा सत्कार में दीपू चौहान पुत्र दुलारे व उसकी मां रामदुलारी करीब 12 वर्षो से करते चले आ रहे हैं। जिसके एवज में पिता ने सेवादारों के नाम अपनी कुछ जमीन भी करा दी थी। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## जालौन में लू लगने से बुजुर्ग की मौत

### खेत में बकरी चराने गया था, पेड़ के नीचे बैठे हुए बेहोश हुए, मुआवजे का मिला भरोसा

जालौन, जालौन में भीषण गर्मी का कहर देखने को मिला है। यहां खेत पर बकरी चराने गए एक 65 वर्षीय बुजुर्ग की लू लगने से मौत हो गई। लू लगने से मौत की जानकारी जैसे ही प्रशासनिक अधिकारियों को हुई वह मौके पर पहुंचे। पुलिस के साथ मिलकर मामले की जांच करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इसके साथ ही राजस्व विभाग द्वारा आर्थिक सहायता दिए जाने की बात कही।

घटना जालौन कोतवाली के ग्राम सुढार सालावाद की है। यहां के रहने वाले 65 वर्षीय बुजुर्ग बिंदोले जाटव पुत्र नागोले सुबह घर से खेत पर बकरी चराने गए थे। जब वह खेत पर बकरी चरा रहे थे और एक पेड़ के नीचे बैठे हुए थे तभी लू लगने के कारण वह बेहोश हो गए, जिसे आसपास मौजूद उनके साथियों ने देखा। उन्हें उठाकर घर लाए और गांव के ही डॉक्टर को बुलाकर चेकअप कराया तो उन्होंने मृत घोषित कर दिया। लू लगने से मौत होने की जानकारी प्रशासनिक अधिकारियों को परिजनों ने दी।

# रचनात्मक ट्रस्ट केंद्र पर हुआ गर्भ संस्कार

## दिवंगत ई सन्तोष कुमार श्रीवास्तव के आत्मा की शांति एवं सद्गति हेतु जप-यज्ञ आहुति से प्रार्थना किया गया

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर। अखिल विश्व गायत्री परिवार शान्तिकुंज हरिद्वार के सतत मार्गदर्शन में गायत्री परिवार रचनात्मक ट्रस्ट, गोरखपुर पर प्रत्येक माह प्रथम रविवार को गायत्री महायज्ञ राष्ट्र कल्याण एवं मानव कल्याण के लिए होता है। इसी क्रम में आज गायत्री महायज्ञ में मुख्य यजमान के रूप में सुशील कुमार शर्मा एवं पल्लवी शर्मा ने पुंसवन संस्कार के साथ गायत्री महायज्ञ वरिष्ठ परिव्राजक राजेन्द्र बहादुर सिंह एवं इन्दल सिंह के द्वारा सम्पन्न कराया गया। वरिष्ठ परिव्राजक राजेन्द्र बहादुर सिंह एवं इन्दल सिंह ने संयुक्त रूप से बताया कि गर्भ के तीसरे माह में वैदिक विधि विधान से पुंसवन संस्कार सम्पन्न कराया जाता है, क्योंकि इस समय तक गर्भस्थ शिशु के विचार तंत्र का विकास प्रारंभ हो जाता है।पुंसवन-संस्कार का उद्देश्य बलवान, शक्तिशाली एवं स्वस्थ संतान को जन्म देना है।इस संस्कार से गर्भस्थ शिशु की रक्षा होती है तथा उसे उत्तम संस्कारों से पूर्ण बनाया जाता है। पुंसवन संस्कार के दौरान सबसे पहले एक विशेष प्रकार की औषधि गर्भवती महिला के नासिका छिद्र से उसके अंदर पहुँचाई जाती हैं। इस प्रक्रिया के दौरान गिलोय वृक्ष के तने से कुछ बूँदे निकालकर मंत्रोउच्चारण के साथ गर्भवती महिला की नासिका छिद्र पर लगाया जाता है। अंत मे मुख्य ट्रस्टी दीना नाथ सिंह सहित सभी भाई बहिनो ने पुष्प वर्षा कर आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम के दौरान दिवंगत ई सन्तोष कुमार श्रीवास्तव के आत्मा की शांति एवं सद्गति हेतु गायत्री साधको के द्वारा गायत्री मंत्र का जप कर आहुति प्रदान की गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से राम बेलाश शर्मा, अवधेश तिवारी, सेवानिवृत्त अध्यापक रविन्द्र सिंह, राज कुमार सिंह, रणजीत बहादुर सिंह, हेमन्त त्रिगुणायत, सुनीता त्रिगुणायत, पूनम मल्ल, अजय मल्ल, मीरा वर्मा, जितेंद्र वर्मा, राज कौशिक एवं सुधीर शर्मा सहित अन्य कई परिजन उपस्थित रहे।

# सेवक हूं सेवा करता रहूंगाः रवि किशन

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर। गोरखपुर लोकसभा सीट से सांसद पद के प्रत्यासी व अभिनेता रवि किशन शुक्ल ने कहा कि मैं राजनेता नही हूं मैं तो जनता का सेवक हूं सेवा करने आया हूं और हमेशा करता रहूंगा। गोरखपुर की देवतुल्य जनता ने जो प्यार और आशीर्वाद दिया है मैं ये कभी नहीं भूलूंगा। मैं वादा करता हूं की अपने देवतुल्य जनता और कार्यकताओं की सेवा हमेशा करता रहूंगा। मैं दिल से मोदी जी' योगी जी को धन्यवाद आभार व्यक्त करता हूँ जो मुझ जेसे छोटे कार्यकर्ता के ऊपर दोबारा भरोसा किया व भाजपा के उन सभी कार्यकताओं और पदाधिकारियों को दिल से धन्यवाद करता हूं जो पिछले दो माह से चुनाव में जी जान से लगे रहे। मैं शुरू से ही धरातल से जुड़कर जनता के बीच रहकर काम करता रहा हूं। और आगे भी करता रहूंगा उन्होंने कहा की हमारे देश में वीआईपी, वीवीआईपी संस्कृति खत्म हो गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने पहले कार्यकाल में ही इस वीआईपी संस्कृति को खत्म कर दिया था ताकि नेता हो या मंत्री जनता के बीच जाकर जनता के दुःख को समझे और उनके जरूरतों के हिसाब से काम करें। लोक सभा चुनाव का परिणाम 4 जून को आ जायेगा। जनता तीसरी बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को शपथ लेते देखेगी। मैंने अपना भी वोट विकसित भारत, राम राज्य और भारत को विश्व गुरु बनाने के लिए दिया है और लोगों से भी यही अपील किया था और करता रहूंगा।विपक्षियों पर निशाना साधते हुए बोले की इंडी गठबंधन के पसीने अभी से ही छूट रहे हैं पूरा खलबली मची हुई है। उनको ये समझ में नहीं आ रहा है की क्या करें। पूरे देश की जनता जान चुकी है ये विपक्षी नेता सिर्फ कुर्सी के पीछे भाग रहें है।

## दुकान में बंधे दो बकरे चोरी पुलिस को शिकायत

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवां तहसील अंतर्गत हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के कटसहरा चौराहे पर अंडे की दुकान में बंधे दो बकरे को चोर चुरा ले गए। पीड़ित ने अज्ञात चोरी के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराया है।मिली जानकारी से हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के कटसहरा बाजार निवासी अब्दुल कादिर पुत्र अब्दुल हक जिनका चौराहे पर अंडे की दुकान है। शुक्रवार को रात्रि 9 बजे बकरों को अंडे की दुकान में बंद कर सोने चले गए। सुबह जब दुकान पर पहुंचे तो देखा की दुकान का ताला टूटा हुआ है। दोनो बकरे गायब है। खोजबीन के बाद भी बकरों का पता नही चला। पीड़ित ने अज्ञात चोरों के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराया है। इस संदर्भ में एसओ विशाल उपाध्याय ने कहा की शिकायत मिली है। चोरों के बारे में जानकारी लेकर खुलासा किया जायेगा।

## मदरसे के प्रबंधक को प्रधानाचार्य जान से मारने की दी धमकी

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर।सहजनवा थाना क्षेत्र के वसिया निवासी जुबेर अहमद पुत्र स्व नादिर शाह जो मदरसा अनवारूल उलूम लुचुई के प्रबंधक है।शुक्रवार को मदरसा में कोर कमेटी बैठक थी। जिसमें प्रबंधक सहित सदस्य मौजूद थे। उसी दौरान मदरसे के प्रधानाचार्य को मनबढ और दबंग किस्म का व्यक्ति है। और मदरसे के धन का गवन कर चुके है और अपने लडको के साथ आ गए। और गाली गलौज करते हुए और हमला कर दिए। और जान से मारने की धमकी देने लगे। मौजूद लोगो ने बीच बचाव किया। पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। इस संदर्भ में एसओ मदन मोहन मिश्र ने कहा की शिकायत मिली है। जांच कराकर आरोपियों के खिलाफ कारवाई की जायेगी।

# शराब बंदी के बाद भी प्रधान दुकान से वाहन पर लादे देशी शराब की पेटी

### वीडियो वायरल होने पर आबकारी विभाग आया हरकत में

### विभाग स्टॉक रजिस्टर और सीडी आर ले गया साथ में

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के कविसा चौराहे पर स्थित देशी शराब के दुकान द्वारा चुनाव आचार संहिता का उल्लघंन करते हुए क्षेत्र के एक प्रधान के सहयोग से शुक्रवार को रात्रि में 10 बजे के करीब दुकान खोलकर शराब की पेटियों को एक वाहन में रखकर ले जाने का वीडियो वायरल हुआ है। वीडियो वायरल होने के बाद आबकारी विभाग भी हरकत में आ गया। और शनिवार देर शाम को दुकान पर छापेमारी कर वहा से स्टॉक रजिस्टर तथा सीडीआर साथ ले कर गई है। बताते चले की लोकसभा चुनाव में मतदाताओं को रिझाने के लिए एक पार्टी से संबंध रखने वाले प्रधान खुद वाहन में शराब की पेटियां रखते हुए वीडियो में दिखाई दे रहा है। बंदी के बाद जब ग्रामीणों को देशी शराब की पेटियों को वाहन रखे जाने की जानकारी मिली तो भारी संख्या में ग्रामीण दुकान पर जुट भी गए थे। और काफी विरोध भी किया था। किसी ने वाहन पर देशी शराब लाद कर ले जाने का वीडियो बना कर वायरल कर दिया था। और इसकी जानकारी आबकारी विभाग सहित उच्चाधिकारियों को दी थी। देखना है की निर्वाचन आयोग के आदेश का उल्लघंन करने वाले दुकान संचालक और प्रधान पर प्रशासन क्या कारवाई करता है। इस संदर्भ में आबकारी इस्पेक्टर दिनेश कुमार ने कहा कि वीडियो की जांच कराई जा रही है। स्टॉक रजिस्टर और सीडीआर कब्जे में लिया गया है।

## विद्यालय के कमरे का ताला तोड़कर गैस सिलेंडर चोरी

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र कंपोजिट विद्यालय सोपरा में चोरो ने विद्यालय के रसोई घर में रखा गैस सिलेंडर चुरा ले गए। विद्यालय का ताला टूटा देखकर ग्रामीणों ने प्रधानाध्यापक को जानकारी। प्रधानाध्यापक चंद कुमार पांडेय ने अज्ञात चोरों के खिलाफ ठंड में शिकायत दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# संदिग्ध परिस्थिति में एक व्यक्ति की मौत



अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवां तहसील अंतर्गत विकासखंड पाली क्षेत्र स्थित के नगर पंचायत घघसरा के वार्ड संख्या 8 अटल नगर के डुमरी निवासी दलई प्रसाद 51वर्ष की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत होने गई। सोमवार की भोर में उनका शव घर से थोड़ी दूर सीवान में देखा गया सूचना पर पहुंची पुलिस कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम हेतु जिला मुख्यालय गोरखपुर भेज दिया है । मृतक का भरा-पूरा परिवार है। पुलिस को किसी तरह की तहरीर नहीं दी गई है ।उक्त संदर्भ में चौकी प्रभारी घघसरा अवधेश पांडेय ने कहा कि- शव को पोस्टमार्टम हेतु भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

# मिर्जापुर में पोलिंग कर्मी हीट वेव के हुए शिकार

- वाहन की तलाश में तेज धूप के चलते तबियत हुई खराब, एक दिन में 14 लोगों की मौत

अमन लेखनी समाचार




मिर्जापुर, मिर्जापुर में लोकसभा चुनाव के लिए 2143 बूथों पर 46 डिग्री तापमान के बीच पोलिंग पार्टियों को रवाना किया गया था। कुछ घंटे बाद ही कर्मी अचेत होकर गिरने लगे। कोई रवाना होने के पहले गिर पड़ा, तो कोई बूथ पर जाकर अस्पताल में भर्ती हुआ। मंडलीय अस्पताल में इलाज के लिए 36 लोग पहुंचे। इनमें 10 होमगार्ड समेत 14 कर्मियों की मौत हो गई। हीट वेव का शिकार केवल पोलिंग कर्मियों के ही बनने से लोगों में चचाओं का छिड़ा दौर अभी भी बना हैं। जिले में 10 होमगार्ड, चकबन्दी अधिकारी, स्वास्थ्य विभाग के लिपिक, सफाई कर्मचारी एवं बस कंडक्टर की मौत से उनके परिवार में मातम पसर गया। लोकतंत्र के महापर्व पर अपनी भागीदारी निभाने में एक ही दिन में 14 पोलिंग कर्मियों की मौत हो गई। इस आपदा ने आमजन को झकझोर कर रख दिया। केवल पोलिंग कर्मियों के हीट वेव की चपेट में आने के कारण पड़ताल जरूरी था। हीट वेव का शिकार होने वाले कर्मियों को मंडलीय अस्पताल के हीट वेव वार्ड में भर्ती होने के बाद ही उन्हें राहत मिला। 14 मौत के बाद शनिवार को भी महिला मतदान अधिकारी समेत 3 लोगों को मंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। पोलिंग पार्टी रवाना होने के दौरान बीमार होकर भर्ती 22 कर्मियों को अस्पताल से छुट्टी मिल गई। कुछ लोगों का इलाज जारी है। अचानक कर्मियों के बीमार होने से कई सवाल उठा। जिसका उत्तर पीड़ित कर्मियों के ही पास ही था। इन सवालों की तलाश में दैनिक भास्कर की टीम मंडलीय अस्पताल के ट्रामा सेंटर में पहुंची। इमरजेंसी कक्ष में तैनात डॉ. सुनील सिंह ने बताया कि शुक्रवार को भर्ती हुए अधिकांश मरीजों की तबीयत ठीक होने पर छुट्टी दे दी गई है। कुछ मरीज अभी हीट वेव वार्ड में भर्ती हैं। सभी की तबीयत ठीक है और वह खतरे से बाहर हैं।

शुक्रवार को ट्रामा सेंटर में भर्ती हुए 13 लोगों की मौत हो गई। जबकि नारायणपुर में बीमार होमगार्ड के जवान की वाराणसी बीएचयू में इलाज के दौरान 14वीं मौत हो गई।

# सोनभद्र में तेंदूपत्ता तोड़ान से मिला लोगों को रोजगार

## पैसा कम मिलने से लोग परेशान, अन्य राज्यों से कम मूल्य पर की जा रही खरीदी

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र , सोनभद्र के दुद्धी में जहां एक तरफ सरकार रोजगार के लिए तरह-तरह की योजनाएं चला रही है, कि अंतिम पंक्ति के लोगों तक योजनाओं का लाभ मिल सके। परंतु इसकी जमीनी हकीकत बिल्कुल विपरीत है। उत्तर प्रदेश के अंतिम छोर पर स्थित दुद्धी तहसील जोकि आदिवासी बाहुल्य अति पिछड़ा नक्सल प्रभावित क्षेत्र है। यहां के आदिवासी बनवासी आज भी मुख्यधारा से नही जुड़ पाए हैं। इनके रोजगार के लिए जनप्रतिनिधियों द्वारा कोई भी कारगर कदम नही उठाया गया। इस क्षेत्र में देखा जाए तो इनका मुख्य व्यवसाय तेंदूपत्ता है जो इस समय जोरो से हो रहा है। बतादे की उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ राज्यों में पत्ता तुड़ान इन दिनों मुख्य रोजगार के रूप में है। इस समय इन राज्यों के कुछ तबके के लोग अपने जीकोपार्जन के लिए तेंदूपत्ता का व्यापक रूप से तूड़ाई करते है। जिससे इनके परिवार का भरणपोषण होता है। इतनी कड़ी धूप में यह जंगलों में जाकर तेंदूपत्ता का तोड़ाई करते हैं। पर इनके मेहनत के मुताबिक इनको उसका मूल्य नहीं मिल पाता है। जिससे इन्हें खासा परेशानियों का सामना करना पड़ता है। छत्तीसगढ़ सरकार ने इनकी परेशानियों को देखते हुए इनके कुछ मूल्यों को बढ़ाकर 550 रुपए सैकडा बंडल रखा गया है। वहीं मध्य मध्य प्रदेश में 450 रुपए सैकडा बंडल तथा उत्तर प्रदेश में सबसे कम 181 रुपए सैकडा बंडल है। यहां के गरीब आदिवासी मजबूरी में इतने कम मूल्यों पर काम कर रहे हैं। जिससे उनके परिवारों का गुजारा नहीं चल पा रहा है। उत्तरप्रदेश, छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश राज्य के जिला में इन दिनों तेंदू पत्ती का तुड़ान जारी है। जिले के सभी जंगलों में इन दिनों तेंदू पत्ते की तुड़ाई कर ग्रामीणों के लिए एक रोजगार मिल गया है। जो छतीसगढ़ के गांव सनावल, पचावल, त्रिशूली, यूपी के बनमाहरी, असनहर, फुलवार, जताजुआ सहित मध्यप्रदेश के बैढन जिले के गांव सहित ग्रामीणों को पत्ती तोड़ाई बहुत तेजी से की जा रही है। पर उनके मूल्य काफी कम दिए जा रहे हैं।जिससे मजदूरों को खासा परेशानियों का सामना करना पड़ता है। सूरज देव यादव दुद्धी ब्लाक के फुलवार गांव के निवासी राजमन गुप्ता ने बताया कि हम लोग कई वर्षों से यहां तेंदू पत्ता का तुड़ाई कर अपना जीवकोपार्जन करते है।

हम लोग सुबह में ही जंगलों में निकल जाते हैं। जिसके बाद पत्ती तोड़कर अपने घर लाते है और 50 पतियों का एक बंडल बनाते है।

# जौनपुर के रामघाट पर शव जलाने के लिए लगी कतार

- 50 से अधिक शव जलाने के लिए घाट पर पहुंचे लोग, गर्मी के प्रकोप से लोग परेशान

अमन लेखनी समाचार



जौनपुर, जौनपुर के रामघाट पर बीते गुरुवार को 50 से अधिक शव जलाने के लिए लोग घाट पर लेकर पहुंचे। यह नजारा देख आसपास के लोग परेशान हो गए। आखिर इतनी मौत कैसे हो रही है। जौनपुर में गर्मी के प्रकोप से मौत का कारण माना जा रहा है। जौनपुर में लगातार गर्मी तेजी से बढ़ता चला जा रहा है। गुरुवार को सबसे अधिकतम तापमान 47 डिग्री रहा। इस गर्मी से निजात पाने के लिए लोग परेशान रहे। लेकिन जैसे-जैसे शाम ढलता गया, वैसे-वैसे मौत का आंकड़ा भी बढ़ता चला गया। जौनपुर स्थित रामघाट गोमती नदी के तट पर स्थित है। उस घाट पर तीन से हर दिन चार से पांच चिता जलाई जाती है। लेकिन अचानक 47 डिग्री का तापमान बढ़ने के बाद जौनपुर में मौत का आंकड़ा भी बढ़ता गया। श्मशान घाट पर 50 से अधिक चिता जल रही थी। वहीं दूसरी तरफ कई शव को जलाने के लिए लोग इंतजार करते नजर आए। आपको बता दे जौनपुर में गर्मी बढ़ने के कारण लोग परेशान है। चिता जलने पहुंचे सोनू ने बताया कि पिछले दो दिनों से लगातार इस घाट पर चिता जलने के लिए नंबर लगाना पड़ रहा है। क्योंकि जौनपुर के इस रामघाट पर पहली बार ऐसा हो रहा है।

जब कई दर्जनों की संख्या में शव एक साथ पहुंच रहे हैं।

# जौनपुर में तालाब में डूबने से दो किशोरियों की मौत

### तालाब में गई थी नहाने, गहरे पानी में जाने से हुआ हादसा, परिजनों में मचा कोहराम

अमन लेखनी समाचार



जौनपुर, जौनपुर के नेवढ़िया थाना क्षेत्र के बुद्धिपुर गांव स्थित तालाब में शाम में दो किशोरियां नहाने गई थी। जहां दोनों नहाने के दौरान गहरे पानी में डूबने लगी। गांव की ही एक और किशोरी नहाने गई और दोनों को डूबते देखी तो शोर मचाने लगी। जब तब लोग मौके पर पहुंचे, तब तक दोनों किशोरियों की डूबने से मौत हो गई। एक साथ दो किशोरियों की मौत होने से गांव में मातम पसर गया है। दोनों के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस के मुताबिक नेवढ़िया थाना क्षेत्र के बुद्धिपुर गांव निवासी रमेश शर्मा की पुत्री आंचल (15) और राज शर्मा की पुत्री सृष्टि (12) घर से करीब 500 मीटर दूर स्थित तारक नाथ दुबे के तालाब में नहाने गई थी। नहाते समय आंचल और सृष्टि अचानक गहरे पानी में चली गईं जिससे सृष्टि डूबने लगी। आंचल ने उसे बचाने के लिए हाथ बढ़ाया। बचाव के प्रयास के दौरान दोनों डूबने लगीं। डूबते समय गांव की ही शाहीन पुत्री साबिर शोर मचाने लगी। जब तक ग्रामीण मदद के लिए पहुंचे, तब तक दोनों पानी में डूब गई थी। घटना की जानकारी होने पर मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई।

# सोनभद्र में सैंकड़ों चमगादड़ों की मौत

- हीट वेव के चलते जा रही पक्षियों की जान, लोगों में बना चर्चा का विषय

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र , सोनभद्र के विढमगंज के मूडिसेमर ग्राम पंचायत में स्थित वन रेंज कार्यालय पर लगे बरगद के पेड़ के नीचे सैकड़ों चमगादड़ों की अचानक मौत हो गई। जिससे वन रेंज कार्यालय में हड़कंप मच गया।इसकी जानकारी लोगों को तब हुई जब सैकड़ों के तादात में मृत पड़े चमगादड़ों से दुर्गंध उठने लगी। मौजूद ग्रामीणों ने आशंका जताई कि भीषण गर्मी की वजह से सभी चमगादड़ों की मौत हुई या किसी और कारण से हुई होगी। वहीं गांव के रहवासी विनय कुमार, छोटू कुमार, महेंद्र प्रसाद, रामचंद्र प्रसाद ने बताया कि रेंज आफिस में पुराने बरगद, आम, जामुन, आदि वृक्षों पर हजारों की तादाद में चमगादड़ कई वर्षों से लगातार रहते हैं। यह रेंज ऑफिस सततवाहिनी व कुकुरडुबा नदी के तटीय इलाके में हैं। आज जब हम लोग रोज भांति उधर से गुजर रहे थे, तो देखा कि काफी संख्या में चमगादड़ पेड़ से नीचे मरे पड़े है। उनसे काफी दुर्गंध आ रहा था। आखिर इतनी संख्या में चमगादड़ों की मौत अचानक कैसे हुई यह देख हम सभी सकते में आ गए हैं। उक्त पक्षियों की मौत किस कारण से हुई यह बड़ी सवाल बना हुआ है। मवेशी डॉक्टर रवि कुमार तरुण ने बताया कि वर्तमान समय में इलाके का टेंपरेचर 46-47 डिग्री चल रहा है, साथ ही साथ पानी भी इलाके में नहीं है, जिसके कारण चमगादड़ों की मौत हुई है। पशु पक्षियों को अपना आशियाना बनाने के लिए भी पेड़ की कमी होती जा रही है। क्षेत्र में अधिक संख्या में वृक्षों का कटान होने के कारण पूरा इलाका उजड़ा हुआ है।

## संक्षेप

### ट्रांसफार्मरों को बचाने के लिए पावर हाउस में लगाए गए कूलर

अमन लेखनी समाचार

भरुआ, सुमेरपुर। आसमान से बरस रही आग से विद्युत सब स्टेशन में फीडरों को आपूर्ति देने के लिए ट्रांसफार्मरों को कूलर से हवा देकर ठंडा करके आपूर्ति दी जा रही है। नौतपा में गर्मी पूरे शवाब पर है। आए दिन विद्युत उपकरण धड़ाम हो रहे हैं। इससे विद्युत अधिकारी हलाकान हैं। कस्बे के विद्युत वितरण उपखंड सब स्टेशन के फीडरों को आपूर्ति देने के लिए 10 एमबीए के ट्रांसफार्मर खुले आसमान में रखे हैं। आसमान से आग बरसने पर इन्हें हीट से बचाने के लिए विभाग ने बाजार से कूलर मंगवाकर ट्रांसफार्मरों को ठंडी हवा देनी शुरू की है। ताकि गर्मी के असर से इन ट्रांसफॉर्मरों को हीट होने से बचाया जा सके। विद्युत वितरण सब स्टेशन के अवर अभियंता अनिल कुमार ने बताया कि आसमानी आफत से उपकरणों को बचाने के लिए यह कदम उठाया गया है ताकि विद्युत आपूर्ति में किसी तरह का व्यवधान न पैदा हो सके।

### गर्मी व लू लग जाने के कारण युवक की मौत

अमन लेखनी समाचार

कुरारा, हमीरपुर। एक आवश्यक काम से बांदा गए 26 वर्षीय युवक की गर्मी से तबियत बिगड़ गई साथी ने बांदा अस्पताल में भर्ती करवाया जहा कुछ ही देर बाद उसकी मौत हो गई। बाँदा के डॉक्टरों ने बताया कि अत्यधिक गर्मी व लू लग जाने के कारण मौत हुई है। क्षेत्र के डामर गांव निवासी हिंदुस्तान अखवार के पत्रकार व ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के जिला उपाध्यक्ष सुरेश सिंह का जेष्ठ पुत्र अमनदीप सिंह उम्र करीब 26 वर्ष बीते बुधवार को गांव से अपने एक साथी के साथ बांदा किसी काम से गया था जहां शनिवार को धूप में निकलने पर पड़ रही भीषड़ गर्मी में वो हीट वेव का शिकार हो गया और उसे लू लग गई। जिससे उसकी हालत बिगड़ने लगी साथी ने बांदा में ही सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया जहाँ उपचार के दौरान ही उसकी मौत हो गई। पुत्र के मौत से पूरे परिवार का रो रोकर बुरा हाल है। मृतक की अभी शादी नही हुई थी। वो दो भाई व एक बहन थे।

# पत्नी और बेटे की हत्या कर फांसी के फंदे से झूला पति

**एक ही कमरे में मिले तीनों के शव, जांच में जुटी पुलिस**

अमन लेखनी समाचार/हेमन्त यादव

झांसी। झांसी के प्रेमनगर थाना क्षेत्र में पति-पत्नी और उनके बेटे का शव एक ही कमरे से बरामद हुआ है। परिजनों का कहना है कि पति-पत्नी में आए दिन विवाद होता रहता था। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। जिले के प्रेमनगर थाना क्षेत्र में एक की परिवार के तीन लोगों का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मरने वालों में पति-पत्नी और एक बच्चा शामिल है। घटनास्थल पर पति और बच्चे का शव फंदे से लटकता मिला, जबकि पत्नी का शव कमरे में पड़ा मिला। परिजनों का कहना है कि पति-पत्नी के बीच आए दिन झगड़ा होता रहता था। फिलहाल पुलिस ने तीनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है।



### शराब पीने का आदी था पति

जानकारी के मुताबिक शहर कोतवाली के पठोरिया क्षेत्र निवासी नीलेश की शादी प्रेमनगर क्षेत्र की रहने वाली प्रियंका से हुई थी। शादी होने के बाद से ही पति-पत्नी में झगड़ा होता रहता था। मृतक नीलेश ऑटो चलाने का काम करता था। उसे शराब पीने की आदत की वजह से दोनों में अक्सर झगड़ा होता रहता था। कुछ दिन पहले ही प्रियंका अपने मायके प्रेमनगर रहने के लिए आई थी। प्रियंका की मां ने बताया कि दो दिन पहले उनके यहां एक कार्यक्रम था, जिसमें शामिल होने के लिए दामाद नीलेश भी बच्चे के साथ आया था। कार्यक्रम के बाद भी नीलेश यहीं रुका हुआ था।


प्रियंका की मां ने बताया कि हम लोगों को रिश्तेदारी में एक कार्यक्रम में जाना था। घर पर दामाद नीलेश, बेटी प्रियंका और नाती हिमांशु मौजूद थे। जब हम लोग कार्यक्रम से लौट कर आए तो सूचना मिली कि घर पर तीन लोगों के शव पड़े हुए हैं। दामाद नीलेश और नाती हिमांशु के शव फांसी के फंदे पर लटके थे और बेटी वहीं मृत पड़ी थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने तीनों शवों को अपने कब्जे में ले लिया है और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### मामले की जांच में जुटी पुलिस

एसएसपी राजेश एस ने बताया कि थाना प्रेमनगर क्षेत्र में तीन डेड बॉडी मिलने की सूचना मिली थी। मौके पर फील्ड यूनिट समेत पुलिस अधिकारी पहुंचे हैं। घटनास्थल पर व्यक्ति की बॉडी फांसी के फंदे पर लटकी मिली, महिला और बच्चे के गले पर हाथों के निशान मिले हैं। ऐसे में लगता है कि व्यक्ति ने पहले दोनों की हत्या करने के बाद खुद फांसी लगाई है। परिवार वालों ने बताया कि दोनों लोगों में झगड़ा होता रहता था। कल दोनों लोगों में अलग रहने का फैसला हुआ था। आसपास लगे सीसीटीवी के फुटेज भी चेक किए जा रहे हैं। फिलहाल सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। जो भी तथ्य सामने आएंगे उसी आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# राजकीय पालिटेक्निक कालेज लोढ़ी में 4 जून को प्रातः 8.00 बजे से शुरू होगी मतगणना

- मतगणना स्थल पर जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने का दिया निर्देश।
- संबंधित सभी नोडल अधिकारी पूर्ण मनोयोग से करें अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन– जिला निर्वाचन अधिकारी।
- मतगणना के दिन वैध पासधारक का ही होगा राजकीय पालिटेक्निक कालेज में




अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। जिला निर्वाचन अधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने अवगत कराया है कि 4 जून को होने वाली मतगणना को सकुशल संपन्न कराने के लिए समस्त प्रभारी, नोडल अधिकारियों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गयी है, जनपद के निर्वाचन क्षेत्रों में सम्पन्न मतदान के उपरान्त मतगणना निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार 04 जून मंगलवार को राजकीय पालिटेक्निक कालेज लोढ़ी में बनाए गए मतगणना केंद्र में विधानसभावार अलग-अलग कक्षों में सुबह आठ बजे से शुरू होगी। जिसको लेकर प्रत्येक विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रवार अलग-अलग मतगणना हालों में ईवीएम की मतगणना के लिए 14-14 टेबल निर्धारित की गई हैं, जिन पर मतगणना करायी जाएगी। वहीं प्रत्येक विधानसभा के ईवीएम के मतों की गिनती के लिए 14-14 टेबल लगाए जाएंगे, प्रत्येक टेबल पर मतगणना कार्मिकों की ड्यूटी भी लगाई गई है। लोकसभा सामान्य निर्वाचन, 2024 की मतगणना हेतु 76 काउंटिंग सुपर वाईजर, 76 काउंटिंग माइक्रो आब्र्जवर, 76 मतगणना सहायक और 76 सहायक की तैनाती की गयी है, इसी प्रकार से विधान सभा दुद्धी उप निर्वाचन, 2024 में काउंटिग सुपर वाईजर 19, काउंटिंग माइक्रो आब्जर्वर 19, मतगणना सहायक 19 और 19 काउंटिंग सहायक की तैनाती की गयी है, पोस्टल, बैलेट एवं ई0टी0पी0बी0एस0 की मतगणना हेतु प्रत्येक विधानसभाओं के लिए एक-एक मतगणना सहायक एवं एक-एक मतगणना सुपरवाईजर की तैनाती की गयी है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतगणना कार्य में लगाए गए सभी प्रभारी, नोडल अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा है कि अपने-अपने दायित्व के हिसाब से अपनी समस्त तैयारी निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन के अनुसार पूरी कर लें, जिससे मतगणना कार्य में किसी प्रकार की कोई असुविधा न हो। ईटीपीबीएस, पोस्टल बैलेट की मतगणना के लिए विधानसभावार टीमें लगाई गई हैं, जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि मतगणना के दिन मतगणना स्थल पर बैरिकेटिंग, कंप्यूटर, प्रिंटर, इंटरनेट की व्यवस्था, विद्युत सुरक्षा की व्यवस्था, अग्निशमन यंत्र की व्यवस्था, खान पान की व्यवस्था, साफ-सफाई, पीने के लिए पानी, प्रकाश, मेडिसिन, ओआरएस, एंबुलेंस और अन्य सभी आवश्यक व्यवस्थाएं दुरुस्त किया जाए। स्वास्थ्य विभाग द्वारा 5-6 डाक्टरों की तैनाती में दो से तीन एम्बुलेंस मौके पर तैनात किये गये, तैनात टीम के पास दवाए, इलेक्ट्रोल उपलब्ध रहेगी। जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा मतगणना के दिन मतगणना स्थल पर पीने हेतु शुद्ध पेयजल 15-20 टैंकरों के माध्यम से उपलब्ध कराया जाये, अधिशासी अभियन्ता विद्युत की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करायी जाये। पुलिस अधीक्षक डॉ0 यशवीर सिंह ने कहा कि मतगणना परिणाम के दिन जनपद में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सभी तैयारियां सुनिश्चित की गई है। सभी चैराहों व भीड़भाड़ वाले इलाकों में पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल तैनात किए जाएंगे। मतगणना के दिन वैध पास धारक ही राजकीय पालिटेक्निक कालेज लोढ़ी में प्रवेश गेट से अंदर प्रवेश करेंगे। प्रत्याशियों/अभिकर्ताओं, अधिकारियों/कर्मचारियों के लिए वाहन पार्किंग की व्यवस्था निर्धारित की गयी है।

# श्रद्धा और भक्ति से हम भगवान को प्रकट कर सकते हैं: आचार्य मनोहर कृष्ण

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। राबर्ट्सगंज नगर स्थित श्री राम जानकी मंदिर परिसर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन शनिवार की शाम कथा व्यास वृंदावन से पधारे आचार्य मनोहर कृष्ण जी महाराज ने कहा कि भजन करने की कोई उम्र नहीं है, जब चाहें श्रद्धा और भक्ति के साथ भगवान की भक्ति करके भगवान को हम प्रकट कर सकते हैं। वामनदेव भगवान की झांकी सजाई गई। इस दौरान समूचा कथा पांडाल जयकारे से गुंजायमान हो गया। वामनदेव भगवान का दर्शन करने के लिए भक्तगणों का तांता लगा रहा।

आचार्य जी ने सती चरित्र का विस्तार से वर्णन करते हुए कहा कि ध्रुव जी महाराज 5 वर्ष की अवस्था में ही वन में जाकर के 5 महीने कठोर तपस्या करके भगवान नारायण को प्रकट किया। आगे चलते हुए भक्त प्रहलाद साढ़े सात वर्ष की अवस्था में ही नरसिंह भगवान को प्रकट कर लिया। इसलिए भजन करने का कोई उम्र नहीं है, कोई अवस्था नहीं है। जब चाहें श्रद्धा और भक्ति के साथ भगवान की भक्ति करके भगवान को हम प्रकट कर सकते हैं। आचार्य जी ने यह भी बताया कि गजेंद्र उपाख्यान गजेंद्र की 100 पत्नियां, हजार पुत्र थे, लेकिन अंतिम समय में ना पुत्र साथ दिए और ना पत्नी ही साथ दी। जीव अकेले आया है और अकेले ही जाएगा। इसलिए हमेंशा कोई भी काम करें दूसरे के आश्रित होकर के ना करें। उन्होंने वामन अवतार का विस्तार से वर्णन करते हुए कहा कि भगवान वामन देवताओं की कार्य सिद्धि करने के लिए राजा बलि के द्वार पर जाकर के तीन पग पृथ्वी का दान मांगा, दो ही पग में सारे संसार की वस्तु को नाप लिया और तीसरा पैर वावन भगवान राजा बलि के ऊपर रखकर कृपा किया और राजा बलि के द्वार पर चौकीदार बनकर के पहरा देते हैं। भगवान अपने भक्तों के अधीन हैं, भक्त जैसा चाहे भगवान उसके ऊपर कृपा जरुर करते हैं।

उधर वामनदेव भगवान के प्रकट होते ही जयकारे से समूचा कथा पांडाल गुंजायमान हो गया। वामनदेव भगवान का दर्शन करने के लिए श्रद्धालुओं का तांता लग गया।

# रेलवे की खाली पड़ी जमीन पर बनेगा पार्क




दोनों तरफ पार्क का निर्माण होगा

अमन लेखनी समाचार

गाजीपुर के जमानिया स्थित गंगा नदी पर रेल सह सड़क पुल के दोनों ओर रेलवे की खाली पड़ी पांच एकड़ जमीन पर रेल विकास निगम लिमिटेड (आरवीएनएल) ने करोड़ों की लागत से पार्क बनाने का निर्णय लिया है। इसके लिए आर वी एन एल के अधिकारियों ने पहले चरण की सर्वे प्रक्रिया शुरू कर दिया है। गाजीपुर जिले को विकास शील और अपने आप में एक महत्वपूर्ण हिस्सा है जो भी प्रकार कीसुविधा बना दिया जाता है जो कि वर्तमान समय में हर जगह पर बच्चों को को घुमाने के लिए पार्क में एक आधुनिक युग के चाहत रखने वाले बच्चे को मनमोहक रूप में सौभित करते हुए बना जाएंगा।

# वरिष्ठ साहित्यकार एवं पत्रकार मिथिलेश प्रसाद द्विवेदी को किया गया सम्मानित

- दिल में हिन्दुस्तान रखती हूं, गीता, बाइबिल, कुरान रखती हूं : कौशल्या चौहान
- शहीद स्थल प्रबंधन ट्रस्ट करारी के स्थापना वर्षगांठ पर राबर्ट्सगंज कचहरी में काव्य गोष्ठी का हुआ आयोजन



अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। शहीद स्थल प्रवंधन ट्रस्ट करारी सोनभद्र के स्थापना वर्षगांठ के अवसर पर रविवार को राबर्ट्सगंज कचहरी में दोपहर काव्य गोष्ठी आयोजित की गई। जिसमें कवियों और कवियित्रियों ने एक से बढ़कर एक कविता सुनाई। कवियित्री कौशल्या चौहान ने दिल में हिंदुस्तान रखती हूं, गीता, बाइबिल, कुरान रखती हूं सुनाया और देश को नमन किया। सरस काव्य गोष्ठी का शुभारंभ वाग्देवी सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर किया गया। वाणी वंदना करते हुए दिवाकर मेघ ने मां शारदे वर दे हमें तव स्मरण करते रहें सुनाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। डाला गोली कांड दो जून को ध्यान में रखकर ही शहीद स्थल की स्थापना की गई यह बात बताते हुए साहित्यकार प्रदुम्न त्रिपाठी एड निदेशक शहीद स्थल प्रवंधन ट्रस्ट करारी सोनभद्र आयोजक ने, सरहद के पहरेदारों को शत-शत मेरा प्रणाम जाये। देश खड़ा है साथ आपके ए मेरा पैगाम जाये।। ओज पूर्ण भाव देकर खूब तालियां बजवाते रहे। अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ साहित्यकार/पत्रकार मिथिलेश प्रसाद द्विवेदी को अंगवस्त्र, लेखनी, पुस्तिका, प्रशस्ति पत्र, माल्यार्पण कर सारस्वत अभिनंदन किया गया। लोकभाषा के कवि दयानंद दयालू ने एक दिन पेशी होई गुरू के अदालत में रहना कौनो हालत में सुनकर लोग करुणा से ओत-प्रोत हो गये। संचालन कर रहे अशोक तिवारी ने चांदनी की जमीं पर छटा देखकर, चांद के पार हमको भी जाना पड़ा शायरी सुनाकर वाहवाही बटोरी। धर्मेश चौहान एड ने राष्ट्र को वंदन करते हुए वतन के लिए जीवन कुर्बान हो गया तो, वहीं सोन साहित्य संगम के राकेश शरण मिस्त्र नोटरी अधिवक्ता ने गंभीर रचना,, युद्ध युद्ध बस युद्ध छिड़ा है सुनाकर मानवता पर बल देते हुए सबको आईना दिखाया। काफी सराही गई। ओज राष्ट्र वाद के सजग प्रहरी प्रभात सिंह चंदेल ने हाथों में तिरंगा कलेजे में हिन्दुस्तान रखता हूं सुनाया और वीर रस का जज्बा जगाया। इस अवसर पर दिलीप सिंह, दीपक, जयराम सोनी, सुधाकर, स्वदेश, प्रेम आदि कवियों ने काव्य पाठ किया। अध्यक्षता कर रहे मिथिलेश प्रसाद द्विवेदी ने हाय यह प्रचंड धूप सुनाकर श्रमिक की पीर को उकेरा और पूर्णता प्रदान किया तथा कवियों को आशीर्वाद दिया। आभार आयोजक प्रदुम्न त्रिपाठी एड ने व्यक्त किया। इस अवसर पर रिषभ, शिवमोचन, सोनू, फारुख अली हाशमी, ठाकुर कुशवाहा, शिखा, मृत्युंजय, ममता, समता, आत्मप्रकाश तिवारी एड, जयशंकर त्रिपाठी एड, देवानंद पांडेय एड आदि लोग मौजूद रहे।

### अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर पलटा पिता पुत्र घायल

भरुआ सुमेरपुर। कस्बे से वापस लौटकर बिरखेरा जा रहा ट्रैक्टर पारा विद्युत सब स्टेशन के आगे अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड्ड में पलट गया। इस घटना में पिता पुत्र घायल हो गए। पुत्र का पैर टूटने पर सदर अस्पताल ले जाया गया है। बिरखेरा निवासी शंकर वाल्मीकि 45 वर्ष अपने पुत्र कल्लू वाल्मीकि 16 वर्ष के साथ ट्रैक्टर लेकर कस्बे में आया था। सुबह करीब 9 बजे वह ट्रैक्टर लेकर गांव लौट रहे थे।

# ट्रेलर में मिला चालक का शव, हत्या की आशंका

अमन लेखनी समाचार




गाजीपुर जिले में बिरनो थाना क्षेत्र के डाड़ी मोड़ टोल प्लाजा के पास दूसरी तरफ सड़क किनारे खड़े ट्रेलर में रविवार को चालक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक ट्रेलर के फर्श पर खून की परत जमी थी, वहीं मृतक के मुंह से खून बह रहा था। परिजनों के रोने-बिलखने से ग्रामीणों एवं राहगीरों की भीड़ लग गई, जिससे जाम की स्थिति पैदा हो गई। कड़ी मशक्कत के बाद पुलिस ने घटना स्थल से लोगों को हटाकर पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। शहर कोतवाली के विशेश्वरपुर छावनी लाइन दुर्गेश यादव (28) मिजार्पुर के एक ट्रांसपोर्ट का ट्रेलर चलाता था। परिजनों ने बताया कि शनिवार को मतदान करने के लिए उसको बार-बार फोन किया जा रहा था। कुछ देर तक तो बात हुई, लेकिन फिर दोपहर में मोबाइल बंद आने लगा। शाम तक इंतजार करने के बाद भी वह घर नहीं आया तो मृतक के पिता सूबेदार यादव कुछ ग्रामीणों के साथ तलाश में जुट गए, लेकिन देर रात तक कुछ पता नहीं चला। दूसरे दिन सुबह चालक के पिता को जानकारी मिली कि डाड़ी टोल प्लाजा के पास दूसरे तरफ ट्रेलर खड़ा है। परिजन जब ट्रेलर के पास पहुंचे तो अंदर का दृश्य देख रोने-बिलखने लगे। चालक के मुंह से खून गिर रहा था, जबकि ट्रेलर के फर्श पर भी खून गिरा हुआ था। देखते ही देखते ग्रामीणों एवं राहगीरों की भीड़ लग गई। परिवार की महिलाएं सड़क पर बैठकर रोने- बिलखने लगी। सूचना पर पहुंची पुलिस भीड़ के चलते उत्पन्न हो रही जाम को समाप्त कराने में जुट गई।

# निशुल्क चिकित्सा शिविर का हुआ आयोजन




अमन लेखनी समाचार

रेणुकूट, पिपरी स्थित श्री अनंत पद्मावती सेवा आश्रम परिसर में रविवार को निःशुल्क चिकित्सा सेवा का आयोजन किया गया। इस दौरान बाल रोग विशेषज्ञ डॉक्टर आनंद पटेल ने यहां आए मरीजों का इलाज किया और उनकी स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का निदान किया पिपरी और रेनूकूट के लोगों ने इसका लाभ लिया। निःशुल्क चिकित्सा सेवा का आयोजन प्रत्येक रविवार को आश्रम परिसर में किया जाता है शिविर में नगर व आसपास के क्षेत्र में झुग्गी झोपड़ी में रहने वाले गरीब लोग भी इसका फायदा उठाते हैं। आश्रम संचालक पंडित वीर विक्रम नारायण पांडेय ने बताया कि निःशुल्क चिकित्सा सेवा का आयोजन प्रत्येक रविवार को आश्रम परिसर में किया जाता है जहा क्षेत्रीय जनता इसका लाभ लेती है।

# सांकेतिक चक्का जाम के साथ गोली कांड के शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि

अमन लेखनी समाचार

डाला सोनभद्र। स्थानीय नगर के शहीद स्मारक सांकेतिक चक्का जाम के साथ गोली कांड के शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि जहां पूर्व राज्य मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव व समाजवादी पार्टी के कार्यकाल में 2 जून 1991 को हुए डाला गोलीकांड में मारे गए अमर शहीदों की 33 वीं पुण्यतिथि पर रविवार को सैकड़ों लोगों द्वारा वाराणसी-शक्तिनगर राज्य मार्ग पर सांकेतिक चक्का जाम कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। डाला तेरा यह बलिदान, याद करेगा हिंदुस्तान के नारे ने आसमान को गुंजायमान कर दिया। वक्ताओं ने कहा कि यहां पर आज ही के दिन पुलिस की बर्बरता पूर्वक लाठी चार्ज व गोली से एक छात्र समेत नौ लोग शहीद हो गए थे। इन सभी शहीदों ने हजारों लोगों के साथ उत्तर प्रदेश सीमेंट निगम की डाला, चुनार, चुर्क, सीमेंट फैक्ट्री को प्राइवेट सेक्टर में तत्कालीन समाजवादी पार्टी के सीएम रहे स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव द्वारा बेचे जाने का विरोध कर रहे थे। इस दौरान मुख्यमंत्री के इशारे पर तत्कालीन डीएम ने सुरक्षा जवानों से आंदोलनकारियों पर लाठीचार्ज समेत पुलिस से ताबड़तोड़ गोली चलवा दिया था। यह घटना डाला की धरती पर 33 वर्ष पूर्व घटी थी, गोली कांड की घटना ने प्रदेश ही नहीं केंद्र सरकार को भी हिला कर रख दिया था। इस गोलीकांड की याद आते ही डाला के हजारों नगर वासियों के रोंगटे खड़े हो जाते हैं। देश भर में अपने हक के लिए संघर्षरत वीरगति को प्राप्त हुए कर्मचारियों के इतिहास में डाला सीमेंट कर्मचारियों के अमर शहीदों का नाम आज भी बड़ी श्रद्धा व गौरव से लिया जाता है। उन्हीं की याद में प्रत्येक वर्ष 2 जून को शहीदों की पुण्यतिथि नगर वासियों द्वारा मनाई जाती है। इस गोलीकांड में एक छात्र एवं आठ कर्मचारी शहीद हो गए थे। गोलीकांड के समयानुसार तीन बजकर बीस मिनट पर राजमार्ग पर वाहनों को रोककर सांकेतिक जाम किया गया। इसके बाद उपस्थित लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर शहीदों की स्मारक पर माला फूल चढ़ाकर श्रद्धांजलि अर्पित की। संचालन वरिष्ठ पत्रकार नरेंद्र नीरव ने किया। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था में चौकी प्रभारी डाला राजेश कुमार सिंह मय पुलिस फोर्स के साथ डटे रहे। डाला गोलीकांड में निगम के कर्मचारी रामप्यारे कुशवाहा, शैलेंद्र कुमार राय, सुरेंद्र दुबे, बालगोविंद, रामधारी, रामनरेश राम, नंद कुमार गुप्ता, दीनानाथ एवं छात्र राकेश उर्फ जयप्रकाश त्रिपाठी शहीद हो गए थे, इसके अलावा सैकड़ों लोग गंभीर रूप से घायल भी हुए थे। शहीद छात्र परिवार ने शहीदों की याद में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी शहीद हुए छात्र राकेश तिवारी के परिवार के लोगों द्वारा सुबह से वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजा प्रारंभ कराया गया। जिसमें सुबह से दुर्गा सप्तशती पाठ हरि कीर्तन व सुंदर कांड पाठ किया गया। पं० ओमप्रकाश तिवारी के नेतृत्व में सुबह से ही समाजसेवी उत्तम मिश्रा, भाजपा नेता संतोष कुमार उर्फ बबलू, पूर्व छात्र संघ महामंत्री अनिकेत श्रीवास्तव, अंशु पटेल, क्षेत्रीय सभासद अवनीश पांडे, राकेश पासवान, राजेश पटेल, आदि ने राहगीरों समेत यात्रियों को ठंडा शरबत पिलाया गया इस मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा धर्मवीर तिवारी, अल्ट्राटेक हेड संदीप अवेरकर, एच०आर० हेड संजीव राजपूत, कमलेश चौबे, प्रवीण सिंह, अंजनी पटेल, अविनाश शुक्ला, बृजेश तिवारी(जूली), राजू तिवारी, राजू मिश्रा, सुभाष पाल, इंदू शर्मा, मुकेश जैन, मंगल जयसवाल, पवन शर्मा, चंद्रप्रकाश तिवारी, बलबीर, अध्यक्षा फूलवंती कुमारी, पं० शुभम तिवारी, रविंद्रदेव पांडे, समेत शहीद परिवार से ओमप्रकाश तिवारी, सपना, विजय कुमार, कलावती देवी, शकुंतला राय, सुखमानी देवी, जितना देवी, बैजन्ती देवी व प्रभावती आदि लोग मौजूद रहे।

# गाजीपुर जिले में पति ने पत्नी के प्रेमी की चाकू घोपकर की हत्या

अमन लेखनी समाचार

गाजीपुर जिले में दिलदारनगर थाना क्षेत्र के खजूरी गांव में रविवार को पति ने पत्नी के प्रेमी की चाकू घोपकर हत्या कर दी। वारदात को अंजाम देकर भाग रहे हत्यारोपी को ग्रामीणों ने पकड़ लिया और पीट-पीटकर घायल कर दिया। मृतक के चचेरे भाई ने तहरीर देकर हत्यारोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। फिलहाल पुलिस की देख-रेख में आरोपी का उपचार चल रहा है। खजूरी गांव निवासी जुनैद खां पत्नी और तीन बच्चों के साथ मुंबई के कोल्हापुरी में रहकर एक साल से वेल्डिंग का काम करता था। करीब दो माह पहले जुनैद अपने परिवार के साथ मुंबई से गांव खजूरी आया। पुलिस के मुताबिक एक जून की रात उसकी पत्नी के मोबाइल पर पड़ोसी अब्बास खां (20) का एक मैसेज आया, जिसे देख जुनैद आग बबूला हो गया। अब्बास का उसकी पत्नी से अवैध संबंध था। इसी शक को लेकर आरोपी पति ने अपनी पत्नी से कहासुनी करने के बाद सोने चला गया। इधर, सुबह करीब छह बजे पत्नी के प्रेमी अब्बास को बाइक से कहीं जाते हुए देखा तो आक्रोशित हो उठा। अब्बास को बाइक से गिराकर चाकू से शरीर पर ताबड़तोड़ वार किया। चाकू लगने से अब्बास खां लहूलुहान होकर अचेत हो गया। यह देख ग्रामीण व परिजन घटना स्थल के तरफ दौड़ पड़े। ग्रामीणों ने जुनैद को पकड़ मारपीटकर घायल कर दिया।

**अमन लेखनी (हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट- बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ- 226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

**सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह**

**समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह**

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. – 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews@gmail.com

सिटी स्पोर्ट्स

## राजधानी के हिमांशु ने जंप रोप में बनाया विश्व रिकार्ड



**रायपुर।** छत्तीसगढ जंप रोप एसोसियेशन में राजधानी के अंतर्राष्ट्रीय जंप रोप खिलाड़ी हिमांशु कश्यप ने दिल्ली के जोरावर सिंह का रिकार्ड जो आज से तीन वर्ष पूर्व बना था उसे तोड़ दिया है। जोरावर सिंह ने रोलर स्केटिंग पहनकर जंप करके यह रिकॉर्ड बनाये थे। उस समय दोनो पैर का काउंट करके 132 था जो उन्होंने 16 अक्टूबर 2018 को दर्ज किया था। इसके पूर्व यह रिकार्ड रायपुर के अंतर्राष्ट्रीय जंप रोप खिलाड़ी राजदीप सिंह हरगोत्रा के नाम था। जो उन्होंने अगस्त 2011में बनाया था। हिमांशु ने राजदीप के 12 साल पुराना रिकार्ड एवं जोरावर के 5 साल पुराना रिकार्ड को ध्वस्त किया। यह उपलब्धि हिमांशु ने 2023 में ही हासिल कर ली थी पर उसका प्रमाण गिनीज कार्यालय से अब प्राप्त हुआ है।

## राज्य शतरंज चयन स्पर्धा का आगाज 7 जून को

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ के



मार्गदर्शन व ऑल इंडिया चेस फेडरेशन के निर्देशन में पिथौरा में 7 जून से 10 जून तक सीनियर महिला-पुरुष का छत्तीसगढ़ राज्य फीडे रेटिंग शतरंज चयन स्पर्धा का आगाज होने जा रहा है। इस स्पर्धा में अब तक बस्तर, दुर्ग, बिलासपुर, रायपुर, सरगुजा, महासमुंद, राजनांदगांव, कोरबा, बलौदाबाजार, मुगेली, जशपुर,कवर्धा,बालोद,रायगढ़, दंतेवाड़ा और अंबागढ़ चौकी से 80 खिलाड़ियों ने पंजीयन करा लिया है। जांजगीर-चांपा ,बैकुंठपुर कोरिया,बलरामपुर व मनेंद्रगढ़ जिले से भी जिला इकाइयों ने जिला चयन स्पर्धा कराकर खिलाड़ी भेजने की जानकारी दी है। उक्त स्पर्धा में 100 से अधिक खिलाड़ी भाग लेंगे। स्पर्धा में भाग लेने की अंतिम तिथि 31 मई निर्धारित की गई थी। 3 जून रात्रि 9 बजे तक खिलाड़ी 250 रुपए विलम्ब शुल्क के साथ स्पर्धा के लिए अपनी प्रविष्टि ऑनलाइन जमा कर सकते है। स्पर्धा में हिस्सा लेने हेतु सभी खिलाड़ियों का राज्य व ऑल इंडिया चेस फेडरेशन का जीवित पंजीयन आवश्यक है। छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ के महासचिव विनोद राठी के कुशल निर्देशन में आयोजन समिति गठित कर ली गई है जिसमें अनीश अंसारी अंतर्राष्ट्रीय निर्णायक को चीफ आर्बिटर, टेक्निकल हेल्प हेतु,रॉकी देवांगन, आवास व्यवस्था संजय श्रीवास्तव, कमरा एलॉटमेंट लोकनाथ पटेल, पंजीयन कक्ष यशवंत चौधरी,कार्यक्रम संयोजक ईश्वर सिंह राजपूत,मंच संचालन बीजू पटनायक,अतिथि स्वागत डॉ डी एन साहू, एआइसीएफ व सीजीएससीए रजिस्ट्रेशन हेतु ओमप्रकाश को जिम्मेदारी सौंपी गई है। स्पर्धा में भाग लेने के इच्छुक खिलाड़ी राज्य सचिव हेमन्त खुटे से संपर्क कर सकते हैं। स्पर्धा में जिले के बाहर से आने वाले खिलाड़ियों के लिए अग्रसेन भवन में रुकने की निशुल्क व्यवस्था की गई है। हेमंत खुटे ने जानकारी देते हुए बताया पिथौरा अंचल में शतरंज का बेहतर माहौल व शतरंज के अच्छे खिलाड़ी तैयार करने के उद्देश्य से जिला शतरंज संघ द्वारा नाइट चेस क्लब का शुभारंभ खेल मैदान के सामने 7 से 10 जून के दरमियान किया जाएगा। जिसका उदघाटन शतरंज के राष्ट्रीय खिलाड़ी व शतरंज पहेली के स्तंभकार एम चंद्रशेखर करेंगे।

## बॉल बैडमिंटन प्रतियोगिता में एयू ने दर्ज की दूसरी जीत

**रायपुर।** अंतर विश्वविद्यालय पुरुष बॉल



बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन 31 मई से 3 जून तक जेप्पियार यूनिवर्सिटी चेन्नई तमिलनाडु में जारी है। अटल बिहारी बाजपेई यूनिवर्सिटी बिलासपुर के कोच सूरज नायक ने बताया कि विवि की टीम का दूसरा मुकाबला गोडवाना विश्वविद्यालय महाराष्ट्र के साथ हुआ। जिसमें एयू की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुऐ जीत दर्ज की। मैच का पहला सेट बिलासपुर विश्वविद्यालय ने 35- 26 से अपने नाम किया, फिर दूसरे सेट में गोडवाना विश्वविद्यालय को फिर 35- 20 से हराकर दूसरी जीत दर्ज की। इसके साथ एयू की टीम प्री क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर चुकी है। बिलासपुर यूनिवर्सिटी के खिलाड़ी राहुल यादव, गिरिश कश्यप, विष्णु यादव ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया।टीम के शानदार प्रदर्शन पर विश्वविद्यालय के कुलपति आचार्य ए.डी.एन बाजपायी, कुलसचिव शैलेंद्र दुबे, शारीरिक शिक्षा विभाग के संचालक डॉ. प्रमोद तिवारी ने शुभकामनाएं दी ।

डॉक्टर से जानिए इस समस्या के लक्षण और बचाव के तरीके

# गर्मी के कारण बढ़ रहे हैं ड्राई आइज के मामले, रहें सावधान और सतर्क

देशभर में तेजी से बढ़ती गर्मी ने सेहत के लिए कई सारी चुनौतियां खड़ी कर दी हैं। उच्च तापमान में अधिक समय तक रहने के कारण हीट स्ट्रोक का तो जोखिम रहता ही है साथ ही इसका शरीर के कई अंगों पर भी नकारात्मक असर देखा जा रहा है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, गर्मी और लू के कारण होने वाली समस्याओं से बचाव करते रहना जरूरी है। गंभीर स्थितियों में ये कई अंगों को गंभीर क्षति पहुंचा सकती है साथ ही इसके जानलेवा दुष्प्रभावों का भी खतरा रहता है।

प्रख्यात नेत्ररोग विशेषज्ञ डॉ. डीएम भावनानी बताते हैं, उच्च तापमान के कारण आंखों से संबंधित समस्याओं के बढ़ने का खतरा देखा जाता रहा है। अधिक गर्मी और शुष्क हवाएं आपकी आंखों के लिए नुकसानदायक हैं। अस्पतालों में इन दिनों आंखों में लालिमा, दर्द, जलन और एलर्जिक कंजंक्टिवाइटिस के मामले भी बढ़े हैं। इतना ही नहीं उच्च तापमान आंखों में सूखेपन यानी ड्राई आइज की समस्या को भी बढ़ाने वाली हो सकती है, जिसको लेकर सभी लोगों को विशेष सावधानी बरतते रहने की आवश्यकता है।



### बढ़ती गर्मी का आंखों पर असर

बढ़ती गर्मी आंखों के लिए कितनी खतरनाक है इस बारे में डॉ. भावनानी कहते हैं, गर्मियों में हीट स्ट्रोक और डिहाइड्रेशन की समस्या से बचाव करते रहना तो जरूरी है ही साथ ही आंखों की सेहत को लेकर भी सावधानी बरतनी चाहिए। गर्मियों के दौरान, न केवल त्वचा बल्कि आंखों को भी यूवी किरणों से बचाने की जरूरत होती है। थोड़ी सी असावधानी के कारण आंखें में लालिमा, खुजली, जलन जैसी दिक्कतें हो सकती हैं। गर्मियों में ड्राई आइज सिंड्रोम के मामले भी अधिक देखे जाते रहे हैं।

### ड्राई आई सिंड्रोम का जोखिम

डॉ. भावनानी बताते हैं, बहुत ज्यादा गर्मी और सर्दी दोनों ही आंखों के लिए नुकसानदायक है। ये आंखों में सूखेपन के खतरे को बढ़ा देती है। ड्राई आई की समस्या तब होती है जब आपकी आंखें नम रहने के लिए पर्याप्त आंसू का उत्पादन नहीं कर पाती है। इन स्थितियों में आपकी आंखें असहज महसूस करती हैं और कुछ मामलों में यह दृष्टि संबंधी समस्याएं भी पैदा कर सकती हैं। अगर समय रहते इस समस्या का उचित इलाज न किया जाए तो इसके कारण धुंधला दिखाई देने और आंखों की रोशनी कम होने का भी खतरा हो सकता है।



### कैसे करें ड्राई आइज की समस्या की पहचान?

ड्राई आइज के कारण आंखों में कई तरह की दिक्कतें होने लगती हैं। गर्मियों में धूप के कारण आपकी आंखों में चुभन, जलन या खुजली होने लगती है, इसके अलावा कुछ लोगों को प्रकाश के प्रति संवेदनशीलता का भी खतरा हो सकता है। इसके अलावा कुछ अन्य लक्षणों पर गंभीरता से ध्यान देते रहना और समय पर इसका उपचार प्राप्त करना आवश्यक



माना जाता है। आंखों का लाल रहना।आंखों में कुछ होने का एहसास।रात में गाड़ी चलाने में कठिनाई।आंखों से अक्सर पानी आना, आंखों में जलन बने रहना। धुंधला दिखाई देना या आंखों में अक्सर थकावट का एहसास होते रहना।

### ड्राई आइज की समस्या से कैसे बचें?

नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. भावनानी बताते हैं, गर्मी के कारण निर्जलीकरण होने का जोखिम रहता है जिससे आंसू का उत्पादन भी कम हो जाता है। इस तरह के जोखिमों से बचे रहने के लिए सुनिश्चित करें कि आप पूरे दिन खूब पानी पीते रहें। इसके अलावा एयर कंडीशनर के सीधे संपर्क में रहने से भी बचना जरूरी है। ये आपकी आंखों को सूखा बना सकती है। आहार को ठीक रखना, ओमेगा-3 फैटी एसिड, विटामिन्स से भरपूर चीजों का अधिक सेवन करना भी आंखों को स्वस्थ रखने और गर्मी के कारण होने वाले दुष्प्रभावों से बचाने में मददगार है।




## जून में छुट्टियां और लॉन्ग वीकेंड जानकर बनाएं घूमने का प्लान

गर्मी का महीना है। इस महीने को छुट्टियों का महीना कहना गलत नहीं होगा। स्कूल-कॉलेज जून में बंद होते हैं, इस कारण बच्चों को गर्मियों की छुट्टियां मनाने का मौका मिल जाता है। हालांकि लगभग दो महीने की गर्मियों की छुट्टियों में बच्चे घर पर बोरियत महसूस करने लगते हैं। पहले के दौर में तो बच्चे गर्मियों की छुट्टियों में नानी-दादी के घर जाया करते थे, लेकिन अब वह फैमिली ट्रिप पर जाने की जिद करते हैं।

माता पिता भी इस गर्मी और उमस में किसी ठंडी और शांत जगह पर परिवार के साथ कुछ यादगार और मनोरंजक पल बिताने के लिए हिल स्टेशनों की सैर करना पसंद करते हैं। हालांकि बच्चों की तरह नौकरीपेशा अभिभावकों के दफ्तर में गर्मियों की छुट्टियां नहीं मिलती, उन्हें तो अवकाश या किसी पर्व व त्योहार की छुट्टी का ही इंतजार करना होता है। जून के महीने में कब छुट्टी मिल रही है और इस माह कितने लॉन्ग वीकेंड हैं, ये जानकर आप भी बच्चों और पार्टनर के साथ घूमने की योजना बना सकते हैं।

### जून में कितनी छुट्टियां

इस महीने बहुत अधिक छुट्टियां नहीं हैं। त्योहार के नाम पर तो जून में बड़ा मंगल का पर्व मनाया जाता है। हालांकि इस पर्व की छुट्टी नहीं मिलती। जून के महीने में सिर्फ एक ही दिन का अवकाश मिल रहा है। 17 जून, दिन सोमवार को बकरीद की छुट्टी है। इस मौके पर ट्रिप पर जा सकते हैं। खास बात ये है कि बकरीद में दो से तीन दिन की छुट्टी घूमने के लिए मिल रही है।



### जून में लॉन्ग वीकेंड

जून में घूमने के लिए बकरीद से पहले वीकेंड मिल रहा है। 15 जून से लॉन्ग वीकेंड का लुत्फ उठा सकते हैं। 15 और 16 जून को शनिवार व रविवार की छुट्टी है, वहीं अगले दिन बकरीद की छुट्टी मिल जाएगी। ऐसे में तीन दिन के अवकाश पर आप किसी खूबसूरत और कम तापमान वाली जगह पर घूमने जा सकते हैं। इसके अलावा जून में दो दिन के वीकेंड ट्रिप पर 1 और 2 जून को, 8 और 9 जून को, 22 और 23 जून को एवं 29-30 जून को जा सकते हैं। दो दिन में पास के किसी हिल स्टेशन पर आसानी से और कम पैसों में घूम कर आया जा सकता है।

### जून में घूमने के लिए बेस्ट जगहें

घूमने के लिए बहुत अधिक छुट्टियां नहीं हैं तो हिमाचल प्रदेश के हिल स्टेशनों की सैर पर जा सकते हैं। इन दिनों लगभग 40 डिग्री से अधिक तापमान है, ऐसे में हिमाचल प्रदेश के कई हिल स्टेशनों पर मौसम ठंडा हो सकता है। आप कसोल, कुफरी, मनाली, लैंसडाउन और धर्मशाला घूमने जा सकते हैं। यहां अद्भुत प्राकृतिक नजारों के बीच एडवेंचर एक्टिविटीज का लुत्फ उठा सकते हैं या शांत माहौल में खुशनुमा वक्त बिता सकते हैं।

### कश्मीर की वादियों के बीच मनाएं छुट्टियां

जम्मू कश्मीर को धरती का स्वर्ग कहा जाता है। कश्मीर का लगभग हर शहर अपने आप में पर्यटन स्थल हैं। श्रीनगर से गुलमर्ग और पहलगाम से सोनमर्ग तक घूमने जा सकते हैं। यहां की हरियाली, खूबसूरत वादियां, झीलें और सुंदर प्राकृतिक दृश्य जितने मनमोहक हैं, उतना ही यहां का तापमान गर्मियों में सुकून दिलाने वाला है।



## गर्मियों में दूध से तैयार करें झटपट रेसीपीज, स्वाद के साथ ठंडक भी



दूध को सेहत के लिए काफी फायदेमंद माना जाता है। ये कहावत सच भी हैं कि दूध पीने से ताकत आती है। डाक्टर्स भी अधिकतर मामलों में दूध पीने की सलाह देते हैं। दूध के महत्व से सभी को जागरूक करने और डेयरी क्षेत्र से जुड़ी गतिविधियों पर ध्यान आकर्षित करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 1 जून को विश्व दुग्ध दिवस मनाया जाता है।

गर्मियों का मौसम है। इस मौसम में खुद को तरोताजा और ताकतवर बनाए रखने के लिए दूध की कुछ रेसिपी बनाकर उनका सेवन किया जा सकता है। इससे शरीर को दूध के जरिए मिलने वाला पोषण, स्वाद और गर्मी में ठंडक का अहसास हो सकता। इस लेख में गर्मियों में दूध से तैयार होने वाले खाद्य पदार्थों के बारे में बताया जा रहा है।

**मिल्क शेकः** बच्चों को दूध भले ही पसंद न हो, लेकिन गर्मियों में शेक जरूर पसंद आ सकता है। आप मिल्क शेक, मैंगो शेक, बनाना शेक या बच्चे के पसंदीदा फ्लेवर का शेक बना सकते हैं। मिल्क शेक बनाने के लिए कोई भी फल या चॉकलेट पाउडर, थोड़ी चीनी, ठंडा दूध, और आइस क्यूब की जरूरत होती है। इन सभी को अच्छे से मिक्स करके शेक बनाया जा सकता है। ऊपर से चेरी, ड्राई फ्रूट्स या आइसक्रीम से गार्निश कर सकते हैं।

**कोल्ड कॉफीः** किसी रेस्तरां में कोल्ड कॉफी पर आप पैसे खर्च कर देते हैं। बाजार जैसी कोल्ड कॉफी घर पर ही बनाकर पीएं। इसमें दूध, चीनी, कॉफी और चॉकलेट पाउडर का इस्तेमाल करें। आइस क्यूब मिलाकर मिक्सर में अच्छे से शेक कर सकते हैं। इससे झागदार कोल्ड कॉफी बनकर तैयार हो जाएगी।

**ठंडाईः** गर्मियों में ठंडी-ठंडी ठंडाई मिल जाए तो मजा ही आ जाए। ठंडाई की सामग्री आपको आसानी से बाजार में मिल जाएगी। आपको बस इस सामग्री को दूध में मिलाकर, चीनी और रोज सिरप मिलाकर ठंडाई बना सकते हैं।

**दूध का शरबतः** तरबूज के बीज निकालकर उसे पीस लें। अब तरबूज के जूस को दूध में मिलाएं। चीनी और थोड़ा सा रुआवजा मिलाकर दूध और तरबूज वाला मुहब्बत का शरबत बना सकते हैं।

## शादी के बाद पहली बार रख रही हैं वट सावित्री व्रत तो ऐसे हों तैयार



हिंदू धर्म में ज्येष्ठ माह का काफी महत्व है। दरअसल, इस महीने में कई ऐसे त्योहार आते हैं, जो लोगों की जिंदगी में ढेरों खुशियां लाते हैं। इसी क्रम में हर साल ज्येष्ठ माह की अमावस्या तिथि के दिन महिलाएं वट सावित्री व्रत रखती हैं। ये व्रत सुहागिन महिलाओं के लिए काफी अहम होता है। वट सावित्री का व्रत महिलाएं अपने पति की लंबी उम्र के लिए रखती हैं। इस साल ये तिथि 6 जून को पड़ रही है। ऐसे में महिलाओं ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है।

अगर शादी के बाद आप पहली बार वट सावित्री व्रत रख रही हैं तो ये लेख आपके लिए है। आज के इस लेख में हम आपको पहले व्रत के लिए तैयार होने के टिप्स बताने जा रहे हैं, ताकि आप इस खास दिन को और खास बना सकें। अगर आप स्पेशल तरीके से तैयार होकर अपने पति के सामने जाएंगी, तो वो आपकी नजर उतारने से खुद को रोक नहीं पाएंगे।

**पहनें शादी का लहंगा :** शादी के दिन की यादों को ताजा करने के लिए अपने पहले वट सावित्री व्रत में अपनी शादी का ही लहंगा पहनें। इससे आप दोनों के बीच करीबी और ज्यादा बढ़ेगी। जब आपके पति आपको शादी के जोड़े में देखेंगे तो वो उनकी नजरें आप पर से हटेंगी नहीं।

**शादी की ज्वेलरी दिखेगी खासः** अपनी शादी में फेरों के वक्त आपने जो ज्वेलरी पहनी थी, उसे ही शादी के लहंगे के साथ पहनें। उसमें आपका लुक निखर कर सामने आएगा। शादी की हर एक चीज के साथ काफी अलग और खास कनेक्शन होता है, ऐसे में शादी के लहंगे के साथ ज्वेलरी भी वही पहनें।

**करें 16 श्रृंगारः** ये व्रत सुहागिनों का होता है। ऐसे में इस दिन तैयार होते वक्त पूरे 16 श्रृंगार करके ही अपने पति के सामने जाएं।

कार्नर न्यूज

हमारे जीवन का सबसे पहला और जरूरी हिस्सा होते हैं माता-पिता

# बेटा हो या बेटी, अभिभावक के लिए हर बच्चे का होता है कर्तव्य

किसी भी परिवार की नींव माता पिता पर निर्भर होती है। अभिभावक प्रेम, समर्पण, त्याग और करुणा का प्रतीक होते हैं। आप भी माता पिता के लिए खास दिन मनाना चाहते हैं तो बतौर बच्चे अपने कर्तव्यों के बारे में जान लें। आप चाहे बेटा हों या बेटी, माता पिता के लिए आपके कुछ कर्तव्य और जिम्मेदारी हैं, जिन्हें आपको पूरा करना चाहिए।

### सम्मान करें

सबसे बड़ा कर्तव्य तो है कि बच्चों के मन में माता पिता के लिए सम्मान की कमी नहीं होनी चाहिए। हर अभिभावक ये उम्मीद करता है कि उनका कितना भी बड़ा क्यों न हो जाए, लेकिन उसकी नजरों में माता पिता के लिए आदर हो। आपको वो आदर बनाकर रखना चाहिए, ताकि अभिभावक आत्मसंतुष्ट रहें।



### सहयोग करें

बच्चे के जन्म के बाद माता पिता उसकी हर जरूरत और इच्छा को बिना कहे जानकर उसे पूरा करते हैं। अबोध बालक के रोने मात्र से मां समझ जाती है कि बच्चा भूखा है या उसे कुछ परेशान कर रहा है। वहीं माता-पिता जब बूढ़े होते हैं और शारीरिक तौर पर कमजोर होते हैं तो उनकी निर्भरता बच्चों पर बढ़ जाती है। ऐसे वक्त पर माता पिता का सहयोग करना, उनकी मदद करना हर बच्चे का कर्तव्य है। यह सहयोग शारीरिक तौर पर भी हो सकता है और आर्थिक तौर पर भी। माता पिता का सहारा बनना आपका कर्तव्य है।



### स्वास्थ्य का ख्याल

अभिभावक अपनी सेहत से पहले बच्चे की चिंता करते हैं। नवजात शिशु जब देर रात तक सोता नहीं, तो अपनी नींद खोकर माता पिता उसके साथ जगते हैं। उनकी नींद पूरी नहीं होती, थकान और तबियत खराब होने लगती है। हालांकि वह अपने स्वास्थ्य की चिंता किए बिना बच्चे की सेहत का ध्यान देते हैं। बच्चा जब समझदार होने लगे तभी से उसे अपनी मां की थकान और पिता के पैर दर्द को समझकर उनको आराम देना चाहिए। उनके स्वास्थ्य की देखभाल की जिम्मेदारी बच्चों की ही होती है।

### जरूरतों को समझें

माता-पिता हाथ पैर चलने तक आपकी हर जरूरत का ख्याल रखते हैं। आपकी पसंद का खाना बनाने से लेकर, खिलौने और अच्छे स्कूल में पढ़ाने तक, पहला मोबाइल फोन दिलाने से आपके कपड़ों को व्यवस्थित करने तक हर जरूरत माता पिता पूरी करते हैं।